
सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.07.2023
* नगर संस्करण I पेज : 16 + 4

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | श्रावण, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 11 I अंक : 02

15 अक्षय कुमार की ओएमजी-2 का टीजर रिलीज



"Facts mean truth, and once we adhere to truth, the law comes to our aid naturally."

**Mahatma Gandhi**
"The Story of my Experiments with Truth"(1929)

Lead
Aspire
Win

# BA - LL B (Hons)
# B Com - LL B (Hons)
# BBA - LL B (Hons)

5 Year Integrated Course

**Recognised by Bar Council of India**

SARALA BIRLA UNIVERSITY

ADMISSIONS OPEN 2023-24

Supported by :

BAR COUNCIL OF INDIA | ADITYA BIRLA GROUP | B K BIRLA GROUP OF COMPANIES


## SARALA BIRLA UNIVERSITY, RANCHI

Birla Knowledge City, Mahilong, Ranchi - 835103 (Jharkhand)

Toll Free No. : 1800 890 6077 | admission@sburanchi.ac.in | www.sbu.ac.in

## खबर एक नजर में

### भाप्रसे के प्रशिक्षु अधिकारी राज्यपाल से मिले



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे राष्ट्रहित में सदैव कुशलतापूर्वक दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहें।

### अमित शाह से मिले बाबूलाल, चुनावी चर्चा की



**रांची।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में पार्टी की तैयारियों को लेकर भी बातचीत हुई। 2019 के चुनाव में हारी हुई 2 लोकसभा सीट राजमहल और सिंहभूम की जिला कमेटी के कामकाज और वहां चल रहे पार्टी के कार्यक्रमों पर भी बातचीत हुई। प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद मरांडी की शाह से ये पहली मुलाकात थी। इससे पहले सोमवार को भी मरांडी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थितियों और चुनाव की तैयारी की रिपोर्ट दी थी। इसके बाद श्री मरांडी ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से भी शिष्टाचार भेंट की।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले सीसीएल सीएमडी



**रांची।** सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि भी होगी। डॉ बी वीरा रेड्डी ने राज्य सरकार द्वारा इस कार्य के लिए सहयोग किये जाने का विश्वास जताया।

### बीआइटी मेसरा के कुलपति मिले सीएम से

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सीएम से मिला अल्पसंख्यक समुदाय का दल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अल्पसंख्यक समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के समस्याओं से अवगत कराया एवं इन समस्याओं के निराकरण के लिये उनसे अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में मुस्ताक आलम, शमशेर आलम, मोख्तार अहमद, डॉ तारिक हुसैन, एस अली एवं हाजी फिरोज मौजूद थे।

## राज्य सरकार ने पूरक शपथ पत्र दायर कर हाईकोर्ट को दी जानकारी

# चिटफंड और नन बैंकिंग कंपनी से जब्त पैसे निवेशकों को लौटाये जायेंगे, बनायी गयी छह सदस्यीय कमेटी

**कमिटी चिटफंड एवं नन बैंकिंग कंपनियों से जब्त पैसों को किस प्रकार निवेशकों को वापस किया जाए, इस पर विचार करेगी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई और राज्य सरकार ने पूरक शपथ पत्र दाखिल किया। शपथ पत्र में राज्य सरकार ने बताया है कि वैसे निवेशकों, जिनके पैसे चिटफंड कंपनियों एवं नन बैंकिंग कंपनियों द्वारा गबन कर लिये गए हैं उनके पैसों की वापसी को लेकर सीआईडी के आईजी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमिटी चिटफंड एवं नन बैंकिंग कंपनियों से जब्त पैसों को किस प्रकार निवेशकों को वापस किया जाए, इस पर विचार करेगी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कमेटी को सीबीआई द्वारा चिटफंड से संबंधित सभी केस की विस्तृत जानकारी, इन केस की वर्तमान स्थिति एवं गबन के शिकार निवेशकों की सूची आदि उपलब्ध करायी जाएगी। सीबीआई से इन सारी जानकारियों को इकट्ठा करने का भी दायित्व सीआईडी को दिया गया है।

बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को चिटफंड कंपनी द्वारा निवेशकों के डूबे पैसा का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक प्रपोजल बनाने को कहा था। वहीं कोर्ट ने सीबीआई से भी पूछा था कि चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गई और भुक्तभोगी लोगों को पैसा वापसी के लिए क्या रास्ता हो सकता है।

पिछली सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपए की संपत्ति एवं पैसे सीज किए हैं। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे गए हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाया जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया गया है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाए।

### नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में बहस पूरी


**रांची।** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में पीड़िता की ओर से बहस मंगलवार को पूरी हो गई। जिसके बाद प्रार्थी की ओर से पीड़िता की ओर से उठाए गए कुछ बिंदुओं पर जवाब के लिए समय की मांग की गई है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि बुधवार निर्धारित की है।

### परिवहन सचिव को आज हाईकोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** परिवहन विभाग द्वारा इंटर स्टेट बस परमिट से संबंधित आवेदन एक साल से अधिक समय तक लंबित रखने के एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को कड़ी नाराजगी जताई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में आज बुधवार को परिवहन सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। दरअसल परिवहन विभाग ने 2022 में इंटर स्टेट बस परमिट एलॉट करने के लिए जनरल नोटिफिकेशन निकाला था। इसमें बसों के लिए नया परमिट देने एवं रिनुअल करने का भी प्रावधान रखा गया था। प्रार्थी मोहम्मद कलीम की ओर से इंटरस्टेट बस परमिट के लिए ट्रांसपोर्ट सचिव के पास आवेदन दिया गया था, लेकिन उनके आवेदन को लंबित रखा गया। जिसके बाद प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने पूर्व में मामले को लेकर हुई सुनवाई के दौरान परिवहन सचिव को प्रार्थी के आवेदन पर 3 सप्ताह में निर्णय लेने को कहा था।

# केंद्र सरकार सहयोग करे तो झारखंड मछली का कर सकता है रिकॉर्ड उत्पादन : कृषि सचिव

**कृषि सचिव ने केंद्र सरकार से हजारीबाग और दुमका में एक्वा पार्क निर्माण के लिए सहयोग की मांग की**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** तमिलनाडु के महाबलीपुरम में नेशनल फिश फार्मर्स डे पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने मत्स्य उत्पादन एवं संभावनाओं के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के समक्ष जानकारी दी। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने झारखंड में मत्स्य क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुये कहा कि राज्य में माइनिंग पिट में केज कल्चर की योजना दो साल से नवाचार के रूप में शुरू की गई है। जिसके सकारात्मक नतीजे आये हैं। राज्य में केज कल्चर को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में झारखंड राज्य के अंदर 7500 से ज्यादा केज लगाये गये हैं। 2023-24 के लिए 5200 केज का प्रस्ताव केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि जिस वक्त झारखंड बिहार से अलग होकर नया राज्य बना, उस वक्त राज्य में 14 हजार मिट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ करता था लेकिन आज राज्य में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में 20 गुना वृद्धि 2 लाख 80 हजार मिट्रिक टन का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। अगले दो साल में 3 लाख 70 हजार मिट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से हजारीबाग और दुमका में एक्वा पार्क निर्माण के लिए सहयोग की मांग की। मॉडर्न हेचरी, ब्रुड बैंक योजना की स्वीकृत एवं तकनीकी सहयोग दिया जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में एक फिश एक्वेरियम हाउस के निर्माण की जरूरत है, जिसमें केंद्र सरकार का सहयोग अपेक्षित है।

अबू बकर सिद्दीकी ने पांडुचेरी में हाइजेनिक फिश मार्केट का भ्रमण किया। श्री सिद्दीकी ने कहा कि यहां का फिश मार्केट काफी हाइजेनिक है। यहां के मॉडल को अगर झारखंड में लागू किया जाये तो मत्स्य किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। सचिव के साथ मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी और मत्स्य उपनिदेशक अमरेंद्र कुमार भी मौजूद थे।

### सीबीआई ने हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दायर की

## जज उत्तम आनंद मौत मामले में अमेरिका से नहीं आयी है व्हाट्सएप चैट की रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित जज उत्तम आनंद की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया। बताया गया कि अभियुक्तों के व्हाट्सएप चैट की रिपोर्ट अमेरिका की जांच एजेंसी से प्राप्त नहीं हो सकी है। कोर्ट में मामले की सुनवाई 19 सितंबर को निर्धारित की है। कोर्ट को बताया कि अभियुक्तों के व्हाट्सएप चैट की रिपोर्ट लेने के लिए गृह मंत्रालय ने अमेरिका की जांच एजेंसी से संपर्क किया है। एफबीआई से व्हाट्सएप चैट की रिपोर्ट अमेरिकी सरकार से अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है।

दरअसल पूर्व में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि मामले में वृहत षड्यंत्र को देखते हुए व्हाट्सएप चैट हासिल करने के लिए इंटरपोल से मदद लेने को लेकर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय से अनुमति मांगी गई थी। सीबीआई की ओर से यह भी बताया गया था कि व्हाट्सएप का मुख्यालय यूएसए में है जहां से व्हाट्सएप चैट लाने के लिए इंटरपोल की मदद ली जाएगी। बता दें कि पूर्व में सीबीआई ने कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दायर कर बताया था कि मामले के दो अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा दी गई है। धनबाद सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 अगस्त 2022 को दोषी राहुल वर्मा और लखन वर्मा को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया था।

## अपने गुनाहों को छिपाने के लिए ईडी के गवाह पर लगाया सीसीए : प्रदीप सिन्हा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह जयप्रकाश यादव को झूठे केस फंसाने व सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहा किए जाने का आरोप भाजपा ने लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सच छिपाने के लिए बेगुनाहों को झूठे केस में फंसाने का कार्य कर रही है। असंवैधानिक तरीके से लोगों को धमकाने का कार्य कर रही है। सरकार अप्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार के केस में बने गवाहों को धमकी दे रही है। राज्य सरकार सच सामने नहीं आने देना चाहती है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अवैध खनन मामले में साहिबगंज के जयप्रकाश यादव उर्फ मुंगेरी यादव को झूठे केस में फंसाकर सीसीए एक्ट लगाया गया और बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार रिहा किया गया, यह दर्शाता है कि राज्य सरकार नैतिकता खो चुकी हैण। ईडी के गवाह को इसलिए दबाया जा रहा है ताकि सरकार की भ्रष्टाचार उजागर ना हो सके। भ्रष्ट लोगों को सरकार बचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अपरोक्ष रूप से यह सरकार भ्रष्ट लोगों के लिए भ्रष्ट लोगों के द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज का मामला तो मात्र एक उदाहरण है। प्रदेश में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें सरकार का कोपभाजन बनना पड़ा है।

### झारखंड में अब तक 41 फीसदी कम हुई है बारिश

**रांची।** झारखंड में एक जून 2023 से 10 जुलाई 2023 तक कुल 167.5 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य वर्षापात 285.6 मिमी है यानी झारखंड में अब तक 41 प्रतिशत कम बारिश हुई है। बारिश नहीं होने से किसान धान का बिचड़ा तक नहीं लगा पा रहे हैं। हालांकि, वैसे किसान जहां सिंचाई की सुविधा है, वहीं बिचड़ा लगाने का काम शुरू किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 14 जुलाई तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं मेघ गर्जन और वज्रपात होने की भी आशंका है। मौसम केंद्र ने मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। रांची में 14 जुलाई तक आकाश में बादल छाये रहने के आसार हैं। इस दौरान रुक-रुक कर बारिश हो सकती है।

**कुणाल षाडंगी ने कहा- वोट बैंक की राजनीति के कारण बहुसंख्यक आबादी निशाने पर**

# झारखंड में शिक्षा और आस्था पर तुष्टिकरण की नीति हावी: भाजपा

**धनबाद के स्कूल में छात्रा के बिंदी लगाकर आने पर प्रताड़ित करने के मामले में राज्य सरकार को अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिये**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने कहा है कि झारखंड में शिक्षा व आस्था पर तुष्टिकरण हावी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि धनबाद के स्कूल में छात्रा के बिंदी लगाकर आने पर प्रताड़ित करने के मामले में राज्य सरकार को अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिये। उन्होंने तीव्र निंदा करते हुये सरकार की इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े किये है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुसंख्यक आबादी पर लक्षित हमले हो रहे हैं। सूबे में शिक्षा एवं धार्मिक आस्था पर यूपीए सरकार की तुष्टिकरण नीति हावी है। उन्होंने कहा कि बोकारो के इस्कॉन टेंपल में आगजनी के वारदात में मंदीर प्रबंधन ने साफ तौर पर कांग्रेसी नेताओं को दोषी बताया है। दो दिन पूर्व जमशेदपुर के एक गैर मान्यता प्राप्त स्कूल में हिंदू छात्रा को क्लास की ही अन्य छात्रा को प्रतिबंधित मांस खिलाने का मामला प्रकाश में आया था। अब धनबाद के एक स्कूल में बिंदी लगाकर आने पर छात्रा को शिक्षिका द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। प्रताड़ना से आहत छात्रा ने आत्महत्या कर लिया है। यह अत्यंत दुःखद और निंदनीय घटना है। इन वारदातों के पीछे सरकार की तुष्टिकरण नीति साफ झलक रही है।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम: पीएम ने शिक्षिका का किया सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत नेतरहाट आवासीय विद्यालय की शिक्षिका स्मृति सिंह को पत्र लिखकर बधाई दी है। पीएम ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतगर्त आपके व आप जैसे शिक्षक साथियों से मिले विचारों को जानकर प्रसन्नता हुई। इसके लिए स्मृति सिंह को पीएम ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और विद्यार्थियों के विकास पर आपके विचार महत्वपूर्ण हैं।

पीएम ने कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक उस प्रकाशपुंज के सामान होते हैं, जो उन्हें सपने देखना और उन सपनों को संकल्प में बदलकर उन्हें सिद्व करना सिखाते हैं। शिक्षक द्वारा सकारात्मकता और आत्मविश्वास का जो भाव छात्रों के व्यक्तित्व में निरूपित किया जाता है, वह जीवनभर उनका मार्गदर्शन करता है। स्मृति को मिले पत्र पर उनके पिता संजय सिंह व परिवार गौरवान्वित है।

# राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किये जाने के मामले में कांग्रेस पार्टी का मौन सत्याग्रह आज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी बुधवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में आयोजित मौन सत्याग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, कुमार जयमंगल सिंह, अम्बा प्रसाद, पार्टी महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा समेत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष समेत कई अन्य भी शामिल हुए।

बैठक में राजेश ठाकुर ने सभी कांग्रेस जनों से एक-एक कर कार्यक्रम की सफलता को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मौन सत्याग्रह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से भाजपा के तानाशाही केन्द्र सरकार को जवाब देना है कि हमारे नेता राहुल गांधी की आवाज को वे दबा नहीं सकते। केन्द्र सरकार चाहे राहुल गांधी को रोकने के लिए जितना भी दम लगा ले, भाजपा के लिए वो अकेले काफी हैं। राहुल गांधी की आवाज को सुनते ही भाजपा नेताओं में डर-सा पैदा हो जाता है क्योंकि वे गरीबों, बेरोजगार युवाओं, आम जनता से जुड़े हुए मुद्दों को देश की जनता के सामने लाते हैं। इससे मोदी की केन्द्र सरकार एवं भाजपा के नेता घबरा जाते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे विश्व ने यह देखा है कि कैसे राहुल गांधी ने विभिन्न मंचों पर लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अडानी के संबंधों को उजागर करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बेटियों के साथ अन्याय के खिलाफ सवाल उठाया है। राहुल के साहसी प्रयास ने प्रधानमंत्री और भाजपा को कुटिल कदम उठाने को मजबूर कर दिया। इसके परिणामस्वरूप उन्हें दोषी ठहराया गया और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुजरात हाईकोर्ट द्वारा राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर अहंकारी मोदी सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मोरहाबादी में सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक एक दिवसीय मौन सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वर्चुअल बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने मौन सत्याग्रह कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की।

वर्चुअल बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह, अजय दूबे, मणिशंकर, सुल्तान अहमद, भीम कुमार, विनय सिन्हा दीपू, विजय सिंह, मदन महतो, प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, गजेन्द्र सिंह-स्टेट कोऑर्डिनेटर सोशल मीडिया, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, सदस्य अभिलाष साहु, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, रांची जिलाध्यक्ष डॉक्टर राकेश किरण महतो, अजहर पप्पू सभी जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष उपस्थित थे।

## झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने सीएम हेमंत सोरेन से किया सवाल, यूसीसी पर आखिर क्यों चुप हैं आप!



**लोबिन हेंब्रम ने निकाली भड़ास, कहा**

### धरती आबा के वंशजों के नाम एक धुर भी जमीन नहीं होना दुखद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए केन्द्र की समान नागरिक संहिता पर चुप्पी तोड़ने को कहा है। धुर्वा स्थित अपने सरकारी आवास पर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि यूसीसी आदिवासियों के रीति-रिवाज और संस्कृति के खिलाफ है, ऐसे में एक आदिवासी राज्य के मुख्यमंत्री का इस तरह से चुप रहना उचित नहीं है।

**झामुमो में रहकर करते रहेंगे विरोध :** झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम अपनी ही सरकार के खिलाफ बगावती तेवर में दिख रहे हैं। पिछले दिनों झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित कमेटी की बैठक से लोबिन हेम्ब्रम दूर रहे। जब लोबिन हेम्ब्रम से यह पूछा गया कि बैठक में आप क्यों नहीं आए तो उनका जवाब साफ था कि झामुमो की बैठक में हम क्यों जायें जब हमारी बात नहीं मानी जाती। हम एसपीटी, सीएनटी और स्थानीयता का मुद्दा उठाते हैं तो हमें बागी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हम चुप नहीं रहेंगे।

लोबिन हेम्ब्रम ने यूसीसी को लेकर बाबूलाल मरांडी की भी आलोचना करते हुए कहा कि दोनों नेताओं की चुप्पी से यह प्रमाणित हो रहा है कि ये आदिवासी विरोधी हैं जिसका खामियाजा इन्हें भुगतना पड़ेगा। मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक के मुंह पर पेशाब किए जाने की घटना पर नाराजगी जताते हुए लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि इसपर भी मुख्यमंत्री चुप्पी साधे रहे। ऐसे में आदिवासी बहुल राज्य झारखंड के मुख्यमंत्री का इस तरह चुप्पी साधे रहना गलत मैसेज दे रहा है। आखिर मुख्यमंत्री क्यों चुप हैं यह समझ में नहीं आ रहा है।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.07.2023
नगर संस्करण

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | श्रावण, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 02

15 अक्षय कुमार की ओएमजी-2 का टीजर रिलीज

# बिंदी लगा कर आयी छात्रा को टीचर ने मारा थप्पड़, कर ली खुदकुशी

## सेंट जेवियर स्कूल तेतुलमारी की 10वीं की छात्रा प्रताड़ना से आहत थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तेतुलमारी।** बिंदी लगा कर स्कूल पहुंची एक छात्रा को शिक्षिका ने एतराज जताते हुए थप्पड़ जड़ दिया। उसने टीचर के थप्पड़ से आहत होकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने स्कूल के प्रिंसिपल और टीचर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तेतुलमारी थाना अंतर्गत धनबाद सेंत जेवियर स्कूल तेतुलमारी विद्यार्थियों को मेंटली टॉर्चर करने के मामले में सुर्खियों में रहा है। सोमवार को 10वीं कक्षा की छात्रा उषा एक छोटी बिंदी लगाकर असेंबली में उपस्थित हुई।

माथे पर बिंदी देख शिक्षिका भड़क उठी और असेंबली में ही दो झापड़ मारते हुए स्कूल कैंपस से निकाल दिया। बाद में छात्रा अपनी मां के साथ प्रधानाचार्य से शिकायत करने स्कूल पहुंची। परिजनों ने बताया प्रधानाचार्य शिकायत सुनने के बजाय स्कूल से टीसी देते हुए स्कूल से निकले जाने की बात कही। परिजनों ने बताया 6 महीने बाद मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा थी। छात्रा अपने भविष्य को अंधकारमय और भरी असेंबली में बेइज्जती सहन न कर पायी और आत्महत्या कर ली।



वह तेतुलमारी के हनुमानगढ़ी कॉलोनी की रहने वाली थी। छात्रा ने एक सुसाइड नोट लिख घर में दुपट्टे के फंदे से झूल कर जान दे दी। खबर फैलते ही आसपास के लोग छात्रा के शव के साथ स्कूल पहुंच कर जमकर हंगामा किये। स्कूल के सामने धरने पर बैठ गये। ग्रामीणों ने सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया।

परिजन स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजनों की लिखित शिकायत पर तेतुलमारी थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। मौके पर पुलिस बल तैनात थी, परिजन अपनी मांग पर डंटे रहे। शिक्षिका और प्रिंसिपल की गिरफ्तारी और बच्ची को न्याय की गुहार लगायी। इस बच्ची के सर से पिता का साया पहले ही उठ चुका था। उसकी मां तीन बेटियों को पढ़ा लिखा रही थी। गरीबी में भी पेट काट कर अच्छी शिक्षा दे रही थी। अब देखना है कि उसे इंसाफ मिलता है या नहीं।

## न्यूज डायरी

### कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश, आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गयी और इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### सीएम से मिले सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। सीएम से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य प्राप्ति को मार्गदर्शन का आग्रह किया।

### गृह मंत्री अमित शाह से मिले बाबूलाल मरांडी

**रांची।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से नयी दिल्ली में मंगलवार को भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुलाकात की। उन्होंने शाह से राज्य के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

### गोबिंदपुर : सड़क हादसे में भाजपा नेता की मौत

**धनबाद।** जिला भाजपा के ग्यारकुंड युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशिकांत दुबे की मंगलवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वे बाइक से सहयोगी बिपिन उपाध्याय के साथ धनबाद से घर जा रहे थे।

### अमित शाह से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की इच्छा जतायी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

## कैबिनेट की बैठक में 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# 28 से 4 अगस्त तक मॉनसून सत्र की मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। इसमें 35 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बाद में कैबिनेट सचिव ने बताया कि 28 जुलाई से 4 अगस्त तक झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आहूत की जायेगी। कैबिनेट ने औपबंधिक कार्यक्रम को स्वीकृति दी है। सत्र के दौरान 6 कार्यदिवस होंगे। चतरा में ग्रिड सबस्टेशन निर्माण के लिए 302 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

झारखंड राज्य बंदोबस्त प्रारूप सेवा संवर्ग नियमावली को कैबिनेट की मंजूरी मिली है। संचरण इकाई के तहत 2023-24 के अंतर्गत विभिन्न क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन करने के लिये रु 81, 34, 94, 711.00 एकासी करोड़ चौतीस लाख चौरान्वे हजार सात सौ ग्यारह मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। डीभीसी कमांड एरिया के अन्तर्गत संचरण के क्षेत्र में 220-132-33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, हजारीबाग, गोमिया एवं बलियापुर तथा संबंधित संचरण लाईन के निर्माण के लिये कुल परियोजना लागत रु 579.35 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

### क्या है पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट की तैयारी

उन्होंने बताया कि पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट से उत्पादित बिजली को परिसर से निकासी के लिये आधारभूत संचरण संरचनाओं के निर्माण की योजना के लिये कुल स्वीकृत प्राक्कलित राशि 2181.96 करोड़ के क्रम में प्रथम पुनरीक्षण के फलस्वरूप योजना की कुल प्राक्कलित राशि 2177.86 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। तमिलनाडु राज्य में झारखंड राज्य के प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं की समीक्षा एवं निराकरण के लिए भेजे गये विभागीय प्रतिनिधि के सदस्य अभिषेक वर्मा, श्रम अधीक्षक के द्वारा की गई वायुयान की यात्रा की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कार्यभारित स्थापना से नियमित स्थापना में लाये गये कर्मियों को सेवांत लाभों की अनुमान्यता की स्वीकृति दी गई। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय अंतर्गत झारखण्ड राज्य बंदोबस्त कार्यालयाधीन प्रारूपक सेवा संवर्ग, भर्ती प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त; संशोधन नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति दी गई। झारखंड अग्निशमन सेवा के अवर सेवा संवर्ग संशोधित 2017 एवं 2022 नियमावली, 2011 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। राज्य पर्यटन संवर्धन समिति के पुर्नगठन की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा दर्जनों महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने किया संबोधित

# मुन्ना हो या मुनिया, बस दो बच्चों की हो दुनिया : बन्ना

- मंत्री बन्ना गुप्ता ने की 35वें विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्य में जनसंख्या स्थिरता अभियान की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि जिस तरीके से जनसंख्या बढ़ रही है, वह चिंता का विषय है। श्री गुप्ता मंगलवार को 35वें विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर होटल बीएनआर चाणक्या के सभागार में अयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसका दुष्परिणाम अर्थव्यवस्था, ग्लोबल वार्मिंग, रोजगार आदि क्षेत्र में दिखने लगा है। प्रकृति के साथ जो हम छेड़छाड़ कर रहे हैं, उससे भविष्य में बड़े संकट उत्पन्न होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में दहेज उत्पीड़न और बेटे की चाहत में बेटियों की भ्रूण हत्या आदि के कारण देश में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या कम है।

(शेष पेज 11 पर)

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा झारखंड



मंत्री ने कहा कि झारखंड जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत के करीब है। उन्होंने कहा कि जो मामूली अंतर है। उन्होंने बताया कि राज्य में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी आयी है। परिवार नियोजन के तहत 5 वर्षों में 5 लाख से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण कराया गया है, लेकिन पुरुष नसबंदी की संख्या बहुत कम है। हमें इस दिशा में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

### बेटी के जन्म पर लें फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प

मंत्री ने कहा कि हमें मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। बेटा हो या बेटी, दोनों को समान दृष्टि से देखने की मानसिकता होनी चाहिये। मुन्ना हो या मुनिया हो, बस दो बच्चों की दुनिया हो- के सिद्धांत को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेना चाहिए कि किसी घर में जैसे ही बच्ची का जन्म हो, फलदार पेड़ लगायें।

## नीति आयोग की टीम पहुंची, आज सीएम संग बैठक

- राज्य और केंद्र के बीच आर्थिक समझौते सहित विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नीति आयोग की एक टीम मंगलवार को रांची पहुंची। यहां पहुंचने के बाद नीति आयोग की टीम ने बताया कि झारखंड में चल रही केंद्र की योजनाओं की राशि के भुगतान को लेकर चर्चा की जायेगी। इसके अलावा राज्य और केंद्र के बीच हुई आर्थिक समझौते सहित विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री से चर्चा होगी। सूत्रों के अनुसार बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में सीएम और सभी विभागों के प्रिंसिपल सेक्रेटरी सहित अन्य वरिय अधिकारियों के साथ टीम की बैठक होगी। मालूम हो कि नीति आयोग केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम भी करता है। ताकि राज्यों को नियमानुसार केंद्र के द्वारा दी गई राशि मिल सके। नीति आयोग के स्पेशल एडवाइजर नीरज सिन्हा ने कहा कि बुधवार को 12: 30 बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक होगी।

(शेष पेज 11 पर)

# चंद्रयान-3 का 'लांच रिहर्सल' पूरा, 14 को होगा प्रक्षेपण

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस सप्ताह चंद्रयान-3 मिशन के लिए संपूर्ण प्रक्षेपण तैयारी और प्रक्रिया का 24 घंटे का प्रक्षेपण पूर्वाभ्यास किया। मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को प्रक्षेपण यान मार्क 3 (एलवीएम3) से अपराह्न 2:35 बजे प्रक्षेपित करने की तैयारी है। इसरो ने मंगलवार को लॉन्च रिहर्सल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने ट्वीट कर बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के लॉन्च रिहर्सल की तैयारी और 24 घंटे तक चलने वाली प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है।



इसरो ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। इसरो ने बताया कि 'चंद्रयान-3 मिशन' के लॉन्च रिहर्सल की तैयारी और 24 घंटे तक चलने वाली प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

## केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका, कहा

# इडी निदेशक का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाना अवैध

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को तीसरी बार बढ़ाने को लेकर कहा कि निदेशक का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाना कानूनी रूप से अवैध जरूर है। कार्यकाल बढ़ाने के लिए कानूनी बदलाव वैध है।

शीर्ष अदालत ने संजय मिश्र के कार्यकाल को बढ़ाने के केंद्र सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है। अब उन्हें 31 जुलाई तक ही पद पर बने रहने की अनुमति दी गयी है। शीर्ष अदालत ने ईडी निदेशक के कार्यकाल विस्तार और 2021 के केंद्रीय सतर्कता संशोधन आयोग अधिनियम 2003 में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 17 नवंबर 2021 और 17 नवंबर 2022 के आदेश, जिसमें प्रतिवादी संख्या 2 संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल को एक-एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया गया था, को अवैध माना जाता है।

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E (10+2), New Delhi




MODERNISTIC HOSTEL FACILITY AVAILABLE
FROM CLASS III TO XII
ADDRESS : BUKRU, KANKE, RANCHI - 834006
Contact: 7541820401, 9931069966
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com | Website: www.shardaglobalschool.com

# सेवाशर्त नियमावली शीघ्र पास करायेंगे : बंधु तिर्की

## बीआरपी सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधिमंडल पूर्व शिक्षा मंत्री से मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नितिन कुमार के नेतृत्व में पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसके पूर्व भी पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को ज्ञापन देकर समस्या समाधान के लिए अनुरोध कर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। पूर्व शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द कराया जायेगा।



इस संबंध में बंधु तिर्की ने बताया कि मांडर विधायक के साथ 10 जुलाई को राज्य परियोजना निदेशक से मिलकर समस्याओं पर चर्चा की गई है। उम्मीद है कि सेवाशर्त नियमावली जल्द कैबिनेट में पास हो जाएगी। अगर इस कैबिनेट में पास नहीं होता है तो अगली कैबिनेट में निश्चित रूप से सेवाशर्त नियमावली पास हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास होगा कि आप लोगों को बुनियादी सुविधा के साथ-साथ सम्मानजनक मानदेय प्राप्त हो।

प्रतिनिधिमंडल में रांची जिला अध्यक्ष जनक मुंडा व महासचिव नितिन कुमार के अलावा जावेद अंसारी, रविंद्र ठाकुर, सुनील गुप्ता, कमलकांत मेहता, अजीत सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, कृष्णा प्रसाद साहू, ललित तिर्की, कुलदीप सुरीन, फिरोज आलम, धर्मेंद्र कुमार, इम्तियाज अंसारी सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट आदर्श सामूहिक विवाह करायेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों की एक अति आवश्यक बैठक मंगलवार को विद्या देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमू रोड, स्थित सत्संग भवन मे हुई। बैठक में मुख्य रूप से परमपूज्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आदेशानुसार 11 निर्धन जोड़ों के आदर्श सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर चर्चा हुई।



संस्था के सदस्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 सदानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर 11 निर्धन जोडो का आदर्श सामूहिक विवाह रविवार 16 जुलाई 2023 को संस्था के पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्णा प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में प्रातः 8 बजे से दिन में 1 बजे तक होगा।

इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने की। इस बैठक में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्याय निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद सारस्वत, निर्मल छावनिका, विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी और इनके अलावा भी संस्था के बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# विजयवाड़ा मंडल में ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनों के मार्ग बदले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यों के चलते ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण निम्न ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद - अल्लपुझा एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 11/07/2023, (मंगलवार) यात्रा प्रारम्भ 14/07/2023 (शुक्रवार) एवं यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/07/2023 (शनिवार) को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम तथा एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 12835 हटिया- सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 11/07/2023 (मंगलवार) को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18637 हटिया- सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 15/07/2023 (शनिवार) को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

# बैंक ऑफ इंडिया ने किया मेगा स्वयं सहायता समूह शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने रांची के नगड़ी प्रखंड की ग्राम पंचायत सपारोम में मेगा स्वयं सहायता समूह शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार थे। उन्होंने कहा कि देशभर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए इस तरह के शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि, समाज में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं महिलाओं को वित्तीय मदद दी जा सके।

मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह, झारखंड ने बताया कि संपूर्ण झारखंड में इस




वित्त वर्ष में अभी तक 2814 नया क्रेडिट लिंकेज किया गया, जिसमें 148 करोड़ ऋण स्वीकृत किये गये। नये तथा पुराने खाते को मिलाकर कुल 37,048 खातों में 356 करोड़ ऋण स्वीकृत किये गये। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड को हम महाजन से मुक्ति दिलाने के संकल्प को लेकर चल रहे हैं और निश्चित रूप से इसमें सफल होंगे। संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल ने सभी ग्राहकों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल अपने तक सीमित न रखें। इसे गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचायें। बैंक की हर योजना का भरपूर लाभ लें। नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन अनुराग वर्मा और मंच संचालन राजेश यादव ने किया।

## जया जायसवाल बनीं डीएवी गांधीनगर जूनियर विंग की प्राचार्या



**रांची।** कांके रोड गांधी नगर कॉलोनी स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल के जूनियर विंग कि नई प्राचार्या जया जायसवाल ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। आपको बतादें जया जायसवाल इसी स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम कर चुकीं है। प्राचार्या ने कहा कि स्कूल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना हमरा लक्ष्य है। बच्चों में ज्ञान के साथ- साथ अनुशासन कैसे विकसित हो इस पर हमारा पूरा फोकस होगा। मौके पर स्कूल के शिक्षको और कर्मचारीयों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

# कृष्णा नगर कॉलोनी में मना श्री गुरु हरकिशन साहिब जी का प्रकाश पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में मंगलवार को आठवें नानक धन धन श्री गुरु हरकिशन साहिब जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सजाये गए विशेष दीवान की शुरुआत सुबह 7.30 बजे स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, कांता मिढ़ा,ममता मुंजाल, जयती मिढ़ा द्वारा तेरा कीया मीठा लागै हर नाम पदारथ नानक मांगै शबद गायन से हुई।

गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने कथावाचन करते हुए साध संगत को बताया कि आठवें नानक श्री गुरु हरकिशन साहिब जी का जन्म सन 1656 में कीरतपुर साहिब में हुआ था। मात्र पांच साल की आयु में ही उन्हें अपने पिता गुरु हर राय साहिब जी द्वारा गुरु की पदवी हासिल हुई थी। कई लोगों को इस बात पर संदेह था कि गुरु हरकिशन जी में गुरु बनने लायक कोई शक्ति है भी या नहीं, इन्हीं में से एक थे लाल चंद जिसने दिल्ली जाने से पहले गुरु हरकिशन साहिब जी को गीता का अर्थ बताने की चुनौती दी।



इस बात पर गुरु हरकिशन जी ने कहा कि वह उनके बदले किसी और को यह कार्य बोलकर करने के लिए ले आए। तब लाल चंद एक बहरे और मूक शख्स छाजू राम को ले आए और गुरु हरकिशन जी के छाजू राम को हाथ लगाते ही वह शख्स गीता का अर्थ बताने लगा। इस बात पर सभी भौंचक्का रह गए और लाल चंद गुरु हरकिशन के पैरों में गिर गए। साथ ही उन्होंने भाई गुरुदास जी की कविता जैसे हीरा हाथ मै तनक सो दिखायी देत मोल किए दमकन भरत भंडार जी का उल्लेख करते हुए साध संगत को बताया कि गुरु हरकिशन साहिब जी की उम्र जरूर कम थी परंतु वे अद्भुत प्रतिभा से सम्पन्न तथा गुणी थे।

सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने श्री गुरु हरकिशन जी की महिमा का गुणगान करते हुए समूह साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी और इसी तरह गुरुघर से जुड़े रहने को कहा। दीवान में गुरुनानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, सुरेश मिढ़ा, बिनोद सुखीजा, नरेश पपनेजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, हरीश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, आशु मिढ़ा सहित कई लोग शामिल थे। श्री आनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा के साथ सुबह 9:15 बजे विशेष दीवान की समाप्ति हुई। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया।

## विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय ने रांची विवि के कई विभागों को देखा

**रांची।** राजभवन के विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी परिसर स्थित कई विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व संजीव राय ने दिन में 10:30 बजे रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा तथा सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में कुलपति ने रांची विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न रेगुलर, वोकेशनल कोर्स तथा विश्वविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस बैठक के बाद विश्वविद्यालय निरीक्षक ने बेसिक साइंस कैंपस तथा मोरहाबादी परिसर स्थित कई विभागों का भ्रमण । संजीव राय ने कुलपति तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ जूलॉजी, फिजिक्स, जिओलॉजी, इनवाइरनमेंटल साइंस, सेंटर फॉर साइबर पीस, आर्यभट्ट सभागार, स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन, इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज विभागों को देखा। इन विभागों में प्रयोगशालाओं, म्यूजियम, लायब्रेरी, कक्षा तथा स्टूडियो की सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डीन ऑफिस में सभी विभागों के हेड के साथ बैठक भी की।

# जेएसएससी से विज्ञापित 3461 पद अर्हता प्राप्त योग्य उम्मीदवार नहीं होने से सरेंडर के कगार पर : तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के अनुरूप 92 अनारक्षित सहित कुल 3461 शिक्षकों के पद के लिये योग्य एवं अहर्ता प्राप्त उम्मीदवारों के अभाव में ये सभी पद सरेंडर होने के कगार पर हैं, जो गंभीर चिंता की बात है।

उन्होंने कहा है कि जिन 24 विषयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए जेएसएससी ने विज्ञापन प्रकाशित किया था उनमें रिक्त रह गये इन 3461 पदों में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 2008 पद भी शामिल हैं। जो कुल पदों का लगभग 60 प्रतिशत हैं। इसके अलावा, वर्तमान परिदृश्य में अनुसूचित जाति के 993, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिये आरक्षित 208 जबकि पिछड़ा वर्ग-2 के 160 पद भी यूं ही खाली रह जायेंगे।

**प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से बेरोजगार उम्मीदवारों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कोचिंग के आयोजन की मांग की**

श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये एक पत्र में कहा है कि झारखंड गठन के 22 साल बाद भी इन रिक्त पदों के ना भरने का एकमात्र कारण अहर्ता प्राप्त योग्य उम्मीदवारों का अभाव है। दूसरी ओर झारखंड में अशिक्षित एवं तकनीकी कौशल विहीन बेरोजगारों के साथ ही शिक्षित बेरोजगारों की संख्या भी अच्छी खासी है और यह स्थिति झारखंड के लिए निराशाजनक है।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि राज्य सरकार अपने स्तर पर बेरोजगार उम्मीदवारों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कोचिंग का आयोजन करे। इससे तीव्र गति से उन उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा सके और वे झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन के अनुरूप सभी अपेक्षाओं को पूरा करते हुए अपनी योग्यता को प्रमाणित करें और उन पदों पर नियुक्त हों।

बंधु तिर्की ने कहा है कि अफसोस की बात यह है कि जो 3461 पद जेएसएससी द्वारा दशार्ये जा रहे हैं उनमें जहां गणित, भौतिकी, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू जैसे विषय हैं। वहीं शारीरिक शिक्षा (फिजिकल एजुकेशन) भी है जिसमें अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित 290 पदों सहित कुल 518 पद रिक्त हैं और इसके न भरे जाने का एकमात्र कारण प्रशिक्षण प्राप्त योग्य उम्मीदवारों का अभाव है। इसके अलावा अब सरेंडर किये जानेवाले रिक्त पदों में खोरठा, संथाली, हो, कुरुख, मुंडारी, नागपुरी, करमाली, खड़िया, पंचपड़गानिया जैसी जनजातीय भाषा के शिक्षकों के पद भी है। यह झारखंड में शिक्षा-प्रशिक्षण एवं योग्यता-अर्हता की जमीनी हकीकत को बताते हैं। इस सूची में एक ओर बंगला एवं उड़िया जैसे विषय हैं वहीं दूसरी ओर अरबी भी है।

बंधु तिर्की ने तिर्की ने कहा है कि इन पदों में केवल 92 पद अनारक्षित हैं जबकि अधिकांश पद उस अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित है, जिन आदिवासियों एवं मूलवासियों के लिये झारखण्ड प्रदेश का गठन किया गया था। इसके बावजूद आज केवल और केवल अपेक्षित योग्यताओं एवं अहताओं को पूरा न कर पाने के कारण वे उपलब्ध अवसरों का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि वे अपने स्तर पर इस मामले का त्वरित निष्पादन करते हुए अविलंब प्रभावी निर्णय लें और राज्य के प्रत्येक जिले में बेरोजगार उम्मीदवारों के लिये विशेष प्रशिक्षण सत्र एवं कोचिंग कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दें। जिसमें उन बेरोजगार युवक-युवतियों की आवश्यकताओं, अपेक्षाओं, सुविधा एवं जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जाये।

# एसबीयू के 2023 पास आउट बैच के 284 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के 2023 के पास आउट बैच के 284 छात्रों का विभिन्न नामचीन कंपनियों में अभी तक प्लेसमेंट हो चुका है। एमबीए, एमकॉम, बीकॉम, बीटेक मैकेनिकल, डिप्लोमा-मैकेनिकल एंड ट्रिपलइ के छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है। बीबीए, बीबीए कैपिटल मार्केट के छात्रों का 90 प्रतिशत के लगभग प्लेसमेंट हो चुका है। शेष बचे हुए अन्य ब्रांच के छात्रों की प्लेसमेंट की प्रक्रिया जारी है।

विदित हो कि एमबीए के छात्रों का उच्चतम पैकेज 9 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा, जबकि बीबीए-बीकॉम के छात्रों का 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा। इस वर्ष बीटेक छात्रों का सर्वाधिक 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष पैकेज पर चयन किया गया है। इस वर्ष का औसत पैकेज 4.5 लाख रुपये रहा। सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरि



बाबू शुक्ला ने बताया कि अभी तक सरला बिरला विश्वविद्यालय के साथ 120 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुई हैं। 25 से अधिक कंपनियों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव की प्रक्रिया गतिशील है। एचयूएल, टीसीएस, विप्रो, बायजूस, गोदरेज एंड बायस, जेनपैक्ट, कोटक महिंद्रा बैंक, बंधन बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, ऐक्सिस बैंक, डीएसपी म्यूचुअल फंड, कैपिटल वाया फिन टेक पीवीटी, टाटा एआइजी, एक्साइड इंडस्ट्रीज, ग्रासिम बिरला पेंट्स, माप माय इंडिया, आइसीआइसीआइ लॉमबर्ड, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एलाइट सॉल्यूशन, महिंद्रा हॉलीडेज, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस, कैपेस साफ्टवेयर पीवीटी एलटीडी, आलोहा टेक्नोलॉजी, फ्यूचरेंस टेक्नोलॉजी, कोलाबेरा, एसेंशन, बजाज आलियांज, एडेक्वो, कैशफॉर माइक्रो क्रेडिट, वरुण बेवरेंज, नाथकॉर्प्स, डेटालॉजिक इंडिया लि., इंटेलिपाट इत्यादि नामचीन कंपनियां में बड़े पैमाने पर एसबीयू के छात्रों का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के पासआउट छात्र, जिनका अभी तक प्लेसमेंट नहीं हुआ है, उनके लिए कई नामचीन कंपनियों के साथ प्लेसमेंट की प्रक्रिया जारी है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के छात्रों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षिक प्रबंधन के साथ-साथ ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के कार्यों तथा प्रयासों की सराहना की है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डीन डॉ नीलिमा पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, डीन प्रो एसबी दंडिन, डीएसडब्ल्यू डॉ अशोक कुमार अस्थाना, कंट्रोलर ऑफ एग्जाम प्रो राहुल वत्स, नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ सुबानी बाड़ा, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो अमित गुप्ता, डॉ पार्थ पॉल, डॉ आरएम झा, डॉ विश्वरूप सामंता, डॉ पूजा मिश्रा, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, अनुभव अंकित, आदित्य रंजन, सुभाष नारायण शाहदेव, रीतेश कुमार गुप्ता, कस्तूरी हजारिका, रितु सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

# एसआर डीएवी पुंदाग के आदर्श पांडेय को मिला साहित्य सम्मान


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग से प्रतिवर्ष अनेक प्रतिभाएं बारहवीं कक्षा की परीक्षा पास करके सुनहरे भविष्य की तलाश में निकल पड़ती हैं। विद्यालय के पूर्व छात्रों में डॉक्टर्स - इंजीनियर्स की कोई कमी नहीं है। ऐसे में विज्ञान संकाय का एक छात्र ऐसा भी है जो हिंदी साहित्य की सेवा में समर्पित है। विद्यालय का मान बढ़ाने वाले उस विद्यार्थी का नाम आदर्श पांडेय है, जो वर्तमान में प्रयागराज विश्वविद्यालय से बीएससी की पढ़ाई कर रहे हैं।

कहा जाता है कि 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात। आदर्श पांडेय पर यह बात सौ फीसदी लागू होती है। उन्होंने बचपन से ही विभिन्न विषयों पर कविता की रचना करना शुरू किया। उनकी कविताएं विद्यालय की पत्रिका 'आरुषि' के साथ -



साथ अन्य पत्र-पत्रिकाओं में भी प्रकाशित होती रहीं। उनकी प्रतिभा का विकास होता रहा और अब हिंदी के साहित्यकार के रूप में उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलनी शुरू हो गई है। प्रयागराज, गोरखपुर, दिल्ली सहित अनेक स्थानों की साहित्यिक संस्थाओं ने उन्हें पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। 'हिंदी-उर्दू अदबी संगम', दिल्ली की ओर से प्रकाशित पुस्तक 'आधुनिक जगत के अनमोल रत्न ' नमक पुस्तक में उनके साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए उनका परिचय प्रकाशित किया गया। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने आदर्श पांडेय की उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आदर्श जैसे विद्यार्थियों पर हमें गर्व है, जो हिंदी साहित्य जगत में सितारे की तरह चमकने को तैयार है ईश्वर उनकी लेखनी को सशक्त बनाएं तथा वे भविष्य में और अधिक प्रभावशाली रचनाओं के साथ हिंदी साहित्य के आकाश पर छाए रहें।


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री रघुवर दास
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री बाबुलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष
हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र
के 11 वें स्थापना दिवस के
मौके पर लातेहार जिला समेत
संपूर्ण झारखंडवासियों को
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
खबर मन्त्र सही व सटिक
खबरो के लिए जाना जाता है,
यह प्रयास लगातार जारी रहे,
खबर मन्त्र के लोकप्रियता एवं
तरक्की में और इजाफा हो।
खबर मन्त्र सच्चाई के पथ
पर सदा अग्रसर रहे।
खबरमन्त्र के
11 वें स्थापना दिवस पर
सबो को हार्दिक बधाई।
प्रकाश राम
पूर्व विधायक सह भाजपा नेता
लातेहार विधानसभा क्षेत्र


शिबू सोरेन जिन्दाबाद
जय झारखंड
हेमन्त सोरेन जिन्दाबाद
झा.मु.मो.
हिन्दी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ पर
लातेहार जिला समेत समस्त झारखंडवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में
हिन्दी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र
ने निष्पक्ष पत्रकारिता के रूप में
एक अलग पहचान बनायी है।
10 वर्ष की कड़ी मेहनत से
यह मुकाम हासिल करने पर
खबर मन्त्र परिवार
से जुड़े समस्त लोगो को
हार्दिक बधाई।
लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को
हिन्दी दैनिक खबर मन्त्र
इसी प्रकार मजबूती
प्रदान करते हुये नितदिन
उच्चाईयां हासिल करें।
वैद्यनाथ राम
लातेहार विधानसभा क्षेत्र


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री रघुवर दास
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री बाबुलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष
हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के
11 वें स्थापना दिवस के मौके पर लातेहार जिला
समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
खबर मन्त्र सही व सटिक
खबरो के लिए जाना जाता है,
यह प्रयास लगातार जारी रहे,
खबर मन्त्र के लोकप्रियता
एवं तरक्की में और इजाफा हो।
खबर मन्त्र सच्चाई के पथ पर
सदा अग्रसर रहे।
खबरमन्त्र के 10 वें वर्षगांठ
पर सबो को हार्दिक बधाई।
चेतलाल रामदास
युवा भाजपा नेता


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री रघुवर दास
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री बाबुलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष
आदित्य साहू
राज्यसभा सांसद
सुनिल कुमार सिंह
सांसद चतरा
अमित कुमार गुप्ता
भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदवा
निवेदक:-भाजपा मंडल कमिटि चंदवा

## ध्वनि प्रदूषण कम करने को लेकर किया जा रहा जागरूक

**रांची।** रांची शहर में बैंक्वेट हॉल, धर्मशाला, मैरेज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। वहीं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि 6 मार्च 2023 को डीजे साउंड एंड लाउडस्पीकर ऑपरेटर्स की एक बैठक एसडीओ, रांची ने बुलाई थी। इसमें उन्हें ध्वनि प्रदूषण को लेकर जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि देर रात डीजे, लाउडस्पीकर बजाने पर नियम का वायलेशन होगा, जिसके तहत केस भी दर्ज किया जाएगा।

## अवैध खनन का मास्टर-माइंड है पंकज मिश्रा

# बिना इजाजत एक भी पत्थर नहीं होता था इधर से उधर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो नेता पंकज मिश्रा के कारनामों के खुलासे इडी के समक्ष खुद उनके करीबी कर रहे हैं। जैसे-जैसे वे सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं वैसे-वैसे पंकज मिश्रा को लेकर चौंकाने वाले खुलासे भी हो रहे हैं। इडी के खुलासे में यह बात निकलकर आई है कि साहिबगंज में अगर किसी को भी माइनिंग करनी हो चाहे वह वैध हो या अवैध बिना पंकज मिश्रा की इजाजत के संभव ही नहीं था। वैध और अवैध दोनों तरह के खनन करने वाले जब तक पंकज मिश्रा को उसका कमीशन नहीं पहुंचाते थे तब तक खनन का काम शुरू नहीं होता था।



**हर खनन काम में पंकज का कमीशन** : साहिबगंज में अवैध खनन के खेल में मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा ने बैंक खातों और नकदी में कमीशन के तौर पर करोड़ों रुपये की वसूली की थी। पंकज मिश्रा के करीबी कृष्णा साव, भगवान भगत, टिंकल भगत इडी की गिरफ्त में हैं। तीनों ने रिमांड पर इडी को यह साफ साफ बताया है कि अवैध खनन के मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा ही है। इडी ने साहिबगंज में अवैध खनन केस में गिरफ्तार कृष्णा कुमार साव, भगवान भगत और टिंकल भगत से पूछताछ की थी।

तीनों को आमने-सामने बिठाकर इडी ने पूछताछ की और तथ्य जुटाए। तीनों ने पंकज मिश्रा के संरक्षण में अवैध खनन करने और कमीशन के तौर पर मोटी राशि देने की बात कबूली है। पंकज मिश्रा के बारे में तीनों ने स्वीकार किया है कि उसकी राजनीतिक रसूख के बिना साहिबगंज में पत्थर कारोबार करना नामुमकिन था। पंकज मिश्रा ही तय किया करता था कि किसे विभाग से लाइसेंस मिलेगा, किसे नहीं। इडी ने कोर्ट को भी बताया है कि मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा और कृष्णा साहा के बीच बैंक खातों के जरिए भी लेन देन थी, जो भी पैसे का लेन देन हुआ सभी खनन के कमीशन के थे।

**पंकज मिश्रा ने कब कितने पैसे लिये** : पंकज मिश्रा के बैंक खाता 23420100000444 में 26 और 29 मार्च 2021 को 5-5 लाख रुपये डाले गए थे। कृष्णा कुमार साव ने खुद कबूल किया है कि साहिबगंज में पत्थर कारोबार करने के बदले पंकज मिश्रा ने नगद 25-30 लाख रुपये कमीशन के तौर पर लिये थे। ऐसे में इडी ने कृष्णा कुमार साव को भी पीएमएलए 2002 की धारा-3 के तहत आरोपी बनाया है। इडी ने जांच में यह भी पाया है कि कृष्णा कुमार साव ने अपने नाम पर दो दर्जन से अधिक बैंक खाते खोल रखे थे, इन खातों की पड़ताल के दौरान इडी ने पाया कि तकरीबन 19 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। अपने सहयोगियों और रिश्तेदारों के बैंक खातों के जरिए भी मनी लॉन्ड्रिंग की गई।

**पंकज के एचडीएफसी खाते में भगवान ने डलवाए 4.87 करोड़**

इडी ने पंकज मिश्रा के एचडीएफसी बैंक के खाते की स्क्रूटनी की तब पाया कि भगवान भगत ने पंकज के खाते में कुल 4.87 करोड़ रुपये डलवाए थे।

बता दें कि साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में पंकज मिश्रा मास्टरमाइंड था, तो वहीं भगवान भगत और टिंकल भगत उसके इशारे पर ही काम करते थे।

# यूएसइपीए और एआरआइ प्रतिनिधियों ने सीएमपीडीआइ का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार ने मंगलवार को सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची में ग्लोबलमिथेनइनिशिएटिव (जीएमआई), पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (यूएसईपीए) की सह-अध्यक्ष सुश्री वोल्हा रोशचंका और एडवांस्ड रिसोर्सेज इंटरनेशनल (एआरआई), यूएसए के उपाध्यक्ष जॉनकेला फैंट से मुलाकात की।

सीएमपीडीआई और यूएसईपीए का जीएमआई के फ्रेमवर्क के तहत सहयोग का एक लंबा इतिहास है। दोनों संगठन कोयला खदानों से मिथेन उत्सर्जन को बेहतर ढंग से समझने, खदानों में सुरक्षा में सुधार और मिथेन उत्सर्जन को कम करने के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। इस प्रयास के तहत, सीएमपीडीआई और ईपीए खुली खदानों के लिए इन्वेंट्री अनुमानों को बढ़ाने व अनुमानों की अनिश्चितता को कम करने और यूएनएफसीसीसी फ्रेमवर्क के तहत इन्वेंट्री अनुमानों के लिए मौजूदा मापों पर अधिक निर्भरता के अवसरों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-60-2023, दिनांक: 10.07.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **सूचना संख्या: डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-60-2023। कार्य का नाम:** एलएडी-टीओआरआई में छोटी पुल संख्या 173, 177 तथा 187 तथा मुरी-रांची खंड में फ्लैट टॉप माइनर ब्रिज [47 अदद] की बैरल लम्बाई का विस्तार सहित आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 8,63,37,692.52। **बयाना राशि:** ₹ 5,81,700। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 31.07.2023 को अपराह्न 3:00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-390)

# विभिन्न विधायी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण में बताया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ प्रशिक्षण कोषांग द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण सह सेमिनार कार्यक्रम का मंगलवार को दूसरा दिन संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण सह सेमिनार कार्यक्रम में दो सत्र आयोजित हुये। पहले सत्र में कार्य संचालन नियमावली, विधानसभा में सत्र की बुलाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाने के प्रावधानों के संबंध में अपने व्याख्यान को प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न विधायी प्रक्रियाओं के प्रारंभ होने के पीछे ब्रिटिश शासन के दौरान हुए घटनाक्रमों एवं काउंसिल एक्ट के प्रसंग को भी विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण पा रहे पदाधिकारियों के समक्ष रखा। संविधान विशेषज्ञ चक्षु राय ने राज्य विधानमंडल में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया विषय पर एवं मधुकर भारद्वाज ने भाग ले रहे अधिकारियों के समक्ष अपनी व्याख्यान रखें। श्री राय ने अपने व्याख्यान में सामान्य बजट प्रक्रिया की समझ के संबंध में बजट भाषण, फाइनेंस बिल, एनुअल फाइनेंशियल स्टेटमेंट, अनुदानों की मांग के संबंध में विस्तार पूर्वक चचाएँ की।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने रो रही महिला को पानी पिलाया, सरकारी आवास में आज बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को अजीबो गरीब स्थिति देखने को मिली। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जब आवास के लिए रवाना होने के लिए गाड़ी में बैठने लगे तो एक महिला सामने आ गई। सीएम हेमंत सोरेन को देख महिला फूट- फूट कर रोने लगी। अचानक इस तरह महिला को रोते देख सीएम हेमंत सोरेन खुद चौंक गए कि आखिर मामला क्या है? सीएम ने इस दौरान अपनी गाड़ी से पानी की बोतल निकालकर उसे पीने को कहा और कारण जानने की कोशिश की। सीएम के बार-बार पूछे जाने के बावजूद वो महिला रोती जा रही थी और समुचित कारण नहीं बता पा रही थी। मुख्यमंत्री ने बिना कारण समझे आज (बुधवार) को दिन के 11:30 बजे मुख्यमंत्री आवास पर आने को कहा और समुचित न्याय का भरोसा दिया।



**पीड़ित महिला ने सरकारी सिस्टम पर उठाया सवाल** : गुहार लगा रही महिला का नाम रीना देवी है जो गिरिडीह के बगोदर के अटका गांव की है। रीना देवी के अनुसार उसके परिवार में जमीन विवाद को लेकर जेठ से विवाद चल रहा है। जिसकी गुहार वह गिरिडीह जिला प्रशासन के पास भी लगा चुकी है। न्यायालय में चल रहे जमीन विवाद के मामले की वजह से विवादित जमीन पर धारा-144 लगी हुई है। इस विवाद को सुलझाने के लिए डीसी, एसपी से लेकर थाना तक में चक्कर काट चुकी है। उसके बाद काफी प्रयास के बाद आज वो मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची।

# रांची-हावड़ा के बीच जल्द शुरू होगी वंदे भारत ट्रेन

## रांची-पटना के बीच वंदे भारत के किराए में नहीं होगी कटौती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची से पटना के बीच चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस के किराये में किसी तरह की कटौती नहीं होने जा रही है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि जल्द ही रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़नेवाली है। यही नहीं हटिया से सैंकी के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का विस्तार करते हुए बरकाकाना तक चलाने की तैयारी की जा रही है। रांची-पटना वंदे भारत के चेयर कार से रांची से पटना जाने के लिए पूर्व निर्धारित 1,175 और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2,110 रुपये ही देने होंगे। वहीं पटना से रांची के लिए चेयर कार का भाड़ा 1,025 और एग्जीक्यूटिव क्लास का भाड़ा 1,930 रुपया लगेगा।

रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि रांची से पटना के बीच चल रही वंदे भारत ट्रेन की ओक्यूपेंसी का औसत 80 प्रतिशत से ज्यादा है। रेलवे बोर्ड सिर्फ वैसी ट्रेनों के किराए में कटौती को लेकर मंथन कर रहा है, जिनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली रह जाती हैं।

**रांची-हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन के फायदे** : वंदे भारत ट्रेन के जरिए रांची से हावड़ा का सफर महज 6 घंटा 35 मिनट में पूरा होगा। अभी तक के प्रस्ताव के मुताबिक प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन संख्या 20881 सुबह 5.20 बजे रांची से खुलेगी और राजाबेड़ा और प्रधानखूंटा में स्टॉपेज के बाद 11.55 बजे हावड़ा पहुंच जाएगी। इसी तरह हावड़ा से उसी दिन ट्रेन संख्या 20882 शाम को शाम 3.30 बजे खुलेगी और रात 10.10 रांची पहुंच जाएगी। प्रधानखूंटा जंक्शन धनबाद रेल डिवीजन के अधीन धनबाद जिला में स्थित है। वहीं राजाबेड़ा रेलवे स्टेशन धनबाद रेल डिवीजन के अधीन बोकारो जिला में आता है। इस ट्रेन के किराए को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं बताया गया है।

## जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (जिला खेल शाखा)

दूरभाष : ............................ Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

**प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के आयोजन**

निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची का पत्रांक 282 दिनांक 08.07.2022 के निदेशानुसार सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता, 2023 (U-14/17 BOYS & U-17 GIRLS) का आयोजन हेतु तिथि एवं समय निर्धारित की गई है जो निम्नवत् है :–

प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | आयोजन स्थल | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ | सिद्धो–कान्हु जिला मैदान, रामगढ़ | 17.07.2023 | पूर्वा0 08.00 से |
| 2 | दुलमी | चटाक फुटबॉल खेल मैदान, दुलमी | 18.07.2023 | |
| 3 | चितरपुर | डी0ए0भी0 स्टेडियम रजरप्पा प्रोजेक्ट | | |
| 4 | गोला | पुरबडीह फुटबॉल मैदान, गोला | | |
| 5 | माण्डू | मुरपा फुटबॉल मैदान, माण्डू | | |
| 6 | पतरातू | I.A.G. फुटबॉल मैदान, भदानीनगर | | |

जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | आयोजन स्थल | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ | सिद्धो–कान्हु जिला मैदान, रामगढ़ | 27.07.2023 से 28.07.2023 | पूर्वा0 08.00 से |

नोटः– प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023 में भाग लेने वाले टीमों की सूचना जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के मो0–8709816456 पर दिनांक 15.07.2023 तक देना अनिवार्य है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.302052 District(23-24):D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या –15/2023-24 दिनांक: ..........................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चतरा | बरैनी | पटेर | ग्राम पटेर में महुआ पेड़ से गंझु टोला तक पी सी0 सी0 पथ निर्माण । | 7506400 | 10000 | 150500 | 06 माह |
| 2 | चतरा | बरैनी | पटेर | ग्राम पटेर में आदित्य यादव के घर से कुमरेन स्थान तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण । | 6316200 | 10000 | 126500 | 06 माह |
| 3 | चतरा | मोकतमा | देवरीया | झरना पुल से कुआली भुईयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 8053600 | 10000 | 161500 | 06 माह |
| 4 | चतरा | मोकतमा | आरा | सुगदेव यादव के घर से स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 3248000 | 5000 | 65000 | 04 माह |
| 5 | चतरा | पाराडीह | पाराडीह | पाराडीह में धनु यादव के घर से गणेश यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 1972900 | 5000 | 39500 | 04 माह |
| 6 | चतरा | पाराडीह | पाराडीह | मुख्य पथ से काली मंडप तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 4026800 | 5000 | 81000 | 04 माह |
| 7 | चतरा | पाराडीह | जयपुर | मनसूर मिया के घर से कोलाडीह बजरंगबली तक पथ निर्माण । | 5291400 | 10000 | 106000 | 06 माह |
| 8 | चतरा | डाढ़ा | पकरीया | ग्राम पकरिया में म0 वि0 में चाहरदिवारी का निर्माण । | 1511300 | 5000 | 30500 | 04 माह |
| 9 | चतरा | डाढ़ा | सेहदा | ग्राम सेहदा स्कूल का चाहरदिवारी निर्माण । | 1623400 | 5000 | 32500 | 04 माह |
| 10 | चतरा | डाढ़ा | सेल | ग्राम सेल स्कूल का चाहरदिवारी निर्माण । | 1586100 | 5000 | 32000 | 04 माह |
| 11 | चतरा | सिकीद | कुब्बा | ग्राम कुब्बा में विध शेड से लाला टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 4691600 | 5000 | 94000 | 04 माह |
| 12 | चतरा | गोढ़ाई | पावी | ग्राम पावी में मुख्य पथ से तालाब होते हुए टोला चिरैतवा मोड़ तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण | 9451200 | 10000 | 189500 | 06 माह |
| 13 | चतरा | गोढ़ाई | भगवनीया | ग्राम भगवनिया मस्जिद से अजीम मौलवी के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण। | 1497400 | 2500 | 30000 | 03 माह |
| 14 | चतरा | ब्रहम्णा | अम्बाडीह | केशो यादव के घर से स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 6511700 | 10000 | 130500 | 06 माह |
| 15 | चतरा | ब्रहम्णा | अम्बाडीह | सरकारी स्कूल से भिखारी भुइयां के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण | 5229000 | 10000 | 105000 | 06 माह |
| 16 | चतरा | दारीयातु | खरीका | सोनु राम के घर से राणा टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1902200 | 5000 | 38500 | 04 माह |
| 17 | चतरा | दारीयातु | असढीया | गणेश यादव के घर से खैरा नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 4552800 | 5000 | 91500 | 04 माह |
| 18 | चतरा | दारीयातु | मायापुर | पी0डब्लु0डी0 रोड से राणा टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2003400 | 5000 | 40500 | 04 माह |
| 19 | चतरा | दारीयातु | जापुत | शांति मसोमात के घर से बसरिया नाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 4488600 | 5000 | 90000 | 04 माह |
| 20 | चतरा | देवरीया | देवरीया | ग्राम देवरिया में बाबा घाट से गोपाल साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ | 4805700 | 5000 | 96500 | 04 माह |
| 21 | चतरा | देवरीया | देवरीया | मंगरदाहा मुख्य पथ पर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5211100 | 10000 | 104500 | 06 माह |
| 22 | चतरा | सीमा | सीमा | ग्राम सीमा में इन्दर राणा के घर के पास से रघुवीर सिंह के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण । | 2053900 | 5000 | 41500 | 04 माह |
| 23 | चतरा | सीमा | हसबो | ग्राम हासबो में देवीमंडप के पास से उदय सिंह के घर होते हुए मंझलीटांड़ तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण | 5717500 | 10000 | 114500 | 06 माह |
| 24 | चतरा | सीमा | बेला | स्वास्थ्य उप केन्द्र बेला का जिर्णोद्धार । | 1990100 | 5000 | 40000 | 04 माह |
| 25 | चतरा | सीमा | हफुआ | ग्राम हफुआ में कटहल पेड़ के पास से रमेश गंझू के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ, निर्माण | 2682500 | 5000 | 54000 | 04 माह |
| 26 | चतरा | लेम | भोजिया | ग्राम भोज्या बाभन टोला चौक से विजय सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 3828700 | 5000 | 77000 | 04 माह |
| 27 | चतरा | लेम | सिंहपुर | बजरंगबली मंदिर से तालो साव के घर होते हुए देवी मण्डप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 4790000 | 5000 | 96000 | 04 माह |
| 28 | चतरा | लेम | पंचमहला | मेन रोड से रेह होते हुए अरविन्द दाँगी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 2498700 | 5000 | 50000 | 04 माह |
| 29 | चतरा | आरा | गेरी | ग्राम गेरी में चर्च से विजय खलखो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 4956100 | 5000 | 99500 | 04 माह |
| 30 | चतरा | आरा | चौर | ग्राम चौर में पाकर मोड़ से जगदेव साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 1607200 | 5000 | 32500 | 04 माह |
| 31 | चतरा | आरा | असानी खुर्द | आसानी खुर्द में मतलुआ आम से रमना सिमाना तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 2482000 | 5000 | 50000 | 04 माह |
| 32 | चतरा | जांगी | नावाडीह | ग्राम नवाडीह में बड़ा पुल से महाबीर राम के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण । | 6834600 | 10000 | 137000 | 06 माह |
| 33 | चतरा | जांगी | लक्षणपुर | लक्षणपुर में किशुन यादव के घर से भेड़ीफार्म सिमाना तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण । | 3452200 | 5000 | 69500 | 04 माह |
| 34 | चतरा | जांगी | जांगी | जांगी में आर0 ई0 ओ0 रोड से कब्रिस्तान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 1383100 | 2500 | 28000 | 03 माह |
| 35 | चतरा | टीकर | चैनपुर | ग्राम चौनपुर में कैलाश यादव के घर से तुलसी पांडेय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 1852600 | 5000 | 37500 | 04 माह |
| 36 | चतरा | टीकर | टीकर | ग्राम टिकर बजराही मंदिर से जगदीश भुइयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 2774100 | 5000 | 55500 | 04 माह |
| 37 | चतरा | टीकर | चंगेर | ग्राम चंगेर में महेंद्र यादव के घर से फागु यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 1478400 | 2500 | 30000 | 03 माह |
| 38 | चतरा | टीकर | ओबरा | ग्राम ओबरा में मेन रोड से पाहन टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 2257100 | 5000 | 45500 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25/07/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 28.07.2023 से 04.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 05.08.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :– 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.302023 District(23-24):D

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

52वीं औपबंधिक सूची जिला–चतरा (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–सिमरिया थाना काण्ड संख्या–112/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री कैलाश सिंह द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 100–150 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–580<br>2. आवेदक–सुगन साव पिता–स्व0 मुनेश्वर साव<br>3. ग्राम–ढाढी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–508<br>2. आवेदक–तिलक महतो पिता–स्व0 शोभी महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–500<br>2. आवेदक–लीलाधर महतो पिता–स्व0 कुशल महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–412<br>2. आवेदक–सुमा देवी पति–स्व0 तुलसी महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–211<br>2. आवेदक–भागी महतो पिता–स्व0 धर्म महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–286<br>2. आवेदक–जय नारायण प्रसाद पिता–खेमलाल साव<br>3. ग्राम–बाना साढ़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–473<br>2. आवेदक–अरूण राम पिता–स्व0 बैजनाथ राम<br>3. ग्राम–बाना साढ़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने ठेहुना में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–300<br>2. आवेदक–राजकुमार राम पिता–नेवलाल राम<br>3. ग्राम–बाना साढ़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–770<br>2. आवेदक–वीरेन्द राम पिता–स्व0 दुखन राम<br>3. ग्राम–बाना साढ़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–66 वर्ष पहचान चिन्ह–बायां हाथ में टुटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–490<br>2. आवेदक–बालदेव राम पिता–स्व0 दसय राम<br>3. ग्राम–बाना साढ़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–599<br>2. आवेदक–भीमसेन साहू पिता–शिव टहल साव<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–427<br>2. आवेदक–आभो देवी पति–कोमल गोसाई<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–319<br>2. आवेदक–विनोद महतो पिता–स्व0 मुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–429<br>2. आवेदक–बुधन भुईया पिता–विफा भुईया<br>3. ग्राम–लिपदा पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिना आँख पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–262<br>2. आवेदक–रूपलाल महतो पिता–कौलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–821<br>2. आवेदक–कैलास महतो पिता–स्व0 गुजर महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–822<br>2. आवेदक–रामदेव महतो पिता–कौलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–715<br>2. आवेदक–तालेश्वर साव पिता–स्व0 सुकन साव<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–487<br>2. आवेदक–टिभर साव पिता–स्व0 भोला साव<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–463<br>2. आवेदक–मलवा भुईया पिता–स्व0 पेडु भुईया<br>3. ग्राम–ढाढी पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–297<br>2. आवेदक–कौलेश्वर राम पिता–स्व0 धनी राम<br>3. ग्राम–बानासाढ़ी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–382<br>2. आवेदक–ईश्वरी सिंह पिता–स्व0 महादेव सिंह<br>3. ग्राम–रोल पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिना ठेहुना में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–820<br>2. आवेदक–रामविलास सिंह पिता–स्व0 बंशी सिंह<br>3. ग्राम–रोल पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–छाती में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–318<br>2. आवेदक–अर्जुन महतो पिता–स्व0 शोभी महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–315<br>2. आवेदक–मोहित भुईया पिता–दसई भुईया<br>3. ग्राम–लिपदा पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR302000 (Home)23-24*D

# डेटा संरक्षण पर बल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी है। जिससे मानसून सत्र में विधेयक के संसद में पेश किये जाने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, सरकार के भीतर और बाहर संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित कानून को लेकर कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2019 में व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश किया था और तुरंत एक संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया था। पैनल को अपनी रिपोर्ट पेश करने में करीब दो साल लग गये। जिसमें समिति ने सिफारिश की थी कि किसी भी प्रावधान के आवेदन में सरकारी एजेंसी द्वारा व्यक्तिगत डेटा के उपयोग से जुड़ी छूट को लेकर पर्याप्त सुरक्षा उपाय निर्धारित किये जाने चाहिए। जिससे निजी डेटा के दुरुपयोग की आशंका को टाला जा सके। अंततः अगस्त, 2022 में पुराने विधेयक को वापस ले लिया गया और तीन महीने बाद सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक का मसौदा जारी किया। फिर सार्वजनिक रूप से परामर्श आरंभ किया। मसौदे को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई क्योंकि इसमें केंद्र द्वारा अधिसूचित संस्थाओं को नागरिकों का डेटा एकत्र करने और उसके उपयोग के उद्देश्य के बारे में स्पष्टीकरण देने से छूट दी गई थी।


दरअसल, जरूरत इस बात की है कि लोगों को आश्वस्त किया जाये कि नवीनतम मसौदे में सरकारी एजेंसियों को पूर्ण छूट नहीं दी गई है। साथ ही विधेयक में मानदंडों के उल्लंघन से जुर्माने के दायरे में उन्हें भी आना होगा। डिजिटल डेटा संरक्षण कानून निजी तथा सरकारी संस्थाओं पर समान रूप से भी लागू होगा।

# तेज अनुसंधान

भारत में अनुसंधान और विकास कार्यों की रफ्तार कई क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है। सरकार के सहयोग और समर्थन के साथ, वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष अनुसंधान, विनिर्माण, जैव-ऊर्जा, जल-तकनीक और परमाणु ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश और विकास भी हुआ है। हम धीरे-धीरे परमाणु प्रौद्योगिकी में भी आत्मनिर्भर हो रहे हैं। शोध के क्षेत्र में सीएसआईआर, डीआरडीओ, आईसीएआर, इसरो, आईसीएमआर, एनडीआरआई, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय विज्ञान संस्थान जैसे कई विश्वविख्यात संस्थान भारत में हैं। 2035 तक तकनीकी और वैज्ञानिक दक्षता हासिल करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने टेक्नोलॉजी विजन 2035 नाम से एक रूपरेखा भी तैयार की है। इसमें शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य, खाद्य और कृषि, जल, ऊर्जा, पर्यावरण जैसे बारह विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि ऐसे कई अवरोध हैं, जिन्हें पार करना भारतीय अनुसंधान और विकास के लिए बहुत जरूरी है। कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में उपलब्धियों को छोड़ दें तो वैश्विक संदर्भ में भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुसंधान की स्थिति धरातल पर उतनी मजबूत नहीं, जितनी कि भारत जैसे बड़े देश की होनी चाहिए। ऐसे में कुछ तथ्यों पर गौर करना जरूरी है। जैसे, भारत विश्व में वैज्ञानिक प्रतिद्वंद्विता के नजरिए से कहां है? नोबेल पुरस्कार एक प्रतिष्ठित पैमाना है, जो विज्ञान और शोध के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के जरिए किसी देश की वैज्ञानिक ताकत को बताता है। इस मामले में हमारी उपलब्धि लगभग शून्य है।

# चीन से आगे निकलने का मतलब आर्थिक नीतियां सही दिशा





- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

> दुनिया के निवेशकों का भारत के प्रति ढ़ते भरोसे का आलम यह है कि वर्ष 2022 में 66 फीसदी निवेशकों ने भरोसा जताया तो अब 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 76 प्रतिशत पर जा पहुंचा है। जोकि उभरते बाजारों में सबसे अधिक है। जबकि चीन में पिछले साल 71 फीसदी निवेशक आए थे, इस साल यह आंकड़ा गिरकर 51 प्रतिशत पर जाकर रुक गया। इंडोनेशिया के पास 44 फीसदी निवेशक गए,

केंद्र में कार्य करते हुए मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो चुके हैं । इस कार्यकाल की अलग-अलग दृष्टि से समीक्षा भी हो रही है। आर्थिक क्षेत्र इसका एक अहम हिस्सा है। देखा जाए तो पिछले कार्यकाल समेत इस कार्यकाल में सतत बहुत अच्छे कार्य हो रहे हैं। वस्तुतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, विदेशमंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर के संयुक्त प्रयास ही नहीं सभी केंद्रीय विभागों के मंत्रियों का परफॉर्मेंस आपको बहुत ज्यादा अंतर लिए हुए नहीं दिखता। हर विभाग का आर्थिक मोर्चे पर मिलजुल कर नीतियां बनाने का प्रयास ही है जो दुनिया भर के निवेशकों को भारत यह भरोसा दिलाने में सफल रहा कि आपना एक रुपया भी भारत के लिए मायने रखता है, वह यहां पूरी तरह सुरक्षित है। इसलिए दुनिया में कहीं निवेश करना है तो वह देश भारत है। आर्थिक दृष्टि से की जानी वाली ग्रोथ, नए रोजगार के अवसर के लिए आपका भारत में स्वागत है ।

निश्चित ही भारत के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पैदा किए गए भरोसे का ही यह परिणाम है जो आज भारत में गति लिए विदेशी निवेश आ रहा है । बड़े-बड़े उद्योग यहां स्थापित किए जा रहे हैं । दुनिया के देशों का भारत के प्रति भरोसा इतना कि अब सर्वे भी इसकी गवाही दे रहे हैं। इस संदर्भ में वस्तुतः हाल ही में आया एक सर्वे यह बता रहा है कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसकी उड़ान को अब रोका जाना संभव नहीं। यह रिपोर्ट हम सब भारतवासियों को उत्साह से भर देती है। वहीं, जो लोग देश में महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण जैसे अन्य विषयों को उठाते आए हैं, ऐसा नहीं है कि यह तमाम समस्याएं आज भारत के लिए चुनौती नहीं रहीं, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। निवेश के मामले में सबसे आकर्षक उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। ऐसे में जब चीन 96 लाख वर्ग किलोमीटर में पसरा है जबकि भारत का एरिया 33 लाख वर्ग किलोमीटर से भी कम है। स्वभाविक है कि क्षेत्रफल की दोगुनी से ज्यादा अधिकता होने के कारण से चीन के पास प्राकृतिक संसाधन भारत से अधिक हैं, इसलिए हम देखते भी हैं तमाम प्रकार के कच्चे माल के लिए दुनिया के कई देश चीन पर निर्भर रहते आए हैं। फिर भारत और चीन की स्वतंत्रता में भी बहुत अधिक अंतर नहीं । 1945 में जापान के सरेंडर के बाद चीन को पूरी तरह स्वतंत्र देश का दर्जा मिल गया था। किंतु 1945 में स्वतंत्रता के बाद माओ त्से तुंग की लीडरशिप में कम्युनिस्ट्स और नेशनलिस्ट्स के बीच एक बार फिर जंग छिड़ गई थी, जिसके बाद अगले चार साल तक यहां सिविल वॉर की स्थिति बनी रही।

वर्ष 1949 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में चीन लोक गणराज्य की स्थापना हुई। तब चीन पुराने कोमिंगतांग सरकार के कुशासन से मुक्त हुआ। तब से लेकर आज तक दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या होने के बाद भी आर्थिक मोर्चे पर यह देश-दुनिया के विकसित देशों को टक्कर देता आया है। वहीं, भारत, चीन से दो वर्ष पूर्व स्वतंत्र घोषित कर दिया गया था। लेकिन भारत के पास कोई स्पष्ट आर्थिक रीति-नीति नजर नहीं आई थी । शुरू में भारत इसी में उलझा रहा कि वह रूस और चीन से पोषित साम्यवादी-समाजवादी सिद्धांतों पर चलेगा अथवा अमेरिका-इंग्लैण्ड के पूंजीवादी सिंद्धांत पर या फिर अपने परंपरागत प्राचीन सिद्धांतों को नए संदर्भों के साथ अपने लिए स्वीकार करेगा। स्वभाविक है इस ऊहापोह में कई वर्ष निकल जाने थे, सो हुआ भी । इस बीच भारत में कई सरकारें आईं और गईं। हालांकि विकास में सभी का अपना कुछ न कुछ योगदान है, किंतु जो कार्य मोदी कार्यकाल के दौरान पिछले नौ सालों में हुआ है, वह हर मायने के काबिले-तारीफ है।

कहना होगा कि हर मोर्चे पर इस सरकार का परफॉर्मेंस एक्सीलेंट है। एक ओर जब दुनिया के तमाम देशों की आर्थिक मोर्चे पर नकारात्मक रिपोर्ट आ रही हो, तब भी भारत की रिपोर्ट उसके समर्थन में आए, तो यह निश्चित ही नेतृत्व की सफलता है। ग्लोबल इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट फर्म इंवेस्को की हालिया रिपोर्ट कह रही है कि अपने बिजनेस, राजनीतिक स्थिरता, डेमोग्राफी, रेग्यूलेटरी फैसलों के साथ ही सॉवरेन निवेशकों के लिए दोस्ताना माहौल बनाने में सफल रहने से भारत की छवि विश्व भर में बेहद अच्छी हुई है और उसे बेहद पॉजिटिव नजरिए से देखा जा रहा है।

इंवेस्को की रिपोर्ट बता रही है कि साल 2023 में भारत पूरी दुनिया के निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। चीन अब उससे काफी पीछे चला गया है। यह रिपोर्ट दुनिया भर के 142 चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर्स, 85 पोर्टफोलियो स्ट्रेटजिस्ट और 57 केंद्रीय बैंकों के ऑफिसर्स, एसेट क्लॉस के हेड के अलावा इसमें कई वरिष्ठ पोर्टफोलियो स्ट्रैटजिस्ट के द्वारा दिए गए तथ्यों के आधार पर तैयार की गई है और सभी का यही एक समान मानना है कि इनवेस्टर्स के लिए सबसे तेज बढ़ती डेमोग्राफी और फ्रेंडली इनवायरमेंट की वजह से इनवेस्टर्स यहां सबसे अधिक आ रहे हैं।

दुनिया के निवेशकों का भारत के प्रति ढ़ते भरोसे का आलम यह है कि वर्ष 2022 में 66 फीसदी निवेशकों ने भरोसा जताया तो अब 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 76 प्रतिशत पर जा पहुंचा है। जोकि उभरते बाजारों में सबसे अधिक है। जबकि चीन में पिछले साल 71 फीसदी निवेशक आए थे, इस साल यह आंकड़ा गिरकर 51 प्रतिशत पर जाकर रुक गया । इंडोनेशिया ने भी इस साल तेज छलांग लगाई है और उसके पास 44 फीसदी निवेशक गए, जबकि बीते साल यह आंकड़ा 27 फीसदी तक ही रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वो सबकुछ है जो सॉवरेन निवेशकों को चाहिए।

वस्तुतः यह रिपोर्ट आज इसलिए भी अहम है क्योंकि इंवेस्को 85 सॉवरेन फंड्स और 57 सेंट्रल बैंकों का करीब 21 ट्रिलियन डॉलर के करीब एसेट अपने पास रखनेवाली कंपनी है। निश्चित ही यह बड़ी सफलता है, क्योंकि आज भारत उन देशों में शामिल हो गया है जो घरेलू और इंटरनेशनल डिमांड के चलते पोर्टफोलियो कॉरपोरेट इंवेस्टमेंट के लिहाज से सबसे ज्यादा फायदे में हैं। इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार के प्रयास हर मायने में सराहनीय कहे जाएंगे।

## खास बात
# मन का श्रंगार

निवेदिता श्रीवास्तव

श्रृंगार चिन्ह के औचित्य पर मनन करने से भी प्रबल प्रश्न मेरे मन में यही उठता है कि श्रृंगार है क्या... क्या मात्र तन को नानाविध सज्जा करना ही श्रृंगार है या मन को सज्ज करना भी! बहुधा हम मन को भूल ही जाते हैं और विविध सामाजिक और पारिवारिक परम्पराओं की ही टीका करते रह जाते हैं। चेतना का बोध होते ही सबसे पहले मन को श्रृंगारित करना चाहिए। मनन की धारा सन्तुलित करके आत्मबल को दृढ़ करना चाहिए, साथ ही वाणी पर संयम भी हो। वाणी पर संयम का अर्थ मात्र इतना ही है शब्दों का चयन और बोलने का तरीका कटु न हो। मन के इस सौंदर्य के साथ हम श्रृंगार चिन्ह की तार्किकता पर मनन करें तो औरों के लिये भी स्वीकार्य होगा। तथाकथित प्रचलित सोलह श्रृंगार की बात करूं तो यह एक आदत की तरह सोच में शामिल हो गयी है, जो विभिन्न अवसरों पर मुखरित हो उठता है और शकुन-अपशकुन के मकड़जाल में फंसाये रखता है। सनातन काल से स्त्री घरों के अन्दर ही रहती थी और परिवार की प्रतिष्ठा की द्योतक भी समझी जाती थी। स्त्रियों के साज-श्रृंगार को भी इसी से जोड़ा जाता था। जितना अधिक सम्पन्न घर, उतने ही अधिक आभूषणों और श्रृंगार से सज्जित होगी उस घर की स्त्री।

साथी की मृत्यु के बाद स्त्री के लिये श्रृंगार वर्जित करने के पीछे पुरुषवादी सोच का मूल कारण उसको अधिकारहीन अनुभव करवाना ही रहता होगा। इन श्रृंगार चिन्हों को धारण करने के पीछे स्वयं के आकर्षक दिखने से मिलने वाला आत्मविश्वास भी एक कारण है। इनके पीछे कुछ वैज्ञानिक कारण भी हैं। पति के न रहने पर श्रृंगार न करने देना सर्वथा अमानवीय कृत्य है।

वह कैसे रहना चाहती है, यह निर्णय स्वयं स्त्री का होना चाहिए। जो और जैसे करने से उसके मन को शान्ति मिले, वही करना चाहिए। परम्पराओं को मात्र परम्परा न मान कर जीवित रहने में सहायक की तरह ही अपनाना चाहिए, न कि किसी के मन को और भी तोड़ने के लिये और तन से ज्यादा मन के श्रृंगार के प्रति सजग और सन्नद्ध रहना चाहिए। तन के साथ मन का भी श्रृंगार हो और सबका हो।

# वैदिक देवता

## विचार-प्रवाह

सुभाष काक

इसी तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वास्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है।

वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया।

इससे पता चलता है कि तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। आइए मिलते हैं उन वैदिक देवताओं से जो आज के जापान में लोकप्रिय हैं।

## कार्टून वर्ल्ड



कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम




झूठी प्रसिद्धि बटोरने और लोगों को झूठा सपना दिखाने की हड़बड़ी में झारखंड सरकार आनन-फानन में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का ढोल पीट रही है, जबकि सरकार को खुद नहीं पता कि ये पैसे कहाँ से आएंगे ?मुख्य सचिव ने खुद इसपर सवाल खड़े किए थे, वित्त विभाग के प्रस्ताव ही अस्पष्ट है।

**– बाबूलाल मंराडी**

## आपके ट्वीट

देश के राजा का हुक्म है - जो बेरोजगारी, महंगाई, गलत जीएसटी, अग्निपथ पर सवाल पूछेगा - उसे कारागृह में डाल दो। भले ही मैं अभी हिरासत में हूं, भले ही देश में अब जनता की आवाज उठाना जुर्म हो, लेकिन वो हमारा हौसला कभी नहीं तोड़ पाएंगे। **-राहुल गांधी**





शुभ फलदायिनी श्रावण मास की आप सभी को अनन्त मंगलकामनाएं।

भगवान भोले भंडारी और माता पार्वती सम्पूर्ण जगत का कल्याण करें।

ॐ नमः शिवाय।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# श्रम शक्ति में महिलाओं की घटती भागीदारी

महेश व्यास

श्रम शक्ति भागीदारी का उम्र के आधार पर वितरण अंग्रेजी के उलटे ह्ययूह्न अक्षर के आकार का नजर आता है। युवा अवस्था में यानी 15 से 19 वर्ष की आयु में बहुत कम लोग रोजगार की तलाश करते हैं। यह बात समझी जा सकती है क्योंकि इस उम्र में अधिकांश लोग पढ़ाई कर रहे होते हैं। जनवरी-अप्रैल 2022 के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे के मुताबिक इस आयु वर्ग के केवल 4.2 प्रतिशत लोग ही रोजगार की तलाश में थे। 20 से 24 वर्ष की आयु के लोगों में से 34 प्रतिशत लोगों ने जनवरी से अप्रैल 2022 के बीच रोजगार की तलाश की। 25 से 59 वर्ष की आयु के लोगों में यह प्रतिशत बढ़कर 50 से 60 के बीच हो गया। वहीं आयु के दूसरे छोर पर देखें तो 60 से 64 वर्ष की उम्र के की उम्र के लोगों में से 24 प्रतिशत लोग श्रम बाजार में थे जबकि 65 वर्ष से अधिक आयु के 7 प्रतिशत लोग श्रम बाजार में हिस्सेदारी के इच्छुक थे।

श्रम भागीदारी दर का यह वितरण महिलाओं और पुरुषों के लिए एकदम अलग-अलग है। पुरुषों के मामले में यह एकदम उलटे यू के आकार का है जबकि महिलाओं के मामले में इसका आकार उलटे यू जैसा अवश्य है लेकिन सटीक बिल्कुल भी नहीं है। ध्यान से देखने पर पता चलता है कि युवा महिलाओं का बड़ा हिस्सा श्रम बाजार में शामिल अवश्य होता है लेकिन उनमें से कई बहुत जल्दी श्रम बाजार से दूर भी हो जाती हैं। ये महिलाएं 20 से 30 की उम्र के बीच श्रम शक्ति से बाहर होती हैं और तीसरे दशक के आखिर में दोबारा काम पर वापसी करती हैं। यह पुरुषों के व्यवहार से एकदम उलट है।

## राज्यों से

पुरुषों की श्रम भागीदारी दर 15 से 19 वर्ष के लिए 6 फीसदी से बढ़कर 20 से 24 वर्ष के लिए 46 फीसदी हो जाती है। इसके बाद इसमें तेज इजाफा होता है और यह 90 प्रतिशत पर पहुंच जाती है। 25 से 59 आयुवर्ग के पुरुषों की औसत श्रम शक्ति भागीदारी दर 95 प्रतिशत है। जाहिर है एक उम्र के बाद अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में रहते हैं।

श्रम बाजार में पुरुषों की भागीदारी में कमी तब आती है जब वे 60 की उम्र में होते हैं। भारत में यही सेवानिवृत्ति की उम्र है। 60 से 64 वर्ष के पुरुषों में श्रम शक्ति भागीदारी घटकर 46 फीसदी रह जाती है। 64 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में यह और गिरती है लेकिन यह करीब 13 फीसदी रहती है। वरिष्ठ नागरिकों की यह श्रम शक्ति भागीदारी उम्र के दायरे में अधिक समावेशी स्थिति का प्रतिनिधित्व करती है।

महिलाओं की श्रम भागीदारी दर पुरुषों की तुलना में काफी कम है। जनवरी-अप्रैल 2022 के दौरान पुरुषों की श्रमशक्ति भागीदारी दर 66 फीसदी थी जबकि महिलाओं की 9 फीसदी। 25 से 59 की आयु के पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी दर 90 फीसदी से अधिक है जबकि इस आयुवर्ग की महिलाओं में यह दर कभी 20 प्रतिशत का स्तर पार नहीं कर पाई। 2016 के बाद लगे आर्थिक झटकों के बावजूद पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी में आयु का वितरण अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। महिलाओं के साथ ऐसी बात नहीं है। पुरुषों में श्रमशक्ति भागीदारी के आयु वितरण के मामले में उलटे ह्ययूह्न के आकार की व्यवस्था लगभग अपरिवर्तित रही है जबकि महिलाओं के मामले में यह अपेक्षाकृत कमतर रहा।अगर 2016, 2018, 2020 और 2022 के जनवरी-अप्रैल के आंकड़ों की तुलना की जाए तो हमें पता चलता है कि 2016 में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी दर सबसे अधिक थी। यानी 2016 में हर आयु वर्ग में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी उच्चतम स्तर पर थी। उसके बाद इसमें लगातार गिरावट आई।

## लेटर टू एडिटर

### सामंजस्य से प्रगति

लैंगिक असमानता महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देती है। महिलाओं के साथ सम्मान के साथ सही व्यवहार किया जाना चाहिए। पुरुष वर्ग को इसके लिए अपनी संकीर्ण सोच से बाहर निकलने की जरूरत है। स्त्री और पुरुष दोनों समाज के सिक्के के दो पहलू हैं। इनके आपसी सामंजस्य से ही समाज प्रगति करता है। समाज की यह उचित व्यवस्था है।

**- नेहा,जमशेदपुर**

### मीडिया को चेतावनी

प्रधान न्यायाधीश ने यह भी कहा कि गलत जानकारी और एजेंडा से चलने वाली डिबेट लोकतंत्र के लिए खतरनाक साबित होती हैं। उन्होंने कहा ह्यमीडिया के फैलाए जा रहे पक्षपातपूर्ण विचार लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं और सिस्टम को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी जिम्मेदारी से भागकर आप हमारे लोकतंत्र को दो कदम पीछे ले जा रहे हैं।

**–अविनाश सिंह, रांची**

# सोशल मीडिया का समाज पर बढ़ता प्रभाव

नितिन देसाई

विगत दो दशकों में भारत में इंटरनेट का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2000 में जहां इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या महज 50 लाख थी, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 50 करोड़ से भी अधिक हो चुकी है। लेकिन सेवा प्रदाता प्लेटफॉर्म जिस तरह से इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं उसका नियमन इन सेवाओं के परंपरागत प्रदाताओं की गतिविधियों की तुलना में बहुत कम है।

सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि फिल्म एवं मनोरंजक कंटेंट देने वाले प्लेटफॉर्म और समाचार एवं सामयिक मुद्दों पर जानकारी परोसने वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अब सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निगरानी दायरे में आ गए हैं। जब फिल्मों की बात आती है तो इसके पीछे मंशा सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों पर लागू होने वाले सेंसरशिप मानदंडों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए भी लागू करने का नजर आता है। लेकिन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े ऑनलाइन समाचार प्लेटफॉर्मों के बारे में इस अधिसूचना के संभावित असर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इंटरनेट प्रिंट मीडिया या टेलीविजन चैनल जैसे परंपरागत स्रोतों की तुलना में समाचार एवं सूचनाओं से परिचित होने का कहीं बड़ा जरिया होता जा रहा है। कहीं से भी पहुंच आसान होने से यह एक अच्छी बात भी है। लेकिन इसका एक प्रमुख नकारात्मक

## सामयिक

पहलू यह है कि फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब या व्हाट्सऐप जैसे इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध खबरों के स्रोत का जिक्र सही ढंग से नहीं होता है और इसकी वजह से यह माध्यम फर्जी खबरों को बहुत आसानी एवं जल्दी से फैलाने का अहम साधन बन गया है। ऑक्सफर्ड स्थित रॉयटर्स इंस्टीट्यूट की इंडिया डिजिटल न्यूज रिपोर्ट ने मुख्य रूप से शहरों के अंग्रेजी-भाषी लोगों के बीच एक सर्वे किया था। इस सर्वे से पता चला कि ऑनलाइन समाचार ने सामान्य तौर पर (56 फीसदी) और खासकर सोशल मीडिया (28 फीसदी) ने 35 साल से कम उम्र के प्रतिभागियों के बीच समाचार जानने के मुख्य स्रोत के तौर पर प्रिंट (16 फीसदी) को काफी पीछे छोड़ दिया है। वहीं 35 साल से अधिक उम्र के प्रतिभागी खबरों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों का मिलाजुला इस्तेमाल करते हुए पाए गए।

ऑनलाइन खबरें देखने-पढ़ने के लिए 68 फीसदी प्रतिभागी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे थे जबकि 52 फीसदी लोगों ने कहा कि वे व्हाट्सऐप पर आने वाली पोस्ट को पढ़कर खबरें जानते हैं। व्हाट्सऐप कोई समाचार प्रदाता प्लेटफॉर्म नहीं है लेकिन इसका इस्तेमाल फर्जी खबरों को आसानी से फैलाने के लिए खूब किया जाता है। साझा की जाने वाली खबरों में एक बड़ा हिस्सा राजनीतिक खबरों का होता है और फर्जी खबरों को फैलाने के मामले में दक्षिणपंथी सोच वाले मंच वामपंथी रुझान वाले मंचों की तुलना में कहीं अधिक संगठित हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक फर्जी खबरों को साझा करने में सामाजिक-आर्थिक पहचान की भूमिका अहम होती है। खासकर दक्षिणपंथी विचार वाले लोग एक साझा आख्यान पेश करने वाली खबरें शेयर करते हैं जबकि वामपंथी धड़े एक आख्यान पेश करने को लेकर बंटे हुए दिखाई देते हैं। फर्जी खबरों के स्रोत में भी सबसे अधिक दिलचस्पी दिखाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'फर्जी खबरें देने वाले ट्विटर हैंडल में से अधिक भाजपा-समर्थक खेमे में आते हैं, भाजपा-विरोधी धड़े में होने के बजाय'।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### रातू पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**रातू।** थाना कांड संख्या 190/20 के नामजद अभियुक्त और बिजुलिया निवासी सलामत अंसारी के पुत्र अशफाक अंसारी उर्फ आनंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उस पर एक नाबालिग को रेप करने का आरोप है।

### शंकरी प्लस टू उवि में सीसीटीवी की चोरी

**इटकी।** इटकी दरहाटांड़ स्थित राजकीयकृत शंकरी प्लस टू उवि में सोमवार की रात चोरी हो गयी। चोर स्कूल के सीसीटीवी का डीवीआर सेटअप बॉक्स, 360 डिग्री का एक बड़ा कैमरा, एक छोटा कैमरा, माइक, की.बोर्ड व माउस के अलावा तीन सौ रुपये चुरा ले गये। स्कूल के प्रिंसिपल नीलिमा लकड़ा के अनुसार चोरों ने वेंटिलेटर तोड़ कर स्टाफ रूम व खिड़की के सहारे मुख्य कार्यालय में प्रवेश किया। चोरों ने लोहे के छह आलमारियों का दरवाजा तोड़ डाला। चोर को तीन सौ रुपये हाथ लगा। कागजा सुरक्षित हैं। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अमित प्रशांत द्वारा छानबीन के क्रम में स्कूल के कुआं के समीप से छोटा कैमरा को बरामद किया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बेड़ो में नाली निर्माण के लिए सीमांकन का कार्य आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड प्रशासन द्वारा नाली निर्माण कार्य को लेकर सीमांकन बुधवार को किया जाएगा। ताकि पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर प्रखंड प्रशासन ने मंगलवार को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से दुकानदारों व ग्रामीणों को सूचना प्रसारित किया है। वही अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने सीमांकन कार्य करने में सहयोग करने की अपील किया है।

### 50 किसानों के बीच मड़ुआ बीज का वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत के गोमियाडीह गांव मे आत्मा रांची द्वारा एनएफएसएम योजना के तहत 50 किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर मड़ुआ बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण में चयनित किसानों का ब्लाक चेन के माध्यम से पंजीकृत कर लाभुकों के मोबाइल में ओटीपी जारी करते दिया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित, बीटीएम दीनानाथ भगत, ग्राम प्रधान, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

### मांडर : स्टोन चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त

**मांडर।** मांडर पुलिस ने मंगलवार को स्टोन चिप्स लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार सोसई आश्रम के निकट पकड़े गये ट्रैक्टर के चालक के पास स्टोन चिप्स से संबंधित किसी प्रकार का कागजात नहीं थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में ट्रैक्टर के चालक से मांडर कालेज के समक्ष स्टोन चिप्स डंप कर उसे ट्रैक्टर से उठाकर क्षेत्र में बेचने की जानकारी भी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### विधायक ने किया परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

**बुंडू।** अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में जनसंख्या स्थिरता अभियान के तहत परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन माननीय तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा एवं उपाध्यक्ष दिलीप कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें परिवार नियोजन पर चर्चा किया गया। जिसके तहत 13 महिलाओं का बंध्याकरण एवं एनएसजी का सफल ऑपरेशन किया गया।

### खलारी : झामुमो का धरना स्थगित

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड के द्वारा जन समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम स्थागित करने का निर्णय लिया। मंगलवार को एनके एरिया कार्यलय सभागर में एक बैठक किया गया। बैठक में एनके एरिया प्रबंधन के द्वारा झामुमो के द्वारा सारी मांग को स्वीकार किया गया। बैठक में सीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।

# वाहन लूटकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

## लूट का वाहन खरीदने वाला भी धराया

## नंबर प्लेट चेंज कर बेच दिया था वाहन



छानबीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपितों द्वारा स्कार्पियों का नंबर प्लेट डब्लयूबी 8 एस- 7716 बदल कर कलकत्ता हावड़ा के गुम्पाजी से बेच दिया गया है, जिसके बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कराते हुए सबसे पहले वाहन खरीदने वाले को गिरफ्तार कर स्कार्पियो बरामद किया और उसी की निशानदेही पर पटना के सुशील कुमार व मुकेश कुमार को भी धर दबोचा गया। पुलिस द्वारा एक और फरार आरोपित अरूण कुमार को भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपितों द्वारा नौकरी के नाम पर लोगों से रुपए की ठगी भी करते हैं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** नशीला पदार्थ खिला कर वाहन लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के दो आरोपितों को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस द्वारा लूट के स्कार्पियो को बरामद करते हुए खरीदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के चुटूपालू में तीन जून की हुई घटना के संबंध में बताया गया कि पटना के वाहन मालिक अशोक कुमार मिश्रा से चार अपराधी उनकी सफेद रंग की स्कार्पियो बीआर-1 एसबी- 2704 को रिजर्व क र दिवड़ी मंदिर पूजा करने गए थे। लौटने के दौरान आरोपितों ने घटना को अंजाम दिया था। चुटूपालू स्थित एक लाइन होटल में भोजन करने के दौरान चालक मंटू सिंह को नषिला पदार्थ खिला दिया गया। होटल में चालक का अचानक तकियत खराब होने की बात बोल कर सभी चालक को साथ लेकर चले गए। रास्ते में चांडिल के पास चालक को फेंक कर सभी स्कार्पियो लेकर फारार हो गए थे। वाहन मालिक द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराने के बाद सिल्ली डीएसपी ख्रिस्टोफर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा घटना का पदार्फाश किया गया है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

ओरमांझी। बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाकइ सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार मेदांता हॉस्पिटल इरबा में चल रहा है। 10 जुलाई की रात 10.30 बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के पाहन टोली इरबा के दिलीप उरांव (20 वर्ष) वर्तमान में बचरा टंडवा में रहता है। वह अपने मित्र अरूण पाहन के साथ एनएस 200 बाइक जेएच 01 इजेड- 9653 में सवार होकर रांची से रामगढ़ की ओर जा रहा था। दुर्घटना के बाद दोनो बाइक सहित सड़क पर गिरे पड़े थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों को उठाकर उपचार के लिए मेदांता हॉस्पिटल लाया गया था। तबतक दीपक उरांव की मौत हो चुकी थी। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है।

# रातू : शराब की दुकान बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

## डेली मार्केट का मामला, खूनी संघर्ष की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** चट्टी डेली मार्केट स्थित लाइसेंसी शराब की दुकान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। अमन-पसंद, शिक्षित और संभ्रांत मुहल्ले में संचालित दुकान में आये दिन मारपीट, गाली-गलौज व हथियार लहराने की घटनाएं होती रहती है। इसकी वजह से महिलाएं घर से बाहर निकलने में हिचकिचाती हैं। शाम में यहां का नजारा ही बदल जाता है। इससे यहां खूनी संघर्ष की आशंका जतायी जा रही है। कई बार पीसीआर के पुलिस पदाधिकारी और जवानों के हस्तक्षेप से हादसा टल गया।

### अवैध वसूली का आरोप

काठीटांड़ निवासी रामप्रसाद उर्फ बाबू साहू ने चौक स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर संचालक की ओर से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों से फ्रीजर खर्च के तौर पर निप्स में 10, हाफ में 20, फुल में 40 और बीयर में 10 रुपये अतिरिक्त कीमत ली जा रही है। इससे लोगों में नाराजगी है।

### तैयार हो रही है आंदोलन की पृष्ठभूमि

मामले को लेकर चट्टी, आमटांड़ और लीची बागान के लोगों में आक्रोश है। उत्पाद विभाग के खिलाफ आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। सरकार को राजस्व की हानि न हो, इसका ख्याल रखते हुये पहले चरण में दुकान के अन्यत्र स्थानांतरण की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# सोनाहातू : दुलमी गांव में दो पक्षों में मारपीट, सनहा दर्ज

## जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दुलमी गांव में जमीनी विवाद में दो पक्ष में मारपीट हुई है जिसमें दो महिला घायल हुई है। एक पक्ष के आवेदन में अनिता देवी ने जन्मेंजय कोईरीए सुरेश कोईरीए सुफल कोईरीएओर कान्तो कोईरी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि शौचालय का गड्ढा खोद रही थी उसी वक्त इन लोगों ने गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट किया है, जिससे मेरा सिर में गंभीर चोट लगी है। इधर दूसरे पक्ष के सरस्वती देवी ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मौजा हेसाहातूए खाता संख्या 6ए प्लॉट संख्या 202 एरकवा 50 डिसमिल जमीन पर अंचल कार्यालय में मुकदमा चल रहा है। कोई भी निर्माण कार्य पर रोक लगा हुआ है एपरंतु द्वितीय पक्ष के अशोक मेहता एसुनीता देवीए महेश्वर मेहता एअनीता देवी जबर्दस्ती मकान निर्माण कर रहा था निर्माण कार्य को रोके जाने पर मारपीट किया है। जिससे सरस्वती देवी घायल हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने कहा कि दोनों पक्ष के आवेदन पर सनहा दर्ज किया गया है।जांच के बाद ही आगे की करवाई किया जायेगा।

# अनगड़ा में विकास योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक श्री कच्छप ने सर्वप्रथम चिलदाग गांव के पोखर टोला में विधायक मद से स्वीकृत गार्ड वॉल निर्माण योजना की आधारशिला रखी इसके बाद नारायणशोशो गांव में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण जानूम सामूदायिक भवन के पास दो अतिरिक्त कमरा का निमार्ण तथा पैका टूंगरी टोला में चतरा बूढ़ी बेड़ा में तथा जरगा गिरजा टोली में अपने विधायक मद से स्वीकृत चबूतरा निर्माण पैका करमढीपा विधायक मद से हीं स्वीकृत गार्ड वॉल निर्माण योजना की आधारशिला रखी । मौके पर उन्होंने कहा कि खिजरी विधान सभा के प्रत्येक गांव टोला में विकास कार्य की गति को तेज करना है । गांव टोला को पूल पुलिया और सड़क से जोड़ना है।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रमुख जयपाल हजाम, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, पंस सदस्य रौशनी कुमारी, पंस सदस्य अनीसा खातुन, मुखिया दुर्गा पहान, पूर्व मुखिया अनिता देवी, शिवदास गोस्वामी, राजेन्द्र मुंडा, एतवा उरांव, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, जगेश्वर महतो, शफीक अंसारी, सिद्दीक अन्सारी, अब्दुल इमाम अंसारी, रब्बानी राज, सुनील महतो, घनेनाथ महतो, विजय महतो, पूर्व मुखिया सरिता, लोकनाथ पहान, अजय आर्या, इरफान अंसारी, संवेदक राजेन्द्र महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

एक नजर में

### सताकी से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना




**राहे।** प्रखंड के सताकी पंचायत के 50 कांवरियों का जत्था बस से सड़क मार्ग के द्वारा जलाभिषेक करने के लिये देवघर रवाना हुआ। सभी शिव भक्त सुल्तानगंज पहुंच कर गंगा जल लेकर कांवड़ लेकर देवघर पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे। सभी भक्त बासुकीनाथ में भी जलाभिषेक करेंगे। राहे गोमदा मोड़ से सभी को झंडा दिखाकर रवाना किया गया।

### अमित महतो की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण

**तमाड़।** बिरसा उलगुलान मोर्चा की बैठक गैस गोदाम डोड़ेया तमाड़ में दमयंती मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन दुबराज सिंह महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मोर्चा का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक रतन सिंह मुंडा, अध्यक्ष दमयंती मुंडा, उपाध्यक्ष सुदर्शन महतो, सचिव भगीरथ सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष श्रवण सिंह मुंडा, संयोजक दुबराज सिंह महतो के अलावा 11 कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार गैस गोदाम से डोड़ेया मोड़ तक दमयंती मुंडा के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में विष्णु लोहरा, शिव लोहरा, राजू नायक, संजू स्वांसी, रोहितेश्वर महतो, अजय स्वांसी, सुदर्शन महतो, दुबराज सिंह महतो, प्रधान महतो, भगीरथ सिंह मुण्डा, डोमनी मुंडा, तारा देवी, दुलाली कुमारी, बेहोल्या देवी, विष्णु मुण्डा, उमेश महतो शामिल रहे।

### नगड़ी प्रखंड परिसर में बीओआइ का मेगा सेल्फ हेल्फ ग्रुप का आयोजन




**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखण्ड परिसर में बैंक ऑफ इंडिया नगड़ी शाखा द्वारा मेगा सेल्फ हेल्फ ग्रुप का आयोजन किया गया। कैंप में बैंक ऑफ इंडिया के सेन्ट्रलए एवं जोनल ऑफिस के वरीय अधिकारीए जेएसएलपीएस बीपीएम एवं आजीविका सखी मंडल की दीदी उपस्थित रहे। मेगा कैंप में नगड़ी प्रखण्ड के 5 सेल्फ हेल्प ग्रुप को 10ए.10 लाख का बैंक लिंकेज लोन का सेंक्शन लेटर दिया गया। बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया में जेएसएलपीएस द्वारा नियुक्त बैंक सखी को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में बैंक ऑफ इंडिया नगड़ी में कार्यरत बैंक सखी रेणूका देवी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# रोजगार और क्षेत्र के विकास के लिए ठोस कदम उठाये सीसीएल प्रबंधन : रैयत

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक चूरी दक्षिणी पंचायत भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुनील यादव ने एवं संचालन रविंद्र यादव ने किया। बैठक में रोजीए रोजगार एवं विस्थापित गांव के विकास के बारे में चर्चा किया गया। चर्चा में खदान खोलते वक्त बड़ी.बड़ी वादा करके सीसीएल प्रबंधन रैयतों से जमीन ले लिया पर अभी तक रोजी रोजगार एवं विकास के नाम पर प्रबंधन रैयतों को ठेंगा दिखाता आया है। सीसीएल प्रबंधन रोजगार एवं विकास ;बिजली पानी सड़कद्ध पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी सी सी एल प्रबंधन की होगी। मौके पर चूरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया मलका मुंडा रविंदर यादव अरुण यादव संतोष महतो प्रयाग यादव गणेश यादव किशोर यादव वीरेंद्र यादव कैलाश यादव राजू यादव मेघा यादव गोल्डी यादवए श्याम जी महतो शिव यादव अनिल यादव बबलू यादव बबन यादव फुलेश्वर यादव कैलाश यादव कमलेश यादव कमलेश यादव मनोज यादव फुलेश्वर यादव आनंद तुरी सहित अन्य ग्रामीण रैयत उपस्थित थे।

# बेड़ो : लाभुकों के बीच 15 बकरा और 60 बकरियों का वितरण



**बेड़ो।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को 15 लाभुकों के बीच 15 बकरा और 60 बकरियों का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों के बीच पशुधनों का वितरण प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा संजय उरांव की देखरेख में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, प्रमुख विनीता कच्छप उपप्रमुख मोद्दसिर हक जिप सदस्य बेरोनिका उरांव विधायक प्रतिनिधि किशोर सिंह प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव व पंचायत के मुखिया ने किया। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति को 90 प्रतिशत व अन्य को 75 प्रतिशत अनुदान में दिया गया। मौके पर बीड़ीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत प्रखंड पशुपालन विभाग की ओर से बकरी और बकरा का वितरण लगातार किया जा रहा है।

# किसानों को बताये सोलर लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम के फायदे

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नगड़ी गांव में मंगलवार को सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए जर्मन कॉपरेशनए जीआईजेड एफआईसीसीआई सिजेंडा फाउंडेशन इंडिया व टीआरआई के सदस्य ने सोलर एरिगेशन का अवलोकन किया। जहां जिआएजेड के सिरैनाए नीलांजन व प्रेरणा टीआरआई के बापी गोराई सुर्ज्यकान्ता कर ब्लॉक कोडिनेटर सचिन सिंह ने नगड़ी में लगे सोलर से संचालित एरिगेशन सिस्टम पर चर्चा करते हुए में किसानों क्या फायदा है उनसे जानकारियां लिया। जहां किसानों ने बताया कि सिंचाई के लिए किसी प्रकार का बिल नही देना पड़ता है। जिससे किसानों के आय में बढ़ोतरी कृषि कार्य में सुविधा घर में बिना खर्च के पानी मिलना सोलर से जान माल का खतरा नही है। इसे आसानी से चलाया जा सकता है। इसके पूर्व अतिथियों का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर टीआरआई अख्तर मिरदाहा परवीन सिंह पवन कुमार चंदन कुमारए रायमनी तेतरु आदि मौजूद थे।

# मैट्रिक-इंटर के टॉपर विद्यार्थी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को आयोजित ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह में जैक बोर्ड के मैट्रिक व इंटर परीक्षा में इटकी प्रखंड टॉपर्स व प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मैट्रिक में बालिका उच्च विद्यालय इटकी की छात्रा सारिया सना 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर रही जबकि सनोबर सना 95 प्रतिशत व उमरा कौसर ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले प्रखंड के 286 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की व सफलता की कई टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शारीरिक व मानसिक अनुशासन जरूरी है। विद्यार्थी अनुशासन में रह कर सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें तो कामयाबी उनका कदम चूमेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संचालन बीपीओ पम्मी सिन्हा ने किया। समारोह में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, बीईईओ सुनील कुमार केसरी, वहाब हमजा, यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक रोबाब नगमा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मुखिया निर्मला भेंगरा, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, घोमा सिंह, अबरार इमाम, बलराम गोप, अबुमाज, सुनील मिंज, ताहिर अंसारी, अजय गोप, राजन किस्पोट्टा, अहमद अंसारी सहित छात्र छात्राएं व ग्रामीण मौजूद थे।

# सिदालू गांव में जरूरतमंदों के बीच साड़ी, गमछा का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** बहेरा पंचायत के ग्राम सिदालू में साड़ी गमछा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेता धनराज भोगता और विशिष्ट अतिथि पिपरवार मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो उपस्थित हुए। भाजपा ने करण कुमार महतो के द्वारा करीब 50 गरीबएविधवाए बुजुर्ग के बिच साड़ीएगमछा वितरण किया गया। साडी गमछा का वितरण यह कोई फंड या किसी के सहयोग से नहीं किया जा रहा है करण कुमार महतो अपने सौजन्य से गरीब और जरूरतमंदों के बीच सेवा करते आ रहे हैं पहले भी करण जी का योगदान समाज के लिए किया जाता था। इस तरह के समाज कल्याण कार्य को देखकर इस क्षेत्र के युवाओं को इन से प्रेरणा लेते है। इस बीच भाजपा नेता सह समाजसेवी सोनू गुप्ता ने बताया की करण जी का कार्य सहारनीय हैं क्षेत्र के बुद्धिजीवी और सामाजिक युवाओं को करण जी के कंधे से कंधा मिलाकर साथ देना चाहिए जिससे इस क्षेत्र का विकास हो।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा नेता धनराज भोगता पिपरवार मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो सहसंयोजक संजय कुमार भोगता समाजसेवी सोनू गुप्ता बासुदेव गंझू शिवशंकर गंझू भुनेश्वर गांझू उमेश गांझू सोनी कुमारी सविता देवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# मेधा सह दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजूपाड़ा में मंगलवार को मेधा सम्मान सह दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राएं के दादा-दादी, नाना-नानी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी के पांव धोकर उनका तिलक वंदन करके पैर छूकर अभिवादन करते हुए उनका सम्मान किया। इसके बाद मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो व विद्यालय के प्राचार्य शंभु कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें विद्यालय के मैट्रिक व इंटर में टॉपर विद्यार्थियों को अतिथि द्वारा मोमेंटो पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मांडर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि वरिष्ठ जन के अनुभव और उनका बहुमूल्य समय ही आज के बच्चों के लिए अमूल्य निधि है। अतः आपका मार्गदर्शन बच्चों के साथ-साथ हमारे विकास में भी उपयोगी है। आधुनिक युग में बच्चे संस्कार व संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं उनमें संस्कार भरने के लिए उन्हें अपने दादा-दादी, नाना-नानी के पास रहकर उनकी द्वारा सुनाई गई कथा कहानियों के द्वारा सभ्यता संस्कृति से अवगत कराया जाए। तथा बच्चों को आउटडोर गेम के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित किया जाए। मौके पर अरविंद सिंह, रांची जिला विभाग प्रमुख मनिन्द्र झा नंद किशोर साहू योगेंद्र यादव मकेश्वर राम महली बबिता सिंह अशोक कुमार गुप्ता व कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

### शिक्षा से बदल सकते हैं दुनिया

शिक्षा एक ऐसी संस्था है जिससे हम दुनिया को बदल सकते हैं। हमारा विद्यालय संस्कार संस्कृति एवं सदाचार के लिए विशेष रूप से जाना जाता है इसी कड़ी में आज यहां दादा. दादीए नाना. नानी का पूजन समारोह का आयोजन कर रहे हैं। संस्कृति और सामाजिक कर्तव्य के विकास करने के लिए शिशु मंदिर हमेशा प्रयासरत है और रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य शंभु कुमार सिंह ने कहा की वर्तमान पीढ़ी दादा. दादीए नाना. नानी की देन है। संस्कार का प्रथम पाठशाला हमारे बुजुर्ग हैं। बिना संस्कार के चरित्र निर्माण संभव नहीं होता। इसलिए उनका आदर सम्मान करना हमारा अपना दायित्व बनता है।

# बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार स्वास्थ मेला का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को 15 दिनों तक चलने वाले परिवार स्वास्थ्य मेला का उदघाटन बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम, डॉक्टर अमरनाथ कुमार, मुखिया नरेश लोहरा, पत्रकार सुरेन्द्र गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये डॉक्टर सुरेश राम ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य है कि आज देश में जनसंख्या की लगातार वृद्धि हो रही है उसे रोकने के लिए यह परिवार नियोजन मेला लगाया गया ताकि लोग छोटा परिवार सुखी परिवार रह सके। 15 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में, फैमिली प्लानिंग के तहत महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी किया जाएगा एवं लाभुकों को सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि एवं प्रेरकों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं इस मेले में कोपर्टी, अंतरा समेत कई तरह की तकनीकी उपयोग से फैमिली प्लानिंग के लाभ की जानकारी दी जाएगी एवं सरकार द्वारा उपलब्ध की गई सामग्री का वितरण किया जाएगा। वहीं डॉ. अमरनाथ प्रसाद ने कहा कि बालूमाथ में पुरुष नसबंदी प्रत्येक दिन की जाती है आप कभी भी आकर पुरुष नसबंदी करा सकते हैं। वैसे इस मेला की जानकारी गांव ग्रामीणों को देकर इसका लाभ उठावे। वही महिला चिकित्सक डॉक्टर आलीशा टोप्पो ने लोगों से अपील कि सरकार की इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग ले। इस मौके पर एएनएम विमला देवी, रीता देवी, जीएनएम कांति कुमारी, रीता टोपो, गंगोत्री देवी, सहिया शिला देवी, बीपीटी शांति देवी, प्रेम गुप्ता, मिथलेश कुमार, अरुण कुमार, बृंदा गोप, मुकेश यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य मेला मे उपस्थित लोग

# ग्रेड पे कम किए जाने के खिलाफ एनएमओपीएस ने जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जन सेवकों का ग्रेड पे कम किए जाने के खिलाफ एनएमओपीएस लातेहार ने उनके समर्थन में बैच लगाकर विरोध जताया है। जन सेवकों का झारखंड सरकार के द्वारा ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 किये जाने के विरोध में एनएमओपीएस लातेहार के जिला संयोजक प्रदीप कुमार सिंह एवं संरक्षक हीरा प्रसाद यादव के नेतृत्व में लातेहार जिला के समस्त कर्मचारियों ने वेतन पेंशन पर कोई प्रहार नहीं सहेगा कर्मचारी परिवार, मैं जनसेवक के साथ हूं, लिखित बैच लगाकर विरोध किया। जिला के सभी कर्मचारी इस अन्याय के खिलाफ जन सेवकों के साथ है और जब तक उनको न्याय प्राप्त नहीं होती है तब तक सरकार का विरोध हम सभी एकजुट होकर करते रहेंगे। सरकार की यह कैसी नीति है कि जब बहाली 2400 ग्रेड पे में हुई है। उनकी सेवा 11 साल पूर्ण हो गई। उनकी सेवा संपुष्टि हो गई। एमएसीपी का लाभ मिल चुका है तो फिर किस आधार पर उनका ग्रेड पर कम किया जा रहा है। यह सरकार द्वारा बिल्कुल अनैतिक अन्याय पूर्ण कर्मचारी विरोधी कार्य है। संघ इसका पुरजोर विरोध करती है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जन सेवक संघ के अरविंद कुमार, अनीश कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, संजय प्रसाद, सुदामा सिंह, रामधनी यादव, कृष्ण कुमार भगत, उमेश कुमार सिंह, अविनाश, प्रेम राज शुक्ला, जगन सिंह, संजीव कुमार चंद्र समेत कई कर्मचारी शामिल थे।



विरोध करते एनएमओपीएस के लोग

# महुआडांड़ में खाद की काला बाजारी को लेकर छापामारी



**महुआडांड।** प्रखंड में डीएपी, यूरिया खाद एवं उर्वरकों की काला बाजारी पर लगाम लगाने के लिए सोमवार व मंगलवार को एसडीएम नीत निखिल सुरीन एवं बीडीओ अमरेन डांग ने कई खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों की जांच कर स्टॉक की उपलब्धता एवं वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम सुरीन ने सभी खाद विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वह अपनी-अपनी पीओएस मशीनों में खाद के फिजिकल स्टाक का मिलान करें तथा किसी भी प्रकार कि लापरवाही न करें साथ सभी नियमों का भी पालन करें। उन्होने सभी खाद विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी प्रकार की कालाबाजारी न करें, यदि उपरोक्त निर्देशों का किसी भी खाद विक्रेता ने उल्लंघन किया तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने खाद बीज से संबंधित दर तालिका दुकान के बाहर लगाने का निर्देश दिया।

## गढ़वाटांड़ मोहर्रम कमेटी का गठन, इस्तियाक सदर व आमिर खान बने खंजाची

# भाईचारे के साथ मनेगा मोहर्रम का पर्व : आमिर खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मोहर्रम को धूमधाम से मनाने को लेकर सोमवार की शाम गढ़वाटांड़ ताजिया चौक पर नौजवान मोहर्रम कमेटी की बैठक आमिर खान उर्फ डॉक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछले वर्ष हुए खर्च का ब्योरा प्रस्तुत किया गया और सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें इस्तियाक अंसारी को सदर और सरफराज सिद्दीकी को नायफ सदर बनाया गया। वहीं खजांची आमिर खान उर्फ डॉक्टर को बनाया गया। इसके साथ ही कमेटी के संरक्षक के पद पर ऐनुल हक, इज्जू खान, कलीम हवारी उर्फ राजू, परवेज खान और साबिर खान तथा निगरानी समिति में ऐनुल हक, कमालू हवारी, औरंगजेब खान, रुस्तम बारीक, लालो बारीक, इकरार खान, नसीम हवारी, राजा हवारी और शमशेर आलम को बनाया गया। वहीं नायफ मैनजमेंट के रूप में सैफ हाशमी और मीडिया प्रभारी दीपक राज को बनाया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त खंजाचि आमीर खान उर्फ डॉक्टर ने नवनिर्वाचित कमेटी के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गढ़वाटांड़ मोहर्रम कमेटी हमेशा गंगा जमुना तहजीब के तहत सार्वजनिक रुप से मिल जुलकर मोहर्रम मनाते आऐ है, जो बरवाडीह के लिए एक मिसाल है। इस वर्ष भी सबके सहयोग से लाखों की लागत से आकर्षक ताजिया का निर्माण कराया जाएगा, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते रहेगा। आमिर खान ने कहा कि यादें हुसैन की याद में मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जायेगा। बैठक में मुस्लिम समुदाय कई वरिष्ट और नौजवान युवक शामिल थे।



बैठक में उपस्थित नौजवान कमेटी के लोग

# पहली सोमवारी पर निकली भव्य कलश यात्रा, पुर्व विधायक हुए शामिल



**लातेहार।** सदर प्रखंड के कुलगढ़ा स्थित बटेश्वर धाम मे सावन मास की पहली सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ निकाले गए कलश यात्रा मे काफी संख्या मे महिला पुरुष श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। उक्त कलश यात्रा पूरा गांव भ्रमण कर बटेश्वर धाम पहुंचा। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष की जा रही थी। जहां श्रद्धालुओ ने नेम नियम से फूल धतूरा बेलपत्र आदि से पूजा अर्चना की और दूध से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। उक्त कलश यात्रा मे पुर्व विधायक प्रकाश राम शामिल हुए। मौके पर मुख्य पुजारी अलख नारायण सिंह, उपेंद्र भगत, रोशन कुमार, अजय सिंह, नंदलाल प्रसाद, बसंत सिंह, रमेश भैया, उमेश प्रसाद पंचायत समिति सदस्य समेत काफी संख्या मे महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# महुआडांड़ : जन्म-मृत्यु निबंधन संबंधित प्रशिक्षण व कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में महुआडांड़ स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. अमित खलखो, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धन श्याम चौबे, जनप्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद सभी पंचायत के मुखिया, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, एएनएम, सहीयाओं के साथ बैठक कर आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक प्रखंड स्तर पर कोविड-19 अवधि के दौरान छूटे हुए जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के शत-प्रतिशत निबंधन को लेकर विशेष अभियान चलाने की बात कही। अभियान के दौरान जन जागरूकता के लिए आम जनों में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के महत्व को समझाते हुए युद्ध स्तर पर प्रचार प्रसार करने संबंधित बातें कही गई। इस कार्य में जुड़े निबंधक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका पर कार्य करने वाले आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निबंधन कार्य संबंधित दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। 5 वर्ष से अधिक उम्र के वैसे बच्चे जिनका जन्म पंजीकरण नहीं हुआ है, उनकी सूची विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। वही आंगनबाड़ी केंद्र क्षेत्र के 0 से 5 वर्ष आयु तक के अपंजीकृत बच्चों का सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार करना बच्चे का जन्म घर में हुआ हो या आंगनबाड़ी क्षेत्र के अंदर किसी निजी संस्थान में जन्म हुआ है तो उसकी रिपोर्ट फार्म 1 में भरकर संबंधित लाभुक अभिभावक से स्वघोषित शपथ पत्र और आधार कार्ड की छाया प्रति लेकर जमा करने को कहा गया। साथ ही प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक जांच प्रतिवेदन की दर्ज करने का निर्देश दिया।



कार्यशाला में उपस्थित लोग

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्माण करने एवं सत्यापन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम, पशुपालन पदाधिकारी सुशीला बागे, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए बीडीओ ललिता बाखला ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए आंगनबाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों का नामांकन करवाना है। वही जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर लोगों को प्रोत्साहित भी करना है। क्योंकि स्कूलों में नामांकन के लिए जन्म प्रमाण पत्र की मांग की जाती है ऐसे में अब जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए भी आंगनबाड़ी सेविका घर-घर जाकर सत्यापन करेगी। इस कार्य में स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक सहयोग करेंगे।

# शिक्षा विभाग के तहत योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अन्तर्गत सभी योजनाओं (कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से कुल विद्यालयों की संख्या, बीआरसी, सीआरसी, बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी, शिक्षक, मध्याह्न भोजन, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय समेत अन्य सभी संबंधित को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षकों कि उपलब्धता, पठन पाठन की व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि नियमानुसार छात्र-छात्राओं का नामांकन कर शत प्रतिशित रिक्त सीट को भरें। साथ ही कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा आवयश्कता आधारित विद्यालयों में डीप बोरिंग कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, जिला मध्याह्न भोजन कोषांग प्रभारी, सभी प्रखण्ड के सहायक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान की अध्यक्षता में मंगलवार को की गई। जहां सभी विभाग के पदाधिकारी पहुंचे। जिस विभाग के पदाधिकारी नहीं पहुंचे उनके लिए सोकोज निकालने की बात अध्यक्ष ने कहा। बताते चलें कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सबसे पहले गिद्धौर मुख्य सड़क से कोयला लदे वाहनों की रोकथाम करने को लेकर जिला उपायुक्त को आवेदन देने की बात की गई है। एवं गिद्धौर में सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक नो एंट्री लगवाने की मांग की गई है। जिसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने एसडीओ एवं डिसी को पत्र लिखकर इस कार्य को करने के लिए निवेदन करेंगे। वही जन वितरण प्रणाली में अभी भी लाभुकों को प्रति 10 केजी में एकेजी कम दिया जा रहा है। यह बात को भी बैठक में उठाया गया। जिसमें बीडियो ने कहा कि इस माह में 20 सूत्री के सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि के निगरानी में अनाज वितरण किया जाएगा। जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर प्रखंड के कर्मी घर-घर घूम कर इस कार्य को पूरा करेंगे। इसका भी निर्देश बिडियो ने दिया है। 20 सूत्री अध्यक्ष के द्वारा डोभा में डिमांड रुकवाने के बाद भी पंचायत सेवक कमलेश वर्मा के द्वारा डोभा में डिमांड करवाया गया। इस बात को भी बैठक में उठाई गई है। जवाहरलाल नेहरु फुटबॉल मैदान गिद्धौर में कार्य नहीं हो रहा है। जिसे जल्द करवाने का निर्देश बिडियो ने अपने अधिकारियों को दिया है। प्रखंड के अंतर्गत कई ऐसे योजना हैं जो बिना प्रशासनिक के ही चालू है। जो जांच का विषय है? इस मुद्दे को भी उठाया गया। बैठक में उपस्थित बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव सदस्य महावीर दांगी मनोज वर्मा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी बीपीओ रामकुमार सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय जेएसएलपीएस से बीपीएम अभिषेक कुमार एफटीसी अनिल प्रजापति ऑपरेटर अमरजीत सिन्हा अभय सिन्हा एवं ढेर सारे विभाग से कर्मी उपस्थित थे।



# क्वालिटी कंट्रोल इंजीनियर्स आई लैब का शुभारंभ



**चतरा।** जिले में विभिन्न विभागों से संचालित विकास योजनाओं में हो रही अनियमितता को रोकने को लेकर जिला परिषद के पुराने भवन में क्वालिटी कंट्रोल इंजीनियर्स आई लैब का शुभारंभ किया गया। लैब का उद्घाटन जिला परिषद की अध्यक्ष ममता देवी व जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता कटकर किया। इस आशय की जानकारी देते हुए जिप उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने बताया कि जिला मुख्यालय में क्वालिटी कंट्रोल लैब के खुल जाने से विकास योजनाओं में हो रही अनियमितता से मुक्ति मिलेगी। श्री तिवारी ने कहा कि तीन-चार दिनों में होनेवाली जांच अब मिनटों में होगी। साथ ही विकास कार्यों में लगने वाले छड़, सीमेंट, छरी और बोल्डर के गुणवता की जांच करवाने के लिए संवेदकों को रांची व हजारीबाग जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सभी प्रकार की जांच अब चतरा में होगी।

## साप्ताहिक हाट में युवक का हुआ मोबाईल चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में एक युवक का मोबाइल चोरी हो गया। इस संबंध में युवक ने बालूमाथ थाना में आवेदन दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ललन यादव पिता स्व. रामसेवक यादव ग्राम टमटम टोला थाना बालूमाथ निवासी मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में सब्जी खरीदने गया हुआ था।

## आइपीएस में प्रोन्नत हुए डीएसपी शम्भू सिंह को भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने दी बधाई



**टंडवा(चतरा)।** झारखंड के 24 डीएसपी को आइपीएस में प्रोन्नति मिली है। जिसमें टंडवा के एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह भी शामिल हैं। जिन्हें टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोबिंद तिवारी ने उनके आवास पर पुष्प गुच्छ व श्रीफल देकर बधाई एवं शुभकामना दिया। टंडवा में पदस्थापित रहते हुए मिले एवं कहा कि यह प्रमोशन टंडवा वासियों के लिए खुशी प्रदायक है, तो वहीं डीएसपी श्री सिंह के सेवा काल के लिए यह प्रमोशन सबसे महत्वपूर्ण व यादगार रहने वाला है। ज्ञातव्य हो कि बीते 19 जून को यूपीएससी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद प्रोन्नत से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई। एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह ने टंडवा में कार्य करते हुए टंडवा वासियों से मिले स्नेह, प्यार, सहयोग व सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर शिव प्रसाद गुप्ता, अनील कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## करंट लगने से महिला की मौत, बाल-बाल बचा 3 वर्षीय बेटा

**चतरा।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के कोल्हैया पंचायत के रौसना गांव में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला राजेश तिर्की की 26 वर्षीय पत्नी ललिता गाड़ी है। बताया जाता है कि ललिता घर के समीप ही लगाए गए धान के बीज में पानी पटवन करने के लिए मोटर चलाने गई थी। अपने तीन वर्षीय बच्चे को साथ लेकर कुआं पर गई थी। मोटर से बिजली का तार जोड़ने के क्रम में उसे करंट लगा और वहीं गिर गई। वहीं पास में गिरे उसके तीन वर्षीय बेटे ने मां को टच नहीं किया तो बच गया। मासूम बच्चा घर आकर टूटी फूटी भाषा में अपने चाचा को मम्मी के कुआं पर गिर जाने की जानकारी दी। भागकर घर वाले कुएं पर पहुंचे और उसे करंट वाले तार से अलग किया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं स्थानीय पुलिस को भी घटना से अवगत कराया।

# बाघमारा : डेको आउटसोर्सिंग में मजदूर की मौत, मुआवजा मिलने के बाद उठाया शव

## अज्ञात वाहन के धक्के से मौत होने की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र अंतर्गत हिल टॉप (डेको) आउटसोर्सिंग कंपनी मे कार्यरत ड्रिल मशीन हेल्पर धनश्याम सिंह (25) का कार्य स्थल पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है। अहले सुबह-सुबह पाच बजे के आसपास उनके सहयोगीयो ने देखा तो कंपनी प्रबंधन सहित अन्य को सूचना दी। बरोरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक घनश्याम सिंह गिरिडीह जिला के बेरीया गांव का रहने वाला था वह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था।



**यह है मामला** सोमवार की देर रात को हिल टॉप (डेको) आउटसोर्सिंग मे ड्रिल मशीन हेल्पर धनश्याम सिंह आउटसोर्सिंग फेस पर ही अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर मौत हो गई। मृतक के सहयोगी कमीयो ने बताया की देर-रात को हमलोग कंपनी के आदेशानुसार निर्धारित संख्या मे ड्रिल करके आराम कर दूसरे स्थान पर ड्रिल करने चले गए और धनश्याम सिंह ने कहा की आपलोग चलिए मै कुछ देर बाद आता हूं। हमलोग ड्रिल मशीन से दूसरे स्थान पर ड्रिल करने लगे। एक दो घंटे बीत जाने के बाद भी धनश्याम सिंह नही आया तो हमलोग उक्त स्थल पर उसे खोजते हुए गए तो देखा की किसी वाहन की चपेट मे आकर उसकी मौत हो गई है तो हमलोगो ने तत्काल साइडिंग इंचार्ज भगवान सिंह सहित अन्य लोगो को दिया तो साइडिंग इंचार्ज भगवान सिंह आये और हमलोगो के साथ दुर्व्यहार करते हुए कहा की जल्द इस लाश को लेकर हट जाओ नही तो ठीक नही होगा इस जगह पर शव पड़ा रहेगा तो कंपनी का कार्य प्रभावित होगा। हमलोगो ने शव उठाने से मना करते हुए कहा की मृतक के परिजन आने के बाद ही शव घटनास्थल से उठाई जायेगी। लेकिन भगवान सिंह ने हमारी बात को अनदेखी करते हुए वोल्वो वाहन के चालको को बुलाकर जबरन शव को उठाकर बरोरा थाना पहुंचा दिया। घनश्याम सिंह कि मौत की खबर पाकर उसके स्थानीय सगे संबंधीयो के साथ उसके पिता लालमुनी सिंह बरोरा थाना पहुंचे और कुछ देर बाद यूनियन के नेताओ सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियो ने बरोरा थाना पहूंच कर बीसीसीएल प्रबंधन सहित आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर नियोजन सहित मुआवजा की मांग लेकर काफी हद तक दबाव बनाई तब आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने नियोजन सहित मुआवजा देने पर तैयार हुए। आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने मृतक के पिता को मुआवजे के रूप मे चौदह ( 14 ) लाख रुपए का चेक और नगद एक लाख रुपए दिया तब मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने समय तक मृतक का शव पोस्टमार्टम होकर उनके परिजन को नही सौपा गया।

## स्पीड न्यूज

### दुर्घटना में बीएसएल कर्मी घायल

**बोकारो।** बीएसएल के कोक ओवन एंड कोक केमिकल्स विभाग के ओल्ड अमोनियम सल्फेट प्लांट में मेसर्स आरटी कार्पोरेशन के ठेका कर्मी टीपी मंडल 7 मीटर ऊंचाई पर पाइपलाइन की मार्किंग कार्य के दौरान नीचे गिर गए एवं कार्य का इंस्पेक्शन कर रहे अमरेन्द्र हेमरोम भी नीचे गिरे। दोनों कामगारों को तुरन्त प्लांट मेडिकल सेंटर ले जाया गया जहाँ से उन्हें बीजीएच रेफर किया गया। टीपी मंडल को बीजीएच के सीसीयू में भर्ती है जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्टेबल है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। अमरेन्द्र हेमरोम को मामूली चोट आई है और उन्हें उपचार हेतु वार्ड 2बी में भर्ती कराया गया है।

### आदिवासी कुड़मी सम्मेलन को लेकर जनसंपर्क अभियान

**गोमो/तोपचांची।** झारखंड प्रदेश आदिवासी कुडमी समाज के बैनर तले मानटांड, चितरपुर, अंबाडीह, केंदुआडीह धाजाटांड,मंझलाडीह आदि कुडमी गांवो में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का नेतृत्व बिंदेश्वरी प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान पूर्व घोषित कार्यक्रम 22 जुलाई को बंगाल कुडमी टाइगर अजीत महतो का धनबाद जिला के तोपचांची हटिया मैदान में आहूत सम्मान समारोह सह आदिवासी कुडमी सम्मेलन के लिए लोगों से जनसंपर्क की किया गया। कार्यक्रम में मधुसूदन महतो, सुधीर महतो, विनोद महतो, गिरजा शंकर महतो, तुलाराम महतो, बालेश्वर महतो, सरस्वती देवी, मीना कुमारी कलावती देवी, पूजा देवी, राजकुमारी देवी, पार्वती देवी आदि लोग मौजूद थे।

### अवैध लोहा लदा टोटो जब्त, चालक को जेल

**कतरास।** रामकनाली ओपी पुलिस ने मंगलवार अहले सुबह रामकनाली ओपी क्षेत्र मुख्य मार्ग पर लोहे से लदी टोटो को पकड़ा। गाड़ी चालक मोहम्मद इमरान उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर लिया। वाहन में लोड लोहे के कागजात की मांग करने पर चालक इमरान ने असमर्थता जताई। वाहन में लगभग डेढ़ टन लोहे के टुकड़े लदे हुए थे। वही रामकनाली ओपी प्रभारी बीके चेतन ने बताया कि अवैध लोहा स्थानीय गोदाम में भंडारण किया जाता है। वही मोहम्मद इमरान उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### शार्ट सर्किट से हंस मंडप में लगी आग

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर-वन स्थित हंस मंडप में भीषण आग लग गयी। हंस मंडपए अग्रसेन भवन व इस्कॉन मंदिर आसपास हैं। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग आग पर काबू पा सका। आग लगते ही वहां मौजूद लोग जान बचाकर भाग गए। आगजनी की इस घटना में किसी के गंभीर रूप से हताहत होने की खबर नहीं है। लगभग एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति के नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। आग लगने का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका हैए शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# डीसी के जनता दरबार में लोगों ने सुनाई समस्याएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

# पुटकी : चित्रकला में डैफोडिल्स एकेडमी के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

खबर मन्त्र सवाददाता

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडेमी एवं डैफोडिल्स बचपन में मंगलवार को आयोजित स्व.चंडी चरण बनर्जी मेमोरियल ड्राइंग कंप्टीशन में करीब 150 बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। क्लास केजी वन से सप्तम के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिए। बच्चों ने एक से एक खूबसूरत चित्र बनाएं और उसे रंगों से सजाया, जिसे देखकर स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व अभिभावक अचरज में पड़ गए। सीनियर बच्चों ने तो दांतों तले अंगुली दबा लिए। सभी बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को स्कूल प्राचार्य तापस बनर्जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों को चार वर्गो में बांटा गया था। ग्रुप ए में हर्षित प्रथम, अविनाश द्वितीय तथा अरध्या को तृतीय स्थान मिला। ग्रुप बी में माही कुमारी प्रथम, स्वरुली द्वितीय तथा रुद्रा तृतीय स्थान पर रहें। वहीं ग्रुप सी में वैश्यणवी प्रथम, सुजल कुमार द्वितीय तथा आस्था को तृतीय स्थान मिला। जबकि ग्रुप डी में वसुंधरी कुमारी प्रथम, तनिष्का द्वितीय व तनीजा राज तृतीय स्थान पर रहे। इन्हें पुरस्कृत किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को भी स्कूल की ओर से सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके पर प्राचार्य तापस बनर्जी, डोली प्रसाद, निशा मित्रा, झूमा दत्ता, कविता दत्ता, इकबाल मेम, चंदन पासवान तथा एस.आर.कर आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिए।

# केंदुआ बाजार फायरिंग, एक युवक को जेल




खबर मन्त्र सवाददाता

**केन्दुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ बाजार कलाली मोड़ के समीप मोटरसाइकि पर तीन सवारों अपराधो ने दहशत फैलाते हुए तीन से चार राउंड हवाई फायरिंग करते हुए, अंदर केंदुआ बाजार की ओर दुकानदार एवं राहगिरो को गाली गलौज व पिस्टल लहराते हुए फरार हो गये। गोलीबारी से दुकनदारों और राहगीरों में भगदड़ मच गई। घटना के संबंध में कलाली मोड़ के पास एक गुपचुप बेच रहा युवक ने बताया कि शाम लगभग पाँच बजे केन्दुआ मेन रोड के तरफ से लाल होण्डा साइन बिना नबंर प्लेट के तीन युवक सवार होकर आये और गाली गलौज करते हुए पिस्टल से तीन से चार राउंड हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गया। घटना की सूचना पर केन्दुआडीह पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर आसपास के दुकनदारों से पूछताछ करने लगे सीसीटीवी फुटेज का जाँच पड़ताल किया। त्वरित कार्यवाही करते हुए गोलीबारी में इस्तेमाल बाइक बिना नबंर का करकेन्द न-4 यादव पट्टी निवासी अखिलेश यादव, पिता दिनेश यादव को एक पिस्टल एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिल अखिलेश यादव चला रहा था, अखिलेश यादव से पूछताछ में गोलीबारी में शामिल बिरेन्दर यादव, पिता निफिकिर यादव और अक्षय यादव, पिता महेश यादव करकेन्द यादव पट्टी न०४ निवासी का नाम बताया है। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार मौके से पुलिस दो खोखा बरामद किया है। पार्षद प्रतिनिधि गोबिंद राउत के नेतृत्व में केन्दुआ बाजार समितिके पदाधिकारियों और गणमान्यलोग थाना पहुंच कर अपराधियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है।

## एक नजर में

### मल्टीब्रांड सर्वोदय सर्विसिंग सेंटर का उद्घाटन

**बेरमो।** बड़े शहरों के तर्ज पर अब फुसरो के सिंहनगर स्थित सर्वोदय सर्विसिंग सेन्टर में एक छत के नीचे सभी प्रकार के गाड़ियों की सर्विसिंग की सुविधा शुरू हो गई है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को झब्बू सिंह महिला महाविद्यालय फुसरो के पूर्व प्राचार्य शत्रुघन प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। फुसरो.कल्याणी न्यू रोड सिंहनगर स्थित सर्वोदय सर्विसिंग सेन्टर के एमडी निमाई सिंह चौहान ने बताया कि फुसरो के लोगों को अब अपनी किसी भी प्रकार गाड़ी की सर्विसिंगए वॉशकार सर्विसिंग के लिए दूसरे जगह नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें सस्ते दर पर उच्च क्वालिटी की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को देखते हुए फुसरो शहर के नजदीक ऐसी सुविधा प्रदान की गई है। वही उद्घाटन करते हुए झब्बू सिंह महिला महाविद्यालय फुसरो के पूर्व प्राचार्य शत्रुघन प्रसाद सिंह ने कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है। कहा कि अब लोगों को एक छत के नीचे सारी सुविधा मिल गई है। विनोद सिंहए लाल सिंह और महारुद्र नारायण सिंह ने कहा कि यहां सस्ते दर पर सभी प्रकार गाड़ियों की सर्विसिंग का सपना साकार हो गया है। इस अवसर पर बृज बिहारी पांडेयएदिलीप मित्तलए प्रवीण कालरा सरोज सिंहए मानिक दिगारएअरुण कुमारए रमेश कुमार बैजनाथ महतोए रितेश तिवारीए सहित बड़ी संख्या में फुसरो के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह व पुस्तकालय का उद्घाटन



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजुरा स्थित बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राजा राम मेमोरियल पैरामेडिकल कॉलेज की ओर से कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व सुमित्रा नंदन महतो एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार महतो उपस्थित थे।

# स्पिक मैके प्रोग्राम में कलाकार सम्मानित

## डीपीएस चास




खबर मन्त्र सवाददाता

**बोकारो/चास।** स्पिक मैके संस्था की ओर से डीपीएस चास बोकारो में विश्वविख्यात वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली ने प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत के धुन पर वायलिन बजाकर उन्होंने बच्चों समेत मौजूद अतिथियों व विद्यार्थियों की वाहवाही बटोरी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एस मोहन मौजूद रहीं। उस्ताद जौहर अली ने कहा कि मानव जीवन में संगीत का महत्व उतना ही जरूरी हैए जितना शिक्षा का। पूर्व राष्ट्रपति स्वण एपीजे अब्दुल कलाम आजाद को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मिसाइल मैन का भी कहना था कि जिस प्रकार शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा हैए ठीक उसी प्रकार संगीत के बिना भी मनुष्य का जीवन अधूरा है। मौके पर डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि शास्त्रीय संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत हैए इसे स्पिक मैके संस्था नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रही है। कलाकारों का सम्मान पौधा और स्मृति चिह्न देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा राधिका श्रीवास्तवए अन्विता नंदन और कुशाग्र आर्यन ने किया। डीएस मेमोरियल सोसायटी के सचिव सुरेश कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी।

# बेरमो : रामवि ढोरी में डेस्क और बेंच की खरीद में अनियमितता

खबर मन्त्र सवाददाता

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड अंतर्गत धोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय ढोरी में विद्यार्थियों के बैठने के लिए खरीदे गए डेस्क बेंच मे अनियमितता का मामला प्रकाश में आया। इसको लेकर पूर्व वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्रा ने विरोध जताते हुए कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के पठन.पाठन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 140000 विद्यालय को उपलब्ध कराया गया था जिसमें 28 बेंच डेस्क की खरीदारी करनी थी। लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक संयोजिका की मिलीभगत से मात्र 24 बेंच डेस्क खरीदा गया है। उसके भी गुणवत्ता काफी निम्न है। कुछ तो इतनी गुणवत्ता हीन है की उन्हें गाड़ी से उतारने के क्रम में ही वह जगह.जगह से टूट गया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही कहा कि इस मामले को बेरमो विधायक से शिकायत की जाएगी।इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महादेव दास ने कहा कि संवेदक द्वारा बेंच डेस्क स्कूल में भेजा गया हैए इसे केवल हमने स्कूल में रखवाया है कुछ बेंच टूटे हुए थेए उसे वापस करवा दिया गया है साथ ही विभाग को इसकी सूचना दी गई है।

# भाजपा कार्य समिति सदस्य मदन श्रीवास्तव को मातृ शोक

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सेन्ट्रल कॉलोनी मकोली निवासी सह भाजपा कार्यसमिति सदस्य मदन श्रीवास्तव की मां फुलझरी देवी का देहांत आज मंगलवार को सुबह 5 बजे हो गया। उनकी उम्र लगभग 93 वर्ष की थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। यह खबर सुनकर उनके आवास पर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए लोगों का आना जाना शुरू हो गया। 16वीं लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंहए भाजपा नेता सह शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंहए बेरमो प्रमुख सह महिला मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष गिरजा देवी एपूर्व 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायकए भाजपा फुसरो नगर महामंत्री टुनटुन तिवारीए सहित जगरनाथ रामए वैभव चौरसियाएभरत वर्माए भाई प्रमोद सिंहए दिनेश सिंहए मनोज कुमारए आशुतोष कुमार सिंहए विकास सिंहएअशोक सिंहए अजीत झा ने शोक जताया है।

# वायलिन वादक जौहर अली सम्मानित

खबर मन्त्र सवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली खान ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदाए विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठीए प्राचार्य सूरज शर्माए जौहर अली एवं आर्को दीप दास ने विद्यालय परंपरा के अनुसार किया। इस दौरान जौहर अली ने बच्चों को वायलिन के इतिहास व वाद्य यंत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत है। अपनी प्रस्तुति के दौरान उन्होंने जब शास्त्रीय धुनों पर वायलिन बजाना शुरू किया तो सभी छात्र एवं शिक्षक मंत्रमुग्ध हो गए। मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिकए तेज और पश्चिमी स्वरूप की और आकर्षित हो रहे हैं। इसलिये स्पीक मैके द्वारा हमारी संस्कृति एवं सभ्यता को नई पीढ़ी तक पहुचाने का कार्य कर रही है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से चिन्मय मिशन की स्वामिनी



संयुक्तानंदाए सचिव महेश त्रिपाठीए प्राचार्य सूरज शर्मा ने दोनों संगीतकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनाली गुप्ता शिबेन चक्रवर्ती जयकिशन राठौड़ए दिनेश कुमारए रूपक झा शामिल थे।

## पेज 3 का शेष

### मुन्ना हो या मुनिया...

उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के लिये लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को भी रवाना किया। राज्य में 27 जून से 31 जुलाई तक यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सीएचओ मैन्युअल, सहिया बुकलेट एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया गया। साथ ही, नव दंपतियों के बीच नई पहल किट बांटे गये। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे डॉक्टर, एनएचएम, सहिया सम्मानित किये गये। अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। 1951 में जहां भारत की आबादी करीब 36 करोड़ थी। वहीं आज 35वें विश्व जनसंख्या दिवस पर बढ़कर 140 करोड़ के आसपास हो गयी है। मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद पंकज शर्मा, नोडल पदाधिकारी परिवार नियोजन, निदेशक प्रमुख, सिविल सर्जन एवं विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य प्रतिनिधिगण भी थे।

### नीति आयोग की टीम पहुंची...

बैठक में सभी विभागों के प्रिंसिपल सेक्रेटरी और चीफ सेक्रेटरी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ यह पांचवी बैठक होने जा रही है। कई मदों में केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने नीति आयोग की बैठक में केंद्र द्वारा समय पर भुगतान नहीं होने की वजह से राज्य वासियों को हो रही परेशानी से अवगत भी कराया था। नीति आयोग की टीम में विनोद कुमार पॉल, नीरज सिन्हा, थयगराजू बीएम, ए सोमकुसैर, नमन अग्रवाल, एसजी सिंधे, सुमन सौरव, अमृत कौर, नीलम पटेल शामिल हैं। इस दो दिवसीय दौरे नीति आयोग की टीम ना सिर्फ सीएम और अधिकारियों के साथ बैठक करेगी बल्कि क्षेत्रों का भ्रमण कर हकीकत को भी जानने की कोशिश करेगी।

### चंद्रयान-3 का 'लॉन्च रिहर्सल'...

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 5 जुलाई को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में लॉन्च वाहन एलवीएम 3 के साथ चंद्रयान-3 युक्त एनकैप्सुलेटेड असेंबली को एकीकृत किया था। इसरो ने ट्वीट कर बताया कि आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में चंद्रयान-3 वाली इनकैप्सुलेटेड असेंबली को एलवीएम-3 के साथ जोड़ा गया है। अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने पिछले महीने एएनआई को बताया था कि वे 13-19 जुलाई के बीच अपने तीसरे चंद्र मिशन के लॉन्च की योजना बना रहे हैं। सोमनाथ ने कहा था कि हम चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सक्षम होंगे। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में इसरो अध्यक्ष ने कहा था कि जून 2023 में अपना चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च करने की संभावना है। चंद्रमा पर भारत का दूसरा मिशन चंद्रयान-2, 22 जुलाई 2019 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था, लेकिन 6 सितंबर की सुबह विक्रम चंद्र लैंडर के चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मिशन विफल हो गया था।

# राजेंद्र सरोवर पार्क में गंगा आरती की तर्ज पर शिव महाआरती

## शिव महाआरती में शामिल हुए हजारों लोग



खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद।** झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन की ओर से पहली सोमवारी पर शिव महाआरती का भव्य आयोजन बेकारबांध के राजेंद्र सरोवर पार्क में किया गया।जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन की पहली सोमवारी पर राजेन्द्र सरोवर पार्क में शिव महाआरती का आयोजन किया गया। इस वर्ष शिव महाआरती में भगवान शिव की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना.21 फुट ऊंची और 17 फुट चौड़ी प्रतिमा बिल्कुल संगमरमर सी प्रतीत हो रहा। अमितेश सहाय ने बताया कि साहेबगंज गंगा नदी से गंगा जल लाया गया.गंगा जल को राजेन्द्र सरोवर में डाल कर शिव महाआरती की गई।सावन के पावन माह में जो शिव भक्त देवघर, बनारस, हरिद्वार आदि नहीं जा पाते है । उन्हें धनबाद में ही शिव भक्ति का मौका दिया गया। अमितेश सहाय ने बताया कि यातायात बाधित न हो इसके लिए जिला प्रशासन का पूरी तरह सहयोग मिला।हीरापुर एवं बरटांड़ की ओर से आने वाले लोगों के लिए धनबाद परिसदन के सामने निरीक्षण भवन में पार्किंग की व्यवस्था थी। स्टेशन एवं पॉलीटेक्निक की ओर से आने वालों के लिए ब्लेसिंग हॉल में पार्किंग की व्यवस्था की गई.वहीं नगर निगम राजेन्द्र सरोवर पार्क में फाउंटेन आदि को चालू किया गया।पार्क परिसर को पूरी तरह दुरुस्त करने में नगर निगम पूरा सहयोग की। आगे अमितेश सहाय ने बताया कि यूनियन क्लब एवं धनबाद क्लब के तैराक भी सरोवर में मुस्तैद थे।इस आयोजन में हजारों लोग महाआरती देखने पहुंचे।धनबाद के विभिन्न सामाजिक संगठनों मारवाड़ी युवा मंच हीरापुर चेंबर ऑफ कॉमर्स झरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स आनंद चौरसिया की टीम,अशोक पाल की टीम, मनोरंजन सिंह की टीम का सराहनीय सहयोग था।

### शाम साढ़े चार से नौ बजे तक हुआ कार्यक्रम

जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दो घंटे स्थानीय गायकों द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया गया।जिसके बाद सुविख्यात शंख एवं डमरू वादक विपिन मिश्र द्वारा डेढ़ घंटे का कार्यक्रम ने संपूर्ण माहौल को शिवमय कर दिया।अंत मे वाराणसी से आये आचार्य रणधीर मिश्रा एवं उनके साथियों के द्वारा बनारस के गंगा घाट के तर्ज पर मां गंगे को साक्षी मानकर बहुत ही मनभावन शिव महाआरती की गई।श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए पार्क के हर हिस्से में बड़ा एलईडी लगाया गया था। जिससे दूर बैठे लोग भी आसानी से शिव महाआरती को देख सके।

स्पीड न्यूज

## अर्जुन तेंदुलकर देवधर ट्रॉफी के लिए दक्षिण क्षेत्र की टीम में

**चेन्नई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को पुडुचेरी में 24 जुलाई से होने वाली 50 ओवर की अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता देवधर ट्रॉफी के लिए मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम में जगह मिली है। कोलंबो में 13 से 23 जुलाई तक एमर्जिंग एशिया कप में खेलने वाले बी साई सुदर्शन को स्टैंडबाई खिलाड़ियों में रखा गया है।

## कनाडा ओपन में जीत से विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे लक्ष्य सेन

**नयी दिल्ली।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कनाडा ओपन में खिताबी जीत के दम पर मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गये। इक्कीस वर्षीय सेन ने कनाडा के कैलगरी में रविवार को एक रोमांचक फाइनल में ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग को 21-18, 22-20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।

## गनेमत क्वालिफिकेशन के दूसरे दिन 11वें स्थान पर पहुंची

**लोनाटो।** भारतीय निशानेबाज गनेमत सेखों आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन चरण में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता के क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन मंगलवार को यहां तीन स्थान के फायदे से 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गईं। गनेमत ने पहले दिन 25 और 23 के स्कोर बनाए थे। दूसरे दिन उन्होंने दो राउंड में 24 और 23 अंक बनाए। इस तरह से उनका कुल स्कोर 95 है। पांचवां और अंतिम राउंड बुधवार को होगा।

# देवधर इंटर जोनल क्रिकेट ट्रॉफी के लिए हिमाचल के चार खिलाड़ी चयनित

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** देवधर इंटर जोनल क्रिकेट ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम में हिमाचल प्रदेश से चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में ऑलरांउडर ऋषि धवन के अलावा तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा, मंयक डागर तथा शुभम अरोड़ा शामिल हैं। इन चारों में से ऋषि धवन और वैभव अरोड़ा को टीम में जगह मिल गई है, जबकि मंयक डागर व शुभम अरोड़ा को स्टैंडबाई पर रखा गया है। वहीं एचपीसीए के कोच



रजनीश मेहता को नॉर्थ जोन टीम का ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

बीसीसीआई की ओर से आयोजित की जाने वाले देवधर इंटर जोनल क्रिकेट ट्रॉफी के सभी मैच पुडडुचेरी में खेले जाऐंगे। प्रतियोगिता के लिए पांच जोन बनाए गए हैं, जिनमें नॉर्थ जोन के अलावा साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन तथा सेंट्रल जोन शामिल हैं। प्रतियोगिता के लीग मैच 24 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि फाइनल 3 अगस्त को खेला जाएगा।

इस क्रिकेट ट्रॉफी के लिए एचपीसीए से चार खिलाड़ियों के चयन पर एसोसिएशन ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। एसोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नॉर्थ जोन टीम में हिमाचल के चार खिलाड़ियों को मौका मिला है।

# मैं युवा हूं और मुझमें अभी काफी क्रिकेट बाकी है: अजिंक्य रहाणे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पिछले महीने 35 साल के हो गए, अजिंक्य रहाणे का कहना है कि उनके अंदर अभी भी बहुत क्रिकेट बचा हुआ है, लेकिन भविष्य में बहुत दूर देखने के बजाय उन्होंने वर्तमान में जीने पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित किया है।

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के साथ अपना नया डब्ल्यूटीसी चक्र शुरू कर रहा है। टेस्ट सीरीज का पहला मैच आज से शुरू हो रहा है।

एक साल से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहे रहाणे ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में वापसी की। मैच में उन्होंने पहली पारी में 89 और दूसरी पारी में 46 रन बनाये। अब उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

बारिश के कारण दूसरे दिन



भारत का प्रशिक्षण सत्र बाधित होने के बाद रहाणे ने बीसीसीआई टीवी को दिए साक्षात्कार में कहा, "मैं अभी भी युवा हूं और मेरे अंदर काफी क्रिकेट बाकी है। पिछले एक साल में मैंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। मेरी बल्लेबाजी में कुछ बिंदु थे जिन पर मैंने काम किया है। मैं अपने क्रिकेट का भरपूर आनंद ले रहा हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद ले रहा हूं। मैं भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं। हर खेल महत्वपूर्ण है, व्यक्तिगत रूप से भी और मेरे लिए भी।"

फरवरी 2022 में टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद से, रहाणे ने कोई अपेक्षा किए बिना खेल से आनंद प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने 2022-23 के घरेलू सीजन में सभी प्रारूपों में मुंबई की कप्तानी की, उन्हें सैयद मुश्ताक अली टी20 खिताब दिलाया, जबकि बल्ले से भी कुछ आकर्षक प्रदर्शन किए। सितंबर 2022 से इस साल फरवरी तक सभी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, उन्होंने 16 पारियों में तीन शतक और एक अर्धशतक के साथ 58.93 की औसत से 884 रन बनाए। आंकड़े, भले ही दुनिया के लिए खास न हों, लेकिन उत्कृष्ट थीं, इस बात का संकेत थीं कि उन्होंने खुद को भारतीय टीम में जगह बनाने की रेस में बनाये रखा।

श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अनुभव की आवश्यकता थी। और जब रहाणे को कॉल आया, तो वह उस तरीके से बल्लेबाजी कर रहे थे।

## हसरंगा, गार्डनर को आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**दुबई।** श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की ऑलराउंडर एशलेग गार्डनर को जून में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए मंगलवार को आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। जिंबाब्वे में विश्व कप क्वालीफायर में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद हसरंगा को इस पुरस्कार के लिए चुना गया।

# 22वीं नैनी ओपर रैपिड शतरंज में लगेगी पुरस्कारों की झड़ी

**नैनीताल।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल द्वारा शारदा संघ के भवन में आगामी 23 जुलाई रविवार को 22वीं नैनी ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। आयोजक संस्था के अध्यक्ष ईश्वर दत्त तिवाड़ी ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की संख्या केवल 60 तक सीमित रखी जाएगी।

प्रतियोगिता में पहले से 25वें स्थान तक आने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिये जाएंगे। पहला पुरस्कार 5100, दूसरा 4100, तीसरा 3500, चौथा 3100, पांचवा 2500, छठा 2100 तथा 7वें से 10वें स्थान तक प्रत्येक को 1800, 11वें से 25वें तक प्रत्येक को 1500, 21वें से 25वे स्थान तक 1100 रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही सर्वश्रेष्ठ बुजुर्ग एवं सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को 1100-1100 तथा अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 व अंडर-15 वर्गों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान तक रहने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजक मंडल के घनश्याम लाल साह, अधिवक्ता डीके जोशी, नीरज साह, शेर सिंह बिष्ट, विश्वकेतु वैध व दिव्यांशु तिवारी आदि भी जुटे हुए हैं।

## मल्लेश्वरी ने कहा, डोपिंग के दोषियों को सजा देने से बेहतर है जागरूकता पैदा करना

**ग्रेटर नोएडा।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी का मानना है कि भारोत्तोलन जैसे खेलों में फैले डोपिंग के दंश से निपटने का अधिक प्रभावी समाधान खिलाड़ियों को सजा देने की जगह उनके बीच जागरूकता पैदा करना है। भारोत्तोलन डोपिंग से प्रभावित रहा है। हाल के वर्षों में इस खेल से जुड़े डोपिंग के कई मामले सामने आए हैं। समस्या इतनी बड़ी है कि भारोत्तोलन को ओलंपिक खेलों से बाहर होने के खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

खबर मंत्र स्थापना दिवस व डॉक्टर्स डे के मौके पर पलामू जिलेवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।खबर मंत्र स्थापना दिवस व डॉक्टर्स डे के मौके पर पलामू जिलेवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।



सुरेश दुलारी पॉली क्लिनिक
डॉ. विजय कुमार सिंह
पूर्व सिविल सर्जन पलामू।
MS ORTHO
M.I.S, C.A.S
REG NO- 24048
हड्डी जोड़, पोलियो एवं नस रोग विशेषज्ञ
सेवा सदन रोड, मेदिनीनगर।

खबर मंत्र स्थापना दिवस पर पाटन पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र के समस्त नागरिकों सहित पलामू जिलावासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।
रीता देवी
जिला परिषद सदस्य
पाटन पूर्वी पलामू
निवेदक
नंद यादव
समाजसेवी
पाटन पलामू।



खबर मंत्र स्थापना दिवस पर पाटन प्रखंडवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।



मनोज पांडेय
संचालक
उताकी माइंस सह
समाजसेवी ग्राम
लामी पतरा
पाटन पलामू।

खबर मंत्र स्थापना दिवस व डॉक्टर्स डे के मौके पर पलामू जिलेवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।



नीरज शर्मा
मेदिनी मेडिकल हॉल
सदर अस्पताल गेट के सामने।
डालटनगंज
पलामू।

खबर मंत्र स्थापना दिवस व डॉक्टर्स डे के मौके पर पलामू जिलेवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।
डॉ राजीव नयन



जेनरल फिजिशियन
मेदिनीनगर

खबर मंत्र स्थापना दिवस पर पाटन थाना क्षेत्रवासियों सहित पलामू जिलावासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।



गुलशन गौरव
थाना प्रभारी
पाटन
पलामू।

भगवती हॉस्पिटल
यहां अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपी (दूरबीन) एवं इमेजिंग मशीन द्वारा बिना चीर-फाड़ के किडनी एवं पित की थैली की पथरी, ट्यूमर, पाइल्स एवं आंत से संबंधित ऑपरेशन की सुविधा



एंडोस्कोपी की सुविधा | हड्डी एवं नस रोग का ईलाज | नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलेवरी | कुल्हे एवं घुटने का प्रत्यारोपण (HIP & KNEE REPLACEMENT SURGERY) | C ARM IMAGING | LAPAROSCOPY SURGERY | ENT SURGERY
डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय M.B.B.S., MS, DNB जेनरल सर्जन
डॉ. अर्चना तिवारी M.B.B.S., DGO स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. राम किंकर त्रिवेदी M.B.B.S., DNB (Ortho) हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ
रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, मो. : 8084410009, 7870775529

खबर मंत्र स्थापना दिवस व डॉक्टर्स डे के मौके पर पलामू जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, माता उर्मिला देवी क्लिनीक रांची रोड रेड़मा मेदिनीनगर
डॉ मिथलेश प्रसाद



M.B.B.S. (Kolkata)
DCH (Kolkata)
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
माता उर्मिला देवी क्लिनीक
रांची रोड रेड़मा
मेदिनीनगर।

लाईफ लाईन हॉस्पीटल एण्ड एडवांस स्टोन क्लीनिक
नदी किनारे, मुस्लिम नगर, डालटनगंज
अब गुंजेगी बच्चे की किलकारी
निःसन्तान (बाझंपन) का पूर्ण ईलाज, बच्चेदानी की बन्द नली को एवं बच्चेदानी की गाँठ का दूरबीन विधी से खोलने की सुविधा



डॉ. राहत नेजाम
M.B.B.S. (PMCH, Patna)
FGO (New Delhi)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक
चीरा नहीं- टाँका नहीं, सभी तरह के ऑपरेशन को दूरबीन द्वारा करने की अत्याधुनिक व्यवस्था
किडनी की पथरी, पेशाब नली की पथरी, पेशाब थैली की पथरी पीत थैली की पथरी तथा प्रोस्टेट का सम्पूर्ण ईलाज दूरबीन से
मधुमेह के रोगी अपनी किडनी को डायलिसस पे जाने से रोकें।
किडनी रोग सबंधित किसी भी प्रकार के समस्या के लिए तथा डायलिसस के लिए संपर्क करें।
डॉ. अनवर नेजाम
M.S. (Gen. Surgery)
D.N.B. (M. URO) New Delhi
जेनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं इंडो यूरोलॉजिस्ट





मैक्स हॉस्पीटल के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ० सात्विक सौरभ
Dr. Satwik Saurav
M.B.B.S. DNB., MNAMS (PUNE)
Consultant Kidney Diseases and Dialysis
Helpline : 06562796725, 9334077373, 9709769992, 9308409526, 9508987096

# बेटे को शराब पिलाने पर मां ने डांटा, तो दोस्त ने मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के लौकी गांव में बेटे के दोस्त ने डोंटने पर दोस्त की मां 50 वर्षीय बसंती टोप्पो की टांगी से मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार की सुबह साढ़े तीन बजे की बतायी जा रही है। हत्याकांड के अभियुक्त लौकी निवासी एरिक केरकेट्टा को पुलिस ने क्षेत्र के एक जंगल से गिरफ्तार किया।

हत्या की घटना के बाद शव को अभियुक्त ने उठाकर गांव से दूर तिमडु पुल के नीचे फेंक दिया था। मिली जानकारी के अनुसार एरिक केरकेट्टा का मृतका के पुत्र के साथ दोस्ती था। मृतका के तीन पुत्र हैं। जिसमें दो गोवा में काम करने गये हैं जबकि एक पुत्र रांची में रहता था जो कुछ दिन पूर्व घर लौटा था। एरिक का रांची से लौटे पुत्र के साथ दोस्ती हो गई थी।

काम से लौटने के बाद मृतका का पुत्र एरिक के साथ बैठकर हमेशा नशापान करता था। जिसको लेकर मृतका खफा थी। मृतका ने एरिक को इस बात के लिए डांटा फटकारा भी था। जिसे वह गुस्से में था। मंगलवार को अभियुक्त एरिक केरकेट्टा मृतका के घर आया और दरवाजा खुलवाकर मृतका के बेटे से बातचीत करने लगा।

जिसपर मृतका ने बेटी को घर आने को कहा। बेटे ने दोस्त एरिक को घर वापस जाने की बात कहकर स्वयं घर के अंदर चला गया। इस दौरान मृतका एरिक को घर जाने कह रही थी। इसी बीच छुपाकर रखे टांगी से एरिक ने बसंती टोप्पो पर हमला कर दिया। जिसे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद अभियुक्त ने उसके शव को लेकर एक पुल के पास फेंक दिया। इधर, काफी देर तक मां के नहीं आने पर बेटे ने घर के बाहर देखा तो चारों ओर ब्लड गिरा हुआ था। कुछ लोगों से पुछने पर बताया कि उसकी मां का शव पुल के पास है। जिसके बाद घटना की सूचना रायडीह पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पंहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी में छापामारी कर रही है।


सड़क पर पड़ा मृतका का शव और पंचनामी करती पुलिस।

## घायल विक्षिप्त को पुलिस -मीडियावालों ने पहुंचाया अस्पताल

चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय के रामपुर कुंदय नदी के समीप एक विक्षिप्त घायल महिला को पुलिस तथा मीडिया कर्मियों की मदद से चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह के 6 बजे विक्षिप्त महिला जो रोड पर लेटी हुई थी। जिसे राहगीरों ने मृत समझ कर थाने तथा मीडियाकर्मियों को सूचित किया। जिसके बाद घटना स्थल पहुंचने पर पता चला कि महिला की दिमागी हालात ठीक नहीं है और उसके हाथो में चोट लगा हुआ है। इस कारण से वो रॉड पर लेटी हुई थी। जिसके बाद उसे 108 की मदद से चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्रथमिक इलाज कर बाद में सिप्ट कर दिया गया है। बताते चलें कि महिला अपना नाम बताने में असमर्थ है। उससे पूछे जाने पर उसने बस इतना ही बताया कि वो रांची कडरू की रहने वाली है।

## स्पीड न्यूज

### कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद ग्राम कटिया से कांवरियों का जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुए। जत्था रवाना होने से पूर्व अपने गांव के देवी मंदिर, शिव मंदिर में मत्था टेका और बोल बम के नारे के साथ बाबा नगरी के लिए प्रस्थान हुए। देवघर जाने वालों में प्रशांत कसेरा, पीयूष मोदी, हर्षित गुप्ता, राहुल कसेरा, बबलू कसेरा, सोनू कसेरा, सूरज कसेरा, राहुल मोदी सहित कई कांवरियों के नाम शामिल है।

### सदर अस्पताल में व्हीलचेयर कराया उपलब्ध



**कोडरमा।** सदर अस्पताल में हैंड इन हैंड इंडिया संस्था के द्वारा जरूरतमंदों के आवश्यकता को देखते हुए एक व्हीलचेय सिविल सर्जन के माध्यम से हेल्पडेस्क में उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार, हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, एपीएम तुलसी कुमार साव, हेल्प डेस्क के भोला पासवान, शुभ लक्ष्मी कुमारी, राकेश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे। वहीं सिविल सर्जन ने कहा कि इससे सदर अस्पताल के जरूरतमंद मरीजों को काफी सहायता मिलेगा। वास्तव में मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के लिए हैंड इन हैंड इंडिया को धन्यवाद दिया।

### बिजली विभाग की लापरवाही से मवेशी की मौत



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत में मंगलवार को मंडप के पास ट्रांसफार्मर के सपोर्टिंग तार के अर्थिंग में लगातार करंट प्रवाहित हो रहा था और उस करंट के चपेट में आने से नावाडीह के अयोध्या प्रसाद यादव पिता स्व. सुखदेव महतो के मवेशी की मौत घटना स्थल पर हो गई एवं मवेशी मालिक श्री यादव को भी झटका लगा और उनकी किस्मत अच्छी थी कि कोई अप्रिय घटना नही घटित हुआ। इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि घटना का मुख्य कारण बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही है, पिछले कई दिनों से अर्थिंग में लगातार करंट प्रवाहित हो रहा था। बिजली विभाग में शिकायत किया गया पर कोई असर नहीं दिखा और बिजली विभाग की उदासीन रवैया के कारण गरीब असहाय पशुपालक का मवेशी की मौत हो गई और मवेशी मालिक भी बाल बाल बच गया। वहीं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव ने ट्रांसफार्मर को इस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर करने साथ ही साथ गरीब असहाय पशुपालक को बिजली विभाग द्वारा मुआवजा देने का मांग किया।

### परिवार नियोजन पखवारा के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**मझिआंव।** स्थानीय रेफरल अस्पताल परिसर में परिवार नियोजन पखवारा कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ गोविंद प्रसाद सेठ एवं बीपीएम रूबी तबस्सुम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पश्चात रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने परिवार नियोजन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर प्रभारी डॉ श्री सेठ ने कहा कि यह जागरूकता रथ सहिया के नेतृत्व में निकाली गई है। यह जागरूकता रथ मझिआंव, कांडी एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। मौके पर डॉ वीर प्रताप सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, मिथिलेश प्रसाद, राहुल, परशुराम आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पुलिस ने बंका नदी से गड़ा शव निकाला, 3 गिरफ्तार

डेढ़ माह पूर्व लड़की के परिजनों ने की थी युवक की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन/छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रूदवा निवासी लापता युवक की गुत्थी छतरपुर पुलिस ने सुलझा लिया है। एक शादी-शुदा लड़की के साथ प्रेम प्रसंग के मामले में पाटन थाना अंतर्गत बरसैता में लड़की के परिजनों ने छत्तरपुर के कुन्दौली निवासी नयन सिंह 19 वर्ष को डेढ़ माह पूर्व हत्या कर बंका नदी में गाड़ दिया था। पुलिस के अनुसंधान के पश्चात प्रेमिका शोभा देवी की निशानदेही पर मंगलवार को बंका नदी में चार फिट अंदर गाड़ा हुआ शव को पुलिस द्वारा जेसीबी के सहारे बाहर निकाला गया। जमीन के अंदर से लाश पुरी तरह से सड़ गया था। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि लड़के के परिजन 23 मई को नयन सिंह की गुमशुदगी का रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम बना कर महिला को रायपुर छत्तीसगढ़ से पूछताछ के लिए छत्तरपुर लाया गया। जिसमें महिला द्वारा उक्त युवक की हत्या का खुलासा किया गया। जिसके बाद पुलिस नयन के प्रेमी शोभा देवी के भसुर व अन्य लोगो से पूछताछ किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुनः 4 जून को लड़के के परिजन द्वारा नामजद एफआईआर किया गया गया। जिसमें एक शादी-शुदा 22 वर्षीय महिला शोभा देवी और उसके पति चंदिप को अभियुक्त बनाया गया।

पुलिस ने मोबाइल के लोकेशन के आधार पर शोभा देवी को पति के साथ छतीसगढ़ से गिरफ्तार किया। सख्ती से पूछने के बाद शोभा ने मामले का खुलासा किया। इधर प्रेमिका शोभा देवी ने बताया कि शादी के बाद मृतक नयन का आना जाना उसके पति के साथ उसके घर लगा रहता था। दो वर्षों से दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## जयनारायण सिंह एवं किशोरी लाल पंचतत्व में विलीन

**जमशेदपुर।** जनसंघ काल से जमशेदपुर में भाजपा के आधार स्तंभ जयनारायण सिंह एवं भाजपा गोविंदपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशोरी लाल मंगलवार पंचतत्व में विलीन हो गए। बिरसानगर निवासी जयनारायण सिंह एवं गोविंदपुर निवासी किशोरी लाल का भुइयांडीह स्थित बर्निंग घाट पर उनके सुपुत्र के द्वारा मुखाग्नि दी गयी। अंतिम संस्कार में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, पवन सिंह समेत पार्टी के सभी वरीय नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इससे पूर्व, बिरसानगर जोन नंबर 1 बी एवं गोविंदपुर एल आई जी हाउसिंग कलोनी स्थित आवास पर अंतिम दर्शन को भाजपा नेताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंत्येष्टि में भी बड़ी संक्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार के लिए वाहन रवाना


वाहन को रवाना करते पदाधिकारी।

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को गढ़वा समाज कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रचार प्रसार के लिए प्रखंड स्तरीय प्रचार वाहन को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में रवाना किया गया। प्रचार वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।

मौके पर बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि सरकार की मंशा है कि इस योजना का लाभ गरीब परिवार के सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में ले सकें। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस प्रचार प्रसार के माध्यम से योजना का लाभ ले सके। मौके पर प्रखंड प्रवेक्षिका संध्या देवी, सेविका मंजू देवी, कमला देवी, कमला कुंवर, निर्मला देवी, प्रमिला देवी, सोनी कुमारी, संगीता देवी के अलावे कई अन्य लोग मौजूद थे।

# पलामू में हाथियों का आतंक, फसलों को रौंदा, दहशत में ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बारी गांव के पारघाट टोला में 10-15 हाथियों के झुंड ने एक किसान के फसल को दोबारा रौंदकर नष्ट कर दिया है। सोमवार की रात्रि में हाथियों के झुंड ने सीताराम महतो के दो एकड़ से ज्यादा खेत में लगे मक्का के फसल को खाने के बाद बुरी तरीके से रौंद दिया। इस दौरान करीब एक घंटा तक हाथी खेतों में उत्पात मचाते रहे।

ग्रामीणों ने टॉर्च जलाकर हल्ला मचाया तो हाथियों का झुंड डूबलगंज गांव के रोड से औरंगा नदी के उस पार बेतला नेशनल पार्क के जंगलों में चले गए। हालांकि हाथियों के बार -बार आने से गांव में दहशत का माहौल है। मालूम हो कि डूबल गंज रोड को हाथियों ने कॉरिडोर के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इससे पूर्व 3 जुलाई को हाथियों ने सीताराम महतो के खेत में लगी फसल को रौंद डाला था। 15 जनवरी को डूबल गंज गांव के परमेश्वर सिंह बारी नहर के जीरो चैन पर जंगली जानवर के हमला से घायल हो गए थे। 17 जनवरी कुंदरी रेंज ने जानवर के फंसाने के लिए पिंजरा भी लगाया था। इधर घटना के बाद बारी पंचायत की मुखिया निरोतमा कुमारी ने जंगली हाथियों के उत्पात मामले की जानकारी कुंदरी रेंज के रेंजर संजीव कुमार चौधरी को दी है। उन्होंने दूरभाष पर रेंजर को बताया कि हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। फसल रौंदने के दौरान हल्ला कर रहे ग्रामीणों पर हाथियों के झुंड ने हमला करने का प्रयास किया। मुखिया निरोतमा कुमारी के अनुसार हाथियों के दौड़ाने के बाद लोग जान बचाने के लिए पहाड़ के ऊपर जाकर छिप गए थे। उन्होंने रेंजर से आग्रह किया कि हाथियों के उत्पात को देखते हुए रेस्क्यू टीम भेजने का प्रयास करें। रेंजर ने रेस्क्यू टीम भेज कर फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए आश्वासन दिया है। वही इससे पूर्व मुखिया ने वनरक्षी को जानकारी दी थी। उन्हें बताया गया कि हाथियों के आने पर बेतला रेंज को जानकारी दे ताकि उन्हें भी अवगत कराया जा सके। भुक्तभोगी किसान पुत्र ब्रह्म कुमार ने बताया कि बीते 3 जुलाई को हाथियों के द्वारा रौंदी गई फसल की जानकारी वन विभाग को दी गई है।

## वंचित छात्राओं का नौवीं में नामांकन प्रारंभ

**गढ़वा।** बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिए जाने के उपरांत नामांकन से वंचित नौवीं कक्षा की छात्राओं के नामांकन हेतु सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल के द्वारा उपायुक्त महोदय,गढ़वा का ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्र प्रेषित किया गया था। इस गंभीर मामले को उपायुक्त ने अपने संज्ञान में लेते हुए गोविंद हाई स्कूल गढ़वा में छात्राओं का नामांकन की व्यवस्था करायी। आज लगभग 700 छात्राओं का नौवीं कक्षा में नामांकन किया जा चुका है। इस पुनीत एवं जनकल्याणकारी कार्य हेतु चन्दन ने सभी अभिभावकों एवं छात्राओं की ओर से उपायुक्त महोदय से मिलकर पुष्पगुच्छ देकर का आभार प्रकट किया। सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने उपायुक्त महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करना व प्रोत्साहित करना काफी सराहनीय कार्य है। यह अवसर सिर्फ उनके लिए एक सीढ़ी हीं नहीं बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है।

## जूनियर झारखंड राज्य एथलेटिक्स के लिए खिलाड़ियों का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** बोकारो में आयोजित जूनियर झारखंड राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए गढ़वा की टीम का चयन कर दिया गया है। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। अंडर 18 बालक वर्ग में इंद्रदेव कुमार, रोहित कुमार पाल, रौशन कुमार, नीतीश कुमार मिंज, अख्तर अंसारी, बिट्टू गुप्ता, दीपक पाण्डेय, ज्ञानचंद तिर्की, रोहित प्रसाद और प्रिंस कुमार शर्मा का चयन किया गया है। जबकि अंडर-18 बालिका वर्ग में पुष्पा कुमारी, सजनती कुमारी, अंडर 20 बालक वर्ग में नवनीत विश्वकर्मा, रमेश सिंह, शुभम पांडेय तथा अंडर 20 बालिका वर्ग में सुरभि कच्छप व पूजा कुमारी का चयन किया गया है। उपेंद्र कुमार को टीम मैनेजर सह कोच बनाया गया है। संघ के पदाधिकारी ने बताया कि 15 से 16 जुलाई तक बोकारो के चंदनकेयरी मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में जूनियर झारखंड राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ी विशेष जानकारी के लिए संघ के कोषाध्यक्ष अजय कांत मोबाइल नं- 7461906890, सुशील कुमार तिवारी मोबाइल नं- 6201073740, शंकर पाल मोबाइल नं- 8877053070 से संपर्क कर सकते हैं।

# 13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप 14 से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की बैठक ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशिप एवं अंतर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 जुलाई तक रेहला रोड स्थित आरकेभीएस संस्थान में कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अंतर स्कूल प्रतियोगिता में 12वीं तक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जबकि गढ़वा जिला चैंपियनशिप (अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19) मेंस ओपन व विमेंस ओपन छह ग्रुपों में आयोजित किया जाएगा। अंडर-11 के लिए जन्म तिथि 01/01/2013 या उसके बाद, अंडर-13 के लिए जन्म तिथि 01/01/2011 या उसके बाद, अंडर-15 के लिए 01/01/2009 या उसके बाद, अंडर-17 के लिए जन्म तिथि 01/01/2007 या उसके बाद, अंडर-19 के लिए जन्म तिथि 01/01/2005 या उसके बाद का होना चाहिए। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को अगस्त माह में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विवेक कुमार दुबे को रेफरी बनाया गया है।


जानकारी देते संघ के पदाधिकारी

मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस खेल के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष अंतर स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिले के अधिक से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लें इसके लिए सभी स्कूल को आमंत्रित किया गया है। उन्होने कहा कि गढ़वा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी निकले इसके लिए बेहतर खेल रहे खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक से संपर्क कर प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। खिलाड़ियों के खेल के विकास के लिए एसोसिएशन हर संभव मदद करने को तैयार है। मौके पर संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, संघ के कोषाध्यक्ष एवं टूनार्मेंट के मैनेजर कमलेश कुमार दुबे, संघ के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रिंस सोनी, अशोक विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डीवीसी केटीपीएस को सर्वश्रेष्ठ पावर प्लांट का मिला पुरस्कार

**कोडरमा।** थर्मल पावर प्लांट को डीवीसी कोलकाता मुख्यालय द्वारा वर्ष 20-22-23 का सर्वश्रेष्ठ पावर प्लांट का पुरस्कार दिया गया है। स्थापना दिवस पर मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के? दौरान डीवीसी के महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह को चेयरमैन द्वारा यह पुरस्कार दिया गया। वहीं परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने कोडरमा थर्मल? पावर प्लांट सर्वश्रेष्ठ प्लांट के रूप में सम्मानित करने का श्रेय डीवीसी के सभी अधिकारियों कर्मियों को दिया। जिन्होंने कहा कि बीबीसी के अधिकारी व कर्मी आपसी तालमेल से प्लांट को बेहतर प्लांट के रूप में संचालित कर सर्वश्रेष्ठ प्लांट स्थान प्राप्त कर आया है। वहीं परियोजना दिलीप कुमार सिंह ने इस सफलता को लेकर डीवीसी केटीपीएस के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि सब के सहयोग से यह संभव हो पाया है। कोडरमा थर्मल पावर प्लांट आज पूरे देश में नंबर वन प्लांट के रूप में जाना जा रहा है, यह गौरव की बात है। गौरतलब हो कि केटीपीएस में 500-500 मेगावाट के दो यूनिटों से 1000 मेगावाट विद्युत का उत्पादन होता है। मौके पर प्रभारी डीजीएम सह सीएसआर हेड हरीश चंद्र? सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### छात्रों को दी चुनौतियों की जानकारी

**कोडरमा।** गत कुछ दिनों से सैनिक स्कूल तिलैया परिवार सत्र 1973-80 बैच के पूर्व छात्र की गरिमामयी उपस्थिति का साक्षी बना रहा। इस दौरान 1973 बैच के ही तथा निवर्तमान वायु सेना अध्यक्ष तथा अन्य कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी परिसर में पुरानी स्मृतियों का दीदार करने उपस्थित रहें तथा सैनिक स्कूल के इतिहास व उदयमान भविष्य पर चर्चा की। इसी क्रम में 1973 बैच के दिवंगत वरिष्ठ सैन्य अधिकारी कर्नल परेश कुमार की स्मृति में उनकी पत्नी संगीता सिन्हा के द्वारा 80 हजार का कॉर्प्स फंड विद्यालय को प्रदान करते हुए कर्नल परेश कुमार उदयमान खिलाड़ी ट्रॉफी प्रदान की गई। यह ट्रॉफी 1973-80 बैच के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एवं पूर्व छात्रगण की उपस्थिति में वायु सेना अध्यक्ष के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य एवं ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी को हस्तांतरित किया गया।

### खरीफ फसल पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे खरीफ फसल पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख अंजू देवी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान मोटे अनाज के उत्पाद पर विशेष ध्यान दें, इस वर्ष मिलेट्स वर्ष पूरे देश में मनाया जा रहा है, इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अधिक उत्पाद करें। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र कुमार एवं रूपेश रंजन ने कृषि कार्यों में सब्जी की खेती, बागवानी, खरीफ फसल प्रबंधन फसलों में पोषण प्रबंधन एवं रोग बचाव के तरीके बताए। इस दौरान प्रभारी बीपीएम ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा झारखंड सरकारी के ऋण माफी योजना, पैक्स के माध्यम से बीज वितरण, टपक सिंचाई, केसीसी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना आदि योजनाओं के विषय में किसानों को जानकारी दी गई। मौके पर बीएओ धनेश्वर प्रसाद, प्रगतिशील कृषक, महिला कृषक एवं किसान मित्र उपस्थित थे।

### मुखिया की शिकायत पर बीडीओ ने किया निरीक्षण

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा कटिया खाता नंबर 346, प्लॉट नंबर 4470, रकवा 36 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन पर कुछ लोग जबरन काम करा रहे हैं, इसकी शिकायत मुखिया रेखा देवी ने सीओ से की थी। वहीं मुखिया की शिकायत के बाद मंगलवार को बीडीओ अरूणा कुमार ने स्थल निरीक्षण किया और कहा कि जब तक इस मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती काम बंद रहेगा। उल्लेखनीय है कि मुखिया रेखा देवी ने उदय कसेरा पिता भीखो कसेरा, दिलीप कसेरा पिता द्वारिका कसेरा, महेश मोदी पिता स्व. बंशी मोदी, सुनील कुमार यादव आदि पर गैरमजरूआ जमीन पर दखल करने का आरोप लगाया है। उक्त जमीन कटिया पंचायत की है, इसे अविलंब खाली कराया जाय। वहीं मुखिया ने कहा है कि जमीन खाली रहने पर यहां हाट बाजार लगाया जा सकता है

### बीस सूत्री अध्यक्ष अज्जु सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री अध्यक्ष अज्जु सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दोनों बैठकों में कई विभागों के पदाधिकारी की अनुपस्थिति से रोष प्रकट करते हुए पदाधिकारियों पर कारण पृच्छा करने का निर्णय लिया गया। वहीं पूर्व बैठक के प्रस्ताओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ संजय यादव, राजकुमार यादव, बीरेंद्र पाण्डेय, प्रमोद वर्णवाल, संजय दास व कई विभाग के पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे।

### आमसभा का आयोजन, शराबबंदी व नशा मुक्ति अभियान चलाने का निर्णय


आमसभा में उपस्थित लोग।

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के तेलिया बांध व तेलिया निजामत गांव में सोमवार की देर शाम पंचायत मुखिया सोनी देवी की अध्यक्षता में एक आम सभा का आयोजन किया गया। इस आमसभा में गांव के सभी युवा, युवती, महिलाएं, पुरुष व बुजुर्ग शामिल हुए। आयोजित आम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने गांव के मान सम्मान व सामाजिक प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए शराबबंदी व नशा मुक्ति अभियान चलाने व अपने अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामवासी मिलकर संपूर्ण प्रयास करेंगे कि हमारा गांव नशा मुक्त गांव व नशा मुक्त समाज बने। इसके लिए ग्रामीणों ने एक संगठन भी तैयार किया है, जिसमें रामलाल राम को अध्यक्ष, काशी प्रजापति को उपाध्यक्ष, दिनेश प्रसाद गुप्ता को सचिव, पूजा कुमारी को उपसचिव, अमीरका चैधरी को कोषाध्यक्ष व शोभा देवी को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर मुखिया ने कहा कि आमसभा का आयोजन कर ग्रामीणों द्वारा लिया गया निर्णय अति सराहनीय है। गांव व समाज को नशाखोरी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि कांडी प्रखण्ड के सभी पंचायतों व गांवों में इसी प्रकार अभियान चलाया जाए तो गांव व पंचायत ही नहीं, बल्कि पूरा प्रखण्ड नशामुक्त हो जाएगा। मंगलवार की सुबह में तेलिया बांध व तेलिया निजामत गांव के सैकड़ो लोगों ने ढोल बजाते हुए दोनों गांव में एक रैली निकाला गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, पूर्व मुखिया जय किशुन राम, शांति देवी, रजमतिया कुंवर, कमला देवी, सुषमा देवी, सत्येंद्र राम, सविता देवी, शंभू प्रसाद गुप्ता, अखिलेश राम, काशी प्रजापति, गणेश चैधरी, नरेश प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई और गंभीरता




मनोज शर्मा

विश्व भर में खासकर भारत में पर्यावरण की क्षति किस कदर हुई है, यह तय मौसम में व्यापक बदलाव और असमय लाखों की संख्या में हुई मौत से समझा जा सकता है। सिडनी जैसे विकसित शहर में नल खुले रखने पर जुर्माना की बात करना एक और खतरनाक संकेत दे रहा है। अमेरिका के 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2017 में 12 लाख लोग मारे गए। वर्तमान में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण दक्षिण एशिया में बच्चों की औसत जीवन प्रत्याशा में ढाई साल की कमी आएगी, जबकि नियंतण्र जीवन प्रत्याशा में 20 महीने की कमी आएगी। ये सारी बातें एक बार फिर इसलिए चर्चा के केंद्रबिंदु में हैं क्योंकि हाल ही में विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विविद्यालयों में अनिवार्य रूप से पर्यावरण विषय को पढाने को कहा है।यूजीसी का यह फैसला स्वागतयोग्य है, मगर अभी भी यह निर्णय कई बिंदुओं पर अधूरा है। प्रदूषण की मार का नियंतण्र तौर पर हर आम और खास किस तरह सामना कर रहे हैं, यह सबके सामने है। सो सिर्फ रूटीन पढाई करके आप पर्यावरण को बेहतर नहीं बना सकते हैं। इसके लिए पढाई के तौर-तरीकों को बदलना होगा। उसके आयामों को 360 डिग्री बदलने की जरूरत है। इसके लिए सालों पुराने पाठ्यक्रम को नये कलेवर में लाना होगा। हमारे देश में यह कमी है कि हम अपने कोर्स में जल्दी-जल्दी बदलाव नहीं करते हैं, जबकि हमारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रशासकीय समस्याएं गतिशील हैं। हमें इस जड़ता को खत्म करना होगा। विदेशों में सालों-साल तक चलने वाले कोर्स का कोई अस्तित्व ही नहीं है। वहां तो हर साल विषयों के कोर्स में बदलाव किए जाते हैं। वहां सेशन शुरू होने के पहले ही संक्षेप में बता दिया जाता है कि इस साल क्या-क्या पढाया जाएगा? इसके उलट हमारे यहां 15 साल 20 साल पुराने कोर्स अभी भी पढाए जाते हैं। कई कोर्स तो इतने पुराने हो गएहैं कि अब उनकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इसे समझने की आवशयकता है। आशय यह है कि गैर महत्त्वपूर्ण पाठय़क्रम को खत्म करना होगा। कुल मिलाकर नये पाठ्यक्रम के लिए लचीला रुख अपनाना होगा। यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सुरक्षा के लिएयुवा और छात्रों की भागीदारी अत्यंत आवशयक है। नई पीढी को बोरियत से बाहर निकालना समय की मांग है। अगर इसमें व्यापक तौर पर तब्दीली नहीं लाई गई तो पठन-पाठन के जरिये बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगी।पिछले कई साल से यूजीसी विविद्यालयों-शिक्षण संस्थानों-कॉलेजों को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने हुए अंडर ग्रेजुएट स्तर पर पर्यावरण विज्ञान विषय को अनिवार्य रूप से पढाने के आदेश दिए गए, लेकिन बताया जाता है कि देशभर के कुल 706 विविद्यालयों में से 306 विविद्यालयों ने इस विषय को अभी तक शुरू नहीं किया है। शैक्षणिक स्तर पर यह लापरवाही चिंता के साथ-साथ निराशा का माहौल भी पैदा करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि कई विविद्यालयों-संस्थानों ने पर्यावरण विज्ञान विषय शुरू तो किया है, मगर वह मनमाने तरीके से इस विषय को पढ़ा रहे हैं। जबकि यूजीसी ने कहा है कि पर्यावरण अध्ययन पर मॉड्यूल को पढ़ाने का काम उन शिक्षकों को सौंपने की जरूरत है, जो यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं। पर्यावरण विज्ञान विषय को पढ़ाने के लिए उसी विषय में उच्च उपाधि प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति करना अपेक्षित है, लेकिन यह विषय दूसरे विषयों के स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षकों से पढ़वाया जा रहा है, जिसके चलते पर्यावरण विज्ञान के उच्च उपाधि प्राप्त उम्मीदवार बेरोजगारी होकर भटक रहे हैं। कहने का तात्पर्य है कि शिक्षा से जुड़े नीतिकार और विशेषज्ञों को यह दायित्व समझना होगा और जिम्मेदारी के साथ देश की बेहतरी के लिए भविष्य के बेहतरीन छात्र तैयार करने होंगे। इसको हमारी दिन-प्रतिदिन की जो समस्या है, उससे जोड़ना होगा, कनेक्टिविटी बढ़ानी होगी।

एक और अहम सुझाव यह है कि पर्यावरण या प्रदूषण की समस्या को हमें स्वास्य से जोड़ना होगा। जब तक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी जनता को नहीं होगी, तब तक उसमें बेहतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। हम अक्सर देखते हैं कि किडनी/लीवर आदि गंभीर बीमारियां प्रदूषण और खराब पानी और खानपान की वजह से होती हैं। अगर प्रदूषण के बारे में लोग जागरूक होंगे तो तस्वीर निश्चित तौर पर बदल सकती है। पराली जलाने, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को जनता को बताने की जरूरत है। यानी कई स्तर पर काम करने से बेहतर परिणाम आएंगे।



# ग्राफो एनालिसिस से व्यक्तित्व विकास की गांरटी लेते हैं नवीन



कई सरकारी नौकरियों से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी तक के लिए उम्मीदवार के व्यक्तित्व की भी परख की जाती है। वहीं, आपका व्यक्तित्व आपको सफल या असफल बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाता है। यही कारण है कि व्यक्तित्व विकास के कोर्सेज की मांग तेजी से बढी है। कई संस्थान तो इसके नाम पर छात्रों से मोटी रकम भी वसूलते हैं।

लेकिन एक ऐसा शख्स है जो व्यक्तित्व विकास के लिए हजारों साल पुरानी तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। ये तकनीक लोगों को इतनी पसंद आ रही है कि इनके चाहने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।इस शख्स का नाम है नवीन तोश्नीवाल। 51 साल के नवीन राजस्थान में जयपुर के रहने वाले हैं। वह एक केमिकल इंजीनियर रह चुके हैं। लेकिन अब पेशे से व्यापारी हैं। नवीन के कई शौक हैं। इन्हीं में से एक शौक है लोगों को उनका व्यक्तित्व बेहतर बनाने में मदद करना। लेकिन इस काम में सबसे खास चीज है नवीन की तकनीक।

इस तकनीक को ग्राफो एनालिसिस के नाम से जाना जाता है।

नवीन बताते हैं कि यह तकनीक 2000 ईसा पूर्व की है। ये वो समय था जब ग्रीक फिलॉसोफर एरिस्टॉटल ने इंसान के दिमाग और उनकी लिखावट के बीच का रिश्ता ढूंढा था।

लेकिन इस तकनीक को कुछ दशक पहले से ही लोगों ने जानना शुरू किया।

कैसे काम करती है ये तकनीक?

नवीन बताते हैं कि 'हैंडराइटिंग एक तरह से माइंड राइटिंग है'। हमारी लिखावट कागज पर हमारे अवचेतन मन की छवि उकेरती है। इसलिए लिखावट के तरीके में होने वाले सामान्य से बदलाव से भी हम अपने अवचेतन मन में वो बदलाव ला सकते हैं जो हमें अपने व्यक्तित्व या चरित्र में चाहिए।

कोई शख्स अगर तीन से चार हफ्तों तक रोजाना 5-7 मिनट इन छोटे व सामान्य बदलावों की प्रैक्टिस करे, तो उसके व्यक्तित्व में भी बदलाव जरूर आएगा।नवीन ने बताया कि किसी इंसान की लिखावट से उसकी बुद्धिमत्ता, दृढ. निश्चय, इच्छाशक्ति, रचनात्मकता, एकाग्रता, सृजनशीलता समेत कई अन्य क्षमताओं का पता लगाया जा सकता है। ये सभी चीजें मिलकर बता देती हैं कि किसी शख्स का चरित्र व व्यक्तित्व कैसा है।

नवीन को इस तकनीक के विस्तृत इस्तेमाल के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद से इसी साल अगस्त में प्रशंसा पत्र भी मिल चुका है। वह प्रबंधन के छात्रों समेत अन्य नौकरीपेशा लोगों को भी इसका प्रशिक्षण देते हैं।

## उत्तर प्रदेश में 477 पदों पर नियुक्ति

**28 जुलाई** तक नप्रवर्तन कांस्टेबल पद के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं, उत्तरप्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने नप्रवर्तन कांसटेबल के पदों पर बंपर भर्ती निकाली है, फार्म भरने की अंतिम तारीख 28 जुलाई है, इसके बाद आपके द्वारा ऑनलाइन सब्मिट किए गए फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे,

**477 पदों पर होगी भर्ती**

उत्तर प्रदेश सर्विस सेलेक्शन कमीशन द्वारा नप्रवर्तन कांस्टेबल के 477 पदों पर बंपर भर्ती निकाली है, जिसमें कक्षा 12 वीं पास कैंडिडेट्स या इसके समान उपाधि प्राप्त कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकते हैं। इस भर्ती में अप्लाई करने के लिए आवेदक की आयु सीमा 25 साल होना चाहिए। इससे अधिक उम्र के कैंडिडेट्स अप्लाई नहीं करें, हां लेकिन जो कैंडिडेट्स आरक्षण कैटेगिरी में आ रहे हैं। उन्हें आयुसीमा में नियमानुसार छूट मिलेगी।

**20 हजार रुपए से अधिक मिलेगी सैलरी**

नप्रवर्तन कांस्टेबल के पद पर निकली भर्ती में कैंडिडेट्स को प्री मेन एग्जाम पास होने पर परफॉर्मेंस के आधार पर चयनित किया जाएगा। जिसमें सैलरी भी 5200 से 20,200 रुपए तक मिलेगी। इस भर्ती में अप्लाई करने के लिए फीस 25 रुपए लगेगी।

**रेलवे रिक्रूटमेंट सेल वेस्टर्न रीजन** (आरआरसीडब्ल्यूआर) ने अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए भर्ती निकाली है। इसके जरिए वेस्टर्न रीजन की ओर से 3,624 अप्रेंटिस की नियुक्तियां की जाएंगी। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 जून से शुरू हुई है। आवेदन की आखिरी तारीख 26 जुलाई, 2023 है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## बिहार शिक्षक भर्ती 2023 आवेदन की अंतिम तिथि- 15 जुलाई

बिहार राज्य में शिक्षा वर्ग से स्नातक या मास्टर डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों से आनलाइन आवेदन मंगाए जा रहे हैं। यह आवेदन बिहार लोक सेवा आ?ोग की वेबसाइट पर मंगाए जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक, पीजीटी और टीजीटी के कुल 170461 पदों पर भर्ती की जा रही है। बिहार पीएससी की वेबसाइट के जरिए आवेदन फॉर्म ऑनलाइन भरे जा सकते हैं।

**प्राथमिक विद्यालय अध्यापक**

1 से 5वीं तक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने वाले अध्यापकों के 79943 पद हैं। इस पद के लिए 25 हजार रुपए प्रतिमाह एवं अन्य भत्ते दिए जाएंगे। स्थायी और नी पेंशन योजना के नियमानुसार अनुमान्य। इस पद पर ज्वाइन से लेकर दो साल की अवधि प्रोबेशन पीरियड मानी जाएगी और काम संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो प्रोबेशन पीरियड में विस्तार किया जा सकता है। माध्यमिक अध्यापकः 9 से 10 तक माध्यमिक विद्यालय के अद्यापकों के लिए 32916 पदों पर भर्ती निकली है। इसमें सभी विषय शामिल हैं। इनमें हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, उर्दू, अरबी, फारसी, बांग्ला शामिल हैं। सबसे ज्यादा पद हिन्दी के हैं।

**उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक**

11 से 12 के बीच उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 30 विषयों के 57602 पदों पर भर्ती की जा रही है। यह अराजपत्रित पद है एवं मूल वेतन 32000 प्रतिमाह एवं अन्य भत्ते दिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गयी है। ऑनलाइन आवेदन करें।

## शिक्षा परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम, निर्धनता से लड़ने में सहायक



अनुष्का चौधरी

**कशिश** , एक ड्राइवर की बेटी की जिसने निफ्ट की परीक्षा उत्तीर्ण कर केरल स्थित देश के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान आई आई एम कोझिकोड में प्रवेश लिया । आईआईएम प्रबंधन के लिए केंद्र द्वारा वित्त पोषित बिजनेस स्कूल हैं जो व्यवसाय प्रशासन के क्षेत्र में कुछ अतिरिक्त पाठ्यक्रमों के साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और कार्यकारी कार्यक्रमों की पेशकश करते हैं। आईआईएम की स्थापना भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत के योजना आयोग की सिफारिश के आधार पर शुरू की गई थी। भारत में कुल 20 आईआईएम हैं , जो की देश के हर कोने में स्थित है। आईआईएम अहमदाबाद, बेंगलुरु , कलकत्ता सबसे पुराने है ।

15 दिसंबर, 2009 में रांची , झारखंड में भी आईआईएम की स्थापना हुई। आईआईएम रांची उन छह नए आईआईएम में से एक है जिन्हें 27 अगस्त 2009 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी। एम.जे. जेवियर संस्थान के संस्थापक निदेशक थे। आज लगभग 14 साल बाद , आईआईएम रांची ने दुनिया भर में अपनी पहचान छोड़ी है। और ऐसी ही पहचान छोड़ी है रांची की बेटी ने । डीएवी गांधीनगर से बारहंवी उत्तीर्ण की और अब आईआईएम कोझिकोड में दाखिला हुआ।

भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड केरल के कालीकट (कोझिकोड) में स्थित एक स्वायत्त सार्वजनिक बिजनेस स्कूल है। भारत सरकार द्वारा केरल राज्य सरकार के सहयोग से 1996 में स्थापित यह संस्थान 20 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में से एक है। यह स्थापित होने वाला पांचवां ककट था। सभी आईआईएम प्रबंधन में दो साल का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) प्रदान करते हैं, जो मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री के बराबर है। इस कार्यक्रम को आईआईएम का प्रमुख कार्यक्रम माना जाता है, और सफल उम्मीदवारों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) का पुरस्कार दिया जाता है।

**आईआईएम भारत के सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक है और यहां पढ़ना कई छात्रों का सपना है। तो आइए बात करते हैं कि यहां प्रवेश लेने के लिए क्या प्रक्रिया है –**

**1)) पहला चरण आईआईएम द्वारा आयोजित कॉमन एप्टीट्यूड टेस्ट या कैट परीक्षा के लिए उपस्थित होना है**

**2) आवश्यक कट-ऑफ और समग्र स्कोर को पार करने के बाद, उम्मीदवार को लिखित परीक्षा/समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए बुलाया जाता है।**

**3) प्रत्येक श्रेणी में उम्मीदवारों के लिए प्रवेश की अंतिम पेशकश अंतिम समग्र स्कोर के आधार पर की जाएगी, जिसमें कार्य अनुभव, लिंग, स्कूल बोर्ड आदि जैसे विभिन्न भारों को ध्यान में रखा जाएगा।**

देश में आशा की एक किरण सामने आती है क्योंकि शिक्षा ही वो रास्ता है जिससे गरीबी और बेरोजगारी दूर हो सकती है। शिक्षा का स्तर जितना अधिक होगा, विकास की संभावना उतनी ही बेहतर होगी। शिक्षा केवल गरीबी मिटाने में नहीं , आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार है ।

आज भारत देश विकासशील देश माना जाता है और यह हुआ है केवल शिक्षा से । देश भर में नई नई तकनीकियां आ गई है जिसकी शायद हमने सालों पहले कल्पना भी नहीं की होंगी - एटीएम, मेट्रो , ऑनलाइन पेमेंट के ऐप जैसे जीपे , पेटीएम आदि। प्रौद्योगिकी स्कूलों में अधिक प्रचलित हो रही है और एक अद्यतन शैक्षिक प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे सीखने, संचार करने और सूचना संसाधित करने के तरीके को बदल दिया है। इसने सीखने को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बना दिया है, और सहयोग और ज्ञान साझा करने की नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन संसाधनों और उपकरणों तक पहुंच प्रदान करने से लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार और सहयोग को सुविधाजनक बनाने तक, शिक्षण और सीखने में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। इसका उपयोग आकर्षक और इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभव बनाने के लिए भी किया जा सकता है।ये सब संभव हुआ है शिक्षा के माध्यम से। शिक्षा किसी भी देश के प्रगति के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा बेहतर रोजगार के अवसरों की प्रवृत्ति बढ़ाती है। शिक्षा न केवल एक स्मार्ट, सूचित आबादी बनाती है, बल्कि यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है और देश की जीडीपी को बढ़ाती है। यह लोगों को उच्च जीवन स्तर के साथ स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली जीने की अनुमति देता है। सामान्य तौर पर शिक्षा के सभी स्तर महत्वपूर्ण हैं लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है तृतीयक स्तर, जिसमें कॉलेज, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा शामिल हैं। इस चरण में छात्रों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और जीवन के हर क्षेत्र के बारे में अधिक सीखना पड़ता है। यदि किसी देश के लोग शिक्षित हैं तो दूसरे देश उस देश के साथ संबंध चाहते हैं जिससे हम दूसरे देशों के साथ व्यापार में सुधार कर सकते हैं और अपने देश की आय में सुधार कर सकते हैं और अपने देश को दुनिया के देशों की सूची में शीर्ष पर ले जा सकते हैं।

**(प्रशिक्षु पत्रकार, संत जोसेफ यूनिवर्सिटी बंगलूरू)**

# गणित का ज्ञान टेक्नोलॉजी और कंपटीशन में रखेगा आगे



बृजमोहन ओझा

**आज** के टेक्नोलॉजी और प्रतियोगिता के दौड़ में युवाओं अपने कैरियर के लिए पहले ही से सोचने लगते हैं वर्तमान समय में युवाओं को गणित को एक विषय या कैरियर के रूप में पढने की जरूरत है।

आर्यभट्ट भास्कराचार्य रामानुजन जैसे गणितज्ञ भारत भूमि के रत्न थे गणितज्ञों का भूमि रहा है भारतीय वेदों में र्विणत गणितीय विश्लेषण आज भी रहस्यमय है भारतीय संस्कृत ग्रंथों में आधुनिक गणित से लेकर विज्ञान पर्यावरण जल संरक्षण परंपरा एवं संस्कृति को जीवंतता प्रदान करने वाला अद्भुत सूत्र दिए हुए हैं। दुर्भाग्य है कि देश पर राज करने वाले अंग्रेजी हुकूमत और अंग्रेजों के गुलाम ने संस्कृत को कठिन विषम और विद्वानों की भाषा बताकर इसे प्राथमिक शिक्षा और आम आदमी से दूर कर दिया। गणित को सामान्यतः लोग एक कठिन विषय मानते हैं क्योंकि गणित के आधारभूत नियम सूत्रों से दूर भागते हैं। गणित को सबसे कठिन विषय माना जाता है। लेकिन एक ताजा शोध में पता चला है कि गणित के सूत्र में मौजूद अंकों और अक्षरों का जटिल सिलसिला मस्तिक में आंनद के वैसे ही अनुभूति पैदा करते हैं, जैसे एक शानदार कलाकृति को देखकर या महान संगीतज्ञ का संगीत सुनकर पैदा होती है। नई तकनीक क्रांति की वजह से गणित का सर्वाधिक विकास पिछले 30/40 वर्षों में हुआ वर्तमान समय में युवाओं के पास गणित में कैरियर बनाने के काफी अच्छे और बहुत मौके हैं। गणितज्ञों के पास कैरियर की संभावनाएं जारी रहती है क्योंकि उच्च स्तर के विशलेषणात्मक सोच कौशल की आवशयकता होने के बाद उन्हें अत्यधिक मांग की जाती है। गणितज्ञों को लगभग सभी निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के संगठन में रोजगार मिलता है। गणित अध्ययन के बाद युवा उद्योग बैंकिंग सेवाओं की विषय के रूप में स्थापित कर सकते हैं। आज युवाओं को गणित में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान करने के लिए विश्व स्तर के अनेक संस्थान देश में मौजूद है । भारत में 135 से अधिक विश्वविद्यालय हैं जो गणित से जुड़े हुए कोर्स चलाते हैं स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले विश्वस्तरीय संस्थान इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट बैंगलोर कोलकाता एवं चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट चेन्नई हैं।

**स्नातक डिग्री के प्रमुख संस्थान –**

इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), बेंग्लुरु : यहां से आप बी.मैथ डिग्री हासिल कर सकते हैं. इस संस्थान में दाखिले के लिए पहले स्क्रीनिंग टेस्ट देना पड़ता है.

- चेन्नई मैथमैटिकल इंस्टीट्यूट (सीएमआई), चेन्नई : सीएमआई से आप मैथ और कम्प्यूटर साइंस में बीएससी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। यह संस्थान लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद दाखिला देता हैं।

**गणित में बीएससी डिग्री**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), कानपुर : यहां दाखिला लेने के लिए पहले आईआईटी जेईई देना होता है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बेंग्लुरु : संस्थान में दाखिले के लिए आईआईटी जेईई का आयोजन किया जाता है।

गणित में मास्टर डिग्री

- चेन्नई मैथमैटिकल इंस्टीट्यूट (सीएमआई), चेन्नई : यहां मई के अंतिम दिनों में एडमिशन टेस्ट का आयोजन होता है।
- इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), नई दिल्ली : यहां भी एडमिशन टेस्ट द्वारा प्रवेश मिलता है।
- यूनिर्विसटी ऑफ हैदराबाद : यहां लिखित परीक्षा और इंटरव्यू द्वारा दाखिला होता है।

एमएससी-पीएचडी यहां से कर सकते हैं-

- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फन्डामेन्टल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमैटिकल साइंस (आईएमएससी), चेन्नई
- हरीश चंद्र रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई), इलाहाबाद।

गणित से प्रमुख करियर इस प्रकार हैंः

**गणितज्ञ :** गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

**शिक्षण :** गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और छात्रों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। **सॉफ्टवेयर इंजीनियर :** भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

**बैंकिग :** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट :** उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधकि प्रतिष्ठित करियर विकल्प है।

**कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट :** कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत-लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन एरोनॉटिकल रिसर्च में सरकारी विभागों का काम होता है यहां सभी गणितज्ञ उनकी प्रमुख समस्याओं को सुनते हैं।

# कैंसर की दवाओं पर नहीं लगेगा टैक्स

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गये कई फैसले, ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो पर अब 28% लगेगा टैक्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में बड़े फैसले लिए गए हैं। मंगलवार को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक की अध्यक्षता की। सीतारमण ने मंगलवार शाम प्रेस ब्रीफिंग कर मीटिंग में लिये गए फैसलों की जानकारी दी।

जीएसटी काउंसिल ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसिनो की फुल वैल्यू पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने पर सहमत हो गई है। साथ ही अब सिनेमाहॉल में खाना सस्ता होगा। जीएसटी काउंसिल ने सिनेमाहॉल में खाने-पीने के सामान पर जीएसटी कटौती का फैसला लिया है। जीएसटी काउंसिल ने सिनेमाहॉल में सर्व होने वाले खाने पर टैक्स को घटाकर 5 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा अब कैंसर की इंपोर्टेड दवा पर आईजीएसटी नहीं लगेगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी ट्रिब्यूनल के गठन को भी मंजूरी दी गई है। अगर आप मूवी लवर हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है।



- **सिनेमा हॉल में फूड्स पर जीएसटी को घटाकर पांच फीसदी कर दिया गया**
- **बैठक में इडी के जीएसटीएन से सूचना साझा करने का उठा मुद्दा, कई राज्यों ने जताया विरोध**

सिनेमा हॉल्स में सर्व होने वाले फूड्स पर जीएसटी रेट को घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। यह पहले 18 फीसदी था। इसके अलावा कुछ अन्य उत्पादों पर भी जीएसटी घटाया गया है। बैठक में अनकुक्ड फूड पैलेट, मछली और सॉल्यूब पेस्ट पर भी टैक्स घटाया गया है। इन उत्पादों पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है।

**कैंसर मरीजों को बड़ी राहत :** जीएसटी काउंसिल ने कैंसर के मरीजों को एक राहत दी है। अब कैंसर की इंपोर्टेड दवा पर आईजीएसटी नहीं लगेगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में कैंसर से लड़ने में काम आने वाली दवाओं और दुर्लभ बीमारियों के लिए काम आने वाली दवाओं को जीएसटी से छूट देने का फैसला लिया है। इससे कैंसर की दवा सस्ती हो जाएगी।

जीएसटी परिषद की बैठक में गैर-भाजपा शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) से सूचना साझा करने के केंद्र के फैसले पर चिंता जताई है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित बैठक के दौरान गैर-भाजपा शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष यह मुद्दा उठाया। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेस में कहा कि कई वित्त मंत्रियों ने यह मुद्दा उठाया।

दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान ने चिंता जताते हुए कहा है कि इस पर जीएसटी परिषद में चर्चा होनी चाहिए। आतिशी ने कहा कि सरकार ने जीएसटीएन को धन शोधन रोधक अधिनियम के तहत लाया है। इसका मतलब यह होगा कि चाहे आप छोटे या बड़े व्यवसाय में हैं, यदि आप जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं, तो आप पर रिटर्न दाखिल करने में देरी जैसे अपराधों के लिए ईडी मुकदमा चला सकता है। पंजाब सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इसे ह्यकर आतंकवादह्व बताते हुए कहा कि इससे छोटे कारोबारी डरे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्रालय ने हाल ही में एक अधिसूचना के माध्यम से धन शोधन रोधक अधिनियम 2022 में संशोधन किया है। इसके तहत जीएसटी की प्रौद्योगिकी इकाई संभालने वाली जीएसटीएन को उन इकाइयों में शामिल किया गया है, जिनके साथ ईडी सूचना साझा कर सकता है।

# शाह से मिले नागमणि राजग में होंगे शामिल

**बिहार में महागठबंधन को हराने के लिए क्षेत्रीय नेताओं को एक बड़ा गठबंधन बने : नागमणि**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने मंगलवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की औ भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल होने की इच्छा जताई। नागमणि की पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन का मुकाबला करने के लिए अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। पिछले कुछ वर्षों में राजद और जदयू सहित कई दलों में रहने के बाद नागमणि ने पिछले साल शोषित इंकलाब पार्टी बनाई थी। बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन में जद (यू), (राजद), कांग्रेस और वाम दल शामिल हैं।



नागमणि ने कहा कि शाह से आग्रह किया कि भाजपा को बिहार में महागठबंधन को हराने के लिए क्षेत्रीय नेताओं को समायोजित करके एक बड़ा गठबंधन बनाना चाहिए.बिहार में लोकसभा की 40 सीट हैं।

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर यह संख्या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन के लिए अहम है। नागमणि ने कहा कि सभी बड़ी पार्टियां चुनाव से पहले गठबंधन कर रही हैं। मैं उनसे आग्रह करता हूं कि भाजपा को भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से अपने पिता जगदेव प्रसाद की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का आदेश देने का भी आग्रह किया। नागमणि कुशवाहा समुदाय से आते हैं। माना जाता है कि कुछ इलाकों में अपने समुदाय के मतदाताओं के बीच उनका कुछ आकर्षण है, जिसका मुख्य कारण उनके पिता जगदेव प्रसाद की विरासत है। कुशवाहा वोटों को राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वे यादवों के बाद सबसे बड़ा पिछड़ा समुदाय हैं। भाजपा ने हाल ही में समुदाय के एक सदस्य सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया है और राजग में शामिल होने के लिए जद (यू) छोड़ने वाले उपेंद्र कुशवाहा से भी संपर्क साधा है।

## नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट समेत छह की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में माउंट एवरेस्ट के पास सोलुखुम्बु से मंगलवार सुबह काठमांडू के लिए उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसमें पायलट और पांच यात्रियों की मौत हो गई है। पांचों यात्री उत्तरी अमेरिकी देश मैक्सिको के नागरिक थे। सोलुखुम्बू जिले के प्रमुख जिलाधिकारी बसंत भट्टराई ने इसकी पुष्टि की है। प्रमुख जिलाधिकारी भट्टराई ने बताया कि सोलुखुम्बु से काठमांडू के लिए उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर का सुबह 10 बजे संपर्क टूट गया था। तलाशी के दौरान हेलीकॉप्टर लामजुरा दर्रे पर दुर्घटनाग्रस्त पाया गया।

त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रवक्ता टेकनाथ सिटौला के मुताबिक हेलीकॉप्टर मनांग एयर कंपनी का था। दर्रे में स्थानीय लोगों ने धुआं और विस्फोट की आवाज सुनकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया। तलाशी के दौरान सुरक्षाकर्मियों को हेलीकॉप्टर मिला। हेलीकॉप्टर के पायलट कैप्टन सीबी गुरुंग थे, जबकि मैक्सिको के नागरिक फर्नांडो सिफुग्नेट्स, रिनकॉन इस्माइल, एबेरिका गोंजालेज, ओलासिया गोंजालेज और मारिया जोस सिफुंटेस सवार थे।

## बौद्धिक संपदा सृजित करने वाले संस्थानों को करें प्रोत्साहित : मुर्मू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध एवं नवाचार के महत्व को बताते हुए मंगलवार को कहा कि बहुमूल्य बौद्धिक संपदा सृजित करने और नवाचार के जरिये राजस्व अर्जित करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए रास्ता निकाले जाने की जरूरत है।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित दो दिवसीय विजिटर सम्मेलन 2023 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने यह बात कही। राष्ट्रपति उच्चतर शिक्षा के 162 केंद्रीय संस्थानों की विजिटर हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। इनका उपयोग आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों में किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे उच्च शिक्षण संस्थान स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहे और बुनियादी शोध को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुसंधान एवं नवाचार का औद्योगिक उद्देश्यों में उपयोग किया जा सकता है। मुर्मू ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता में भारत की कोशिश सदस्य देशों के साथ मिलकर दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान तलाशने पर होगी।

**स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहें हैं उच्च शिक्षण संस्थान: राष्ट्रपति**



## मोदी मंत्रिमंडल का पुर्नगठन आज

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का आखिरी बार पुनर्गठन कर सकते हैं और इसमें राजग में शामिल भाजपा के सहयोगी दलों के कुछ नेताओं को जगह दिये जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में दरबार हॉल में बुधवार को अपराह्न नये मंत्रियों को शपथ दिलायी जा सकती है। जबकि छह से अधिक के मंत्रियों को सरकार से हटा कर पार्टी के संगठन में भेजे जाने की चर्चा है।

## परिवारवादियों के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई जारी रहेगी : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि ईडी का निदेशक कौन है, क्योंकि जो कोई भी इस पद पर होगा, वह विकास विरोधी मानसिकता रखने वाले परिवारवादियों के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पर नजर रखेगा। उच्चतम न्यायालय द्वारा ईडी प्रमुख संजय मिश्रा को तीसरा कार्यकाल विस्तार दिये जाने को अवैध ठहराये जाने और उनका विस्तारित सेवाकाल 31 जुलाई तक सीमित किये जाने के कुछ घंटे बाद शाह ने यह कहा। सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 1984 बैच के आईआरएस अधिकारी का कार्यकाल 18 नवंबर तक निर्धारित था। शाह ने कहा कि ईडी मामले पर कोर्ट के फैसले पर खुशी मना रहे लोग कई कारणों से भ्रम में हैं। सीवीसी अधिनियम में संशोधन, जिसे संसद द्वारा पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए ईडी की शक्तियां पहले जैसी हैं क्योंकि यह एक ऐसी संस्था है जो किसी व्यक्ति विशेष से परे है और यह अपने मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करने के प्रति लक्षित है, यानी धन शोधन और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के अपराधों की जांच करना।



## महिला को जन्म दिन पर तोहफ में मिला चार किलो टमाटर

**ठाणे।** देश में टमाटर की बढ़ती कीमत के बीच महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक महिला को जन्मदिन पर तोहफे में चार किलोग्राम से अधिक टमाटर मिले हैं। टमाटर जो कुछ दिन पहले 20 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा था अब 140 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है जिसकी वजह से आम आदमी के लिए टमाटर खरीदना मुश्किल हो रहा है। कल्याण के कोछाड़ी में रहने वाली सोनल बोरसे को रविवार को जन्मदिन पर रिश्तेदारों ने चार किलोग्राम से अधिक टमाटर तोहफे में दिए।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 274 अंक और मजबूत

एजेंसी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स लगभग 274 अंक लाभ में रहा। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से बाजार बढ़त में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और आईटीसी के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी कायम रही।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 273.67 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65,617.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 526.42 अंक उछलकर 65,870.59 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 83.50 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,439.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मा, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे।




दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार को अब सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों का इंतजार है। ये नतीजे बुधवार से आने शुरू हो जाएंगे। हालांकि परिणाम को लेकर ज्यादा उम्मीद नहीं है। ध्यान मार्जिन बने रहने और दीर्घकालीन अनुमान पर है। चीन में आर्थिक वृद्धि बनाये रखने के लिये प्रोत्साहन उपायों की घोषणा की संभावना और अमेरिका में मुद्रास्फीति नरम पड़ने की उम्मीद से भी धारणा को बल मिला। बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक) 0.97 प्रतिशत और स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक) 0.82 प्रतिशत चढ़े। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख रहा।

- **सेंसेक्स 65,617 पर पहुंचा निफ्टी 84 अंक बढ़त के साथ 19439 अंक पर बंद**
- **रिलायंस, इन्फोसिस और आइटीसी के शेयरों में तेजी**

# अक्षय कुमार की ओएमजी-2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की 2012 में रिलीज हुई 'ओह माई गॉड' दर्शकों को काफी पसंद आई थी। पहले पार्ट में एक्टर ने श्रीकृष्ण का किरदार निभाया था, अब दूसरे पार्ट 'ओएमजी-2' में अक्षय कुमार भगवान शंकर के अवतार में नजर आएंगे। हाल ही में इस फिल्म का दमदार टीजर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है। फिल्म 'ओह माई गॉड-2' आस्तिक और नास्तिक के बीच अंतर को दर्शाती है। टीजर में अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी नजर आ रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के लंबे बाल, माथे पर भस्म, गले में रुद्राक्ष की माला होगी। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'रख विश्वास'। 'ओह माय गॉड-2' में सुपरस्टार अक्षय कुमार, अभिनेता पंकज त्रिपाठी और अभिनेत्री यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं। इस बीच फिल्म 'ओ माई गॉड-2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पुराने पार्ट की स्टारकास्ट दूसरे पार्ट में भी नजर आएगी।



## कुरैशी ने शेयर किया बॉडी शेमिंग का अनुभव

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी फिल्म 'तरला' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हुमा ने अपनी एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में एक अलग जगह बनाई है। हुमा अपनी एक्टिंग के साथ अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। हुमा की अक्सर उनके वजन और शरीर को लेकर आलोचना की जाती थी। एक इंटरव्यू में हुमा ने अपने साथ हुई बॉडी शेमिंग की घटना पर बयान दिया है। एक इंटरव्यू में हुमा ने बॉलीवुड में अपने शुरूआती दिनों की एक घटना का जिक्र किया। हुमा ने कहा कि 'जब मैं 20 साल की थी, तब से मैंने दूसरों को अपने शरीर पर टिप्पणी करते सुना है। एक बार एक मैग्जीन के मुख्य पृष्ठ पर मेरी फोटो देखकर कुछ लोगों ने टिप्पणी की साथ ही मेरे कपड़ों पर भी भद्दे कमेंट्स किए गए। कई लोगों ने मेरी फोटो को जूम करके देखा है। इतना ही नहीं, फोटो में मेरे शरीर के कुछ हिस्सों पर गोला बनाकर देखा जाता था और दूसरों के साथ शेयर किया जाता था। हुमा ने कहा कि लोग अक्सर मुझे वजन कम करने या सर्जरी कराने की सलाह देते थे। इतना ही नहीं, एक फिल्म समीक्षक ने मुझसे कहा। आपका चेहरा बहुत सुन्दर है। आप बहुत अच्छी अभिनेत्री हैं, लेकिन लीड एक्ट्रेस बनने के लिए आपका वजन 5 किलो ज्यादा है। यह सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ और मैं रोने लगी।



## स्पीड न्यूज

### आदिवासी छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में एसडीएम गिरफ्तार

झाबुआ। जिले की कोतवाली पुलिस द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी झाबुआ सुनील झा को छात्राओं से छेड़छाड़ संबंधी गंभीर मामले में मंगलवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि एसडीएम, झाबुआ, सुनील झा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। एसडीएम झाबुआ के खिलाफ अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम की अधीक्षिका सहित पीड़ित छात्राओं द्वारा छेड़छाड़ की गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई थी। कोतवाली पुलिस द्वारा सुनील झा के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में सुबह मामला दर्ज किया गया था और उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### मंत्री छगन भुजबल को धमकी देने वाला धराया

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के नेता एवं महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान कोल्हापुर निवासी प्रशांत पाटिल के रूप में की गई है। भुजबल ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि उनके कार्यालय पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसकी शिकायत कार्यालय की ओर से पुलिस को दी गई थी। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया।

### गैंगस्टर कसाना की 17 करोड़ की संपत्ति जब्त

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुख्यात बदमाश अमित कसाना की 17 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि गाजियाबाद का रहने वाला कसाना कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी का भांजा है। वह रणदीप भाटी गिरोह के शार्प शूटर के रूप में कुख्यात है।

### एलओसी घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई और इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि सतर्क जवानों ने सोमवार रात नौशेरा सेक्टर में एलओसी के पास आतंकवादियों के समूह की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया।

### असम में 16 करोड़ की हेरोइन बरामद

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी से एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से करीब 16 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर से साबुनदानी में छिपाकर हेरोइन लाई गई थी जिसे सोमवार को जब्त किया गया।

### गैंगस्टर बिश्नोई अस्पताल में भर्ती

चंडीगढ़। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को पंजाब के फरीदकोट शहर के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पिछले साल 29 मई को मनसा जिले में प्रसिद्ध गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए बिश्नोई और भगोड़े गोल्डी बराड़ को जिम्मेदार ठहराया है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई बठिंडा की जेल में बंद है।तबीयत बिगड़ने के बाद गैंगस्टर बिश्नोई को फरीदकोट मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन वार्ड में ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, गैंगस्टर तेज बुखार और पेट के संक्रमण से पीड़ित है और उसे एक वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

